


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि ...

पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह अमृतसर आईएएस... 11



वर्ष : 13 | अंक : 151 | पटना, मंगलवार, 09 सितम्बर, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 24.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 45% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,10,845 |
| चांदी | 1,27,000 |
| सेंसेक्स | 80,787 |
| निफ्टी | 24,773 |

## संक्षिप्त खबरें

### जम्मू कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया वहीं सेना का एक जवान घायल हो गया। यहां अधिकारियों ने यह जानकारी दी। धिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने गुडार वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाने के बाद तलाश अभियान मुठभेड़ में बदल गया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जम्मू कश्मीर पुलिस को खुफिया सूचना मिलने के बाद भारतीय सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने कुलगाम के गुडार जंगल में संयुक्त तलाश अभियान चलाया। इसमें कहा गया है कि सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और आतंकवादियों को ललकारा जिस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद दोनों ओर से भीषण गोलीबारी हुई और एक आतंकवादी मारा गया वहीं एक जूनियर कमीशन अधिकारी घायल हो गया। चिनार कोर ने बताया कि अभियान अभी जारी है।

### प्रख्यात पत्रकार संकर्षण ठाकुर का निधन

नई दिल्ली। देश के जाने-माने पत्रकार और द टेलीग्राफ अखबार के संपादक संकर्षण ठाकुर का 63 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार थे और गुरुग्राम के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन से पत्रकारिता जगत और राजनीति में गहरी शोक की लहर फैल गई है। संकर्षण ठाकुर का जन्म 1962 में पटना में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा सेंट जेवियर्स, पटना और दिल्ली से प्राप्त की और 1983 में दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज से राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री हासिल की। उन्होंने 1984 में संडे मैगजीन से अपने पत्रकारिता करियर की शुरूआत की। अपने करियर के दौरान, उन्होंने द टेलीग्राफ, इंडियन एक्सप्रेस और तेहलका जैसे प्रतिष्ठित प्रकाशनों में महत्वपूर्ण पदों पर काम किया। 2023 में वे द टेलीग्राफ के संपादक बने। संपादक बनने के बावजूद, वे लगातार ग्राउंड रिपोर्टिंग करते रहे, जो उनकी पहचान थी।

### अंचल कार्यालयों में तैनात किए जाएंगे अंचल गार्ड

पटना। जमीन से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु अंचल कार्यालयों में उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एक विशेष पहल की गई है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के अंचल कार्यालयों में अंचल गार्ड की प्रतिनियुक्ति का आदेश जारी किया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य अंचलाधिकारियों को विधि-व्यवस्था संधारण में सहयोग देना है। जारी निर्देश के अनुसार, हर अंचल कार्यालय में 1 से 4 गृहरक्षक बल (होम गार्ड) को अंचल गार्ड के रूप में तैनात किया जाएगा। इन गार्डों के प्रभारी सहायक अवर निरीक्षक, हवलदार या जिला पुलिस के सिपाही होंगे। जहां-जहां महिला अंचलाधिकारी या प्रखंड विकास पदाधिकारी तैनात हैं, वहां महिला पुलिस पदाधिकारी के साथ अंचल गार्ड की प्रतिनियुक्ति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी।

# महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा पर नीतीश सरकार का विशेष जोर

## तोहफा: सीएम नीतीश ने 80 पिंक बसों को किया रवाना

### बोलें- महिलाओं को आवागमन में होगी काफी सहूलियत

प्रात : किरण

पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य की महिलाओं को एक बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने महिलाओं के लिए विशेष रूप से चलाई जाने वाली 80 पिंक बसों को हरी झंडी दिखाई। इन बसों में ड्राइवर और कंडक्टर भी महिलाएं होंगी, जिससे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। यह कार्यक्रम सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सरकारी आवास पर आयोजित किया गया, जहां उन्होंने 1,065 बसों में ई-टिकट सुविधा का भी उद्घाटन किया। इस पहल से बिहार के विभिन्न जिलों में महिलाओं के लिए यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की 1,065 बसों में ई-टिकटिंग सुविधा लागू करने का शुभारंभ किया तथा द्वितीय चरण में नई 80 पिंक बसों का लोकार्पण भी किया। इन बसों में केवल महिलाएं ही यात्रा कर सकती हैं। इन पिंक बसों के परिचालन से महिलाओं का सफर ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक होगा और उन्हें आवागमन में काफी सहूलियत होगी। साथ ही ई-टिकटिंग की व्यवस्था से राज्य के लोगों को विभिन्न जगहों पर यात्रा करने में सुगमता होगी। बिहार में विशेष तौर पर महिलाओं के लिए पिंक बस चलाई जा रही है। इस बस में सभी तरह की सुविधाएं रहती हैं। बस में कंडक्टर के साथ-साथ कोशिश यह होती है कि इस बस का ड्राइवर भी महिला ही रहे, जिससे सुरक्षा बनी रहे। पिंक बस की कंडक्टर सविता कुमारी ने कहा, यह सरकार की अच्छी पहल है, इससे महिलाओं को काफी फायदा मिलेगा। बस में महिलाओं के लिए सुरक्षा का विशेष प्रबंध किया गया है। बस में मेडिकल सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। कंडक्टर पिंकी कुमारी ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए बस में तीन कैमरे लगाए गए हैं। दूरदराज जाने वाली महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। अगर बस में गर्भवती महिला सफर करती है तो उनके लिए अलग से सीट है, साथ ही कंडक्टर भी उनका विशेष ध्यान देंगी। उन्होंने आगे बताया कि महिलाओं से सफर के दौरान फीडबैक भी लिया जाएगा, जिससे सुविधाओं में सुधार लाने में मदद मिलेगी। सभी बसें राज्य के विभिन्न जिलों में चलेंगी, जिन्हें कंट्रोल रूम से मॉनिटर किया जाएगा।



### बिहार की महिलाओं के पास 100 बसों का बेड़ा

बताते चलें कि इससे पहले 16 मई 2025 को मुख्यमंत्री ने 20 पिंक बसों की शुरूआत की थी। राजधानी पटना में आज इन बसों की शुरूआत के साथ अब राज्य में पिंक बसों की संख्या 100 हो गई है। पटना में पहले से 8 बसें चल रहीं थीं। 80 और बसों के आ जाने से पटना को 22 और बसें मिल गई हैं। जिसके बाद राजधानी में पिंक बसों की संख्या 30 हो गई है। परिवहन विभाग के अनुसार इन 80 बसों के बंटवारे में भागलपुर और पूर्णिया में 8-8 और नई पिंक बसें मिल गई हैं। जिससे इन दोनों जिलों में कुल 10-10 पिंक बसें हो जाएंगी। इसी तरह, गया और दरभंगा को भी 13-13 बसें दी गई हैं। जिसके बाद अब दोनों जिलों में 15-15 पिंक बस हो गई हैं। इसके अलावा मुजफ्फरपुर में 16 नई पिंक बसें मिलने के बाद 20 पिंक बसें हो जाएंगी।

## मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर की घोषणा

## सौगात: आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय में बढ़ोतरी

### समेकित बाल विकास सेवाएं और बेहतर होंगी : नीतीश

- सेविका का मानदेय 7,000 रुपए से बढ़कर हुआ 9,000
- सहायिका का मानदेय 4,000 रुपए बढ़कर 4,500 रुपए

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की एनडीए सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं को बड़ी सौगात दी है। नीतीश कुमार ने आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी का ऐलान कर है। अब सेविकाओं को 9,000 रुपये और सहायिकाओं को 4,500 रुपये मासिक मानदेय मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसकी जानकारी खुद सोशल मीडिया के जरिए दी। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राज्य में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के पोषण एवं जीवन स्तर में सुधार करने में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनकी इसी भूमिका का सम्मान करते हुए हम लोगों ने उनके मानदेय में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। अब आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 7,000 रुपए से बढ़ाकर 9,000 रुपए तथा आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय 4,000 रुपए बढ़ाकर 4,500 रुपए करने हेतु विभाग को निर्देशित किया गया है। सीएम नीतीश कुमार ने पोस्ट में आगे लिखा, नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हम लोगों ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पोषण तथा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है तथा इसके लिए समेकित बाल विकास परियोजना के माध्यम से 6 प्रकार की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इन सेवाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लाभुकों को उपलब्ध कराने में आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं सहायिकाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके अहम योगदान को देखते हुए उनकी मानदेय राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। इससे सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं का मनोबल बढ़ेगा तथा समेकित बाल विकास सेवाएं और

### बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार करने में सेविकाओं एवं सहायिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका: सीएम

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार करने में सेविकाओं एवं अंगनवाड़ी सहायिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। गौरतलब है कि नवम्बर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही नीतीश कुमार गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण सुधार को लेकर लगातार काम करते रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए छह तरह की सेवाएं लाभुकों तक पहुंचाई जाती हैं। इन सेवाओं की गुणवत्ता और भरोसेमंदी में आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं का बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री ने सेविकाओं और सहायिकाओं को मानदेय बढ़ाकर तो राहत दी ही है। इसे चुनावी साल में बड़ा मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। यह राज्य के हर वर्ग को खुश करने की कोशिश है। हाल के महीनों में उन्होंने महिलाओं, किसानों, युवाओं और कर्मचारियों को लेकर कई बड़े फैसले किए हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन कदमों से न सिर्फ योजनाओं का असर बढ़ेगा, बल्कि जनता के बीच नीतीश सरकार की पकड़ भी और मजबूत होगी।

### मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पत्रकार संकर्षण ठाकुर के निधन पर जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वरिष्ठ पत्रकार एवं द टेलीग्राफ के संपादक संकर्षण ठाकुर के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि संकर्षण ठाकुर का निधन पत्रकारिता जगत के लिये एक अपूरणीय क्षति है। संकर्षण ठाकुर पत्रकारिता जगत के एक जाने-माने नाम थे। उन्होंने बिहार की राजनीति से संबंधित पुस्तकें लिखीं हैं जिनमें अकेला आदमी तथा द ब्रदर्स बिहारी प्रमुख हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में इनके महत्वपूर्ण योगदान को हमेशा याद किया जायेगा।

## एसआईआर: सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश आधार को माना जाए 12वां दस्तावेज

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आधार को 12वें निर्धारित दस्तावेज के रूप में शामिल करे। फिलहाल, बिहार में एसआईआर के लिए 11 निर्धारित दस्तावेज हैं जिन्हें मतदाताओं को अपने प्रपत्रों के साथ जमा करना होगा। हालांकि, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने स्पष्ट किया कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा और आयोग मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए मतदाता द्वारा प्रस्तुत आधार कार्ड संख्या की वास्तविकता का पता लगा सकता है। न्यायालय ने कहा कि कोई भी नहीं चाहता कि निर्वाचन आयोग अवैध प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करे। पीठ ने कहा कि यह स्पष्ट होना चाहिए कि केवल वास्तविक नागरिकों को ही मतदान करने की अनुमति हो और जाली दस्तावेजों के आधार पर वास्तविक होने का दावा करने वालों को मतदाता सूची से बाहर रखा जाए। पीठ ने निर्वाचन आयोग को पहचान के प्रमाण के रूप में आधार को स्वीकार करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा। शीर्ष अदालत ने मतदाताओं से आधार कार्ड स्वीकार नहीं करने के लिए निर्वाचन अधिकारियों को जारी कि, गए कारण बताओ नोटिस पर भी आयोग से स्पष्टीकरण मांगा। आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने दलील दी कि मसौदा मतदाता सूची में शामिल 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 99.6 प्रतिशत ने दस्तावेज जमा कर दिए हैं और याचिकाकर्ताओं द्वारा आधार को 12वें दस्तावेज के रूप में शामिल करने के अनुरोध से कोई व्यावहारिक उद्देश्य पूरा नहीं होगा। पीठ ने आधार अधिनियम 2016 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों का हवाला दिया और कहा कि यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है, लेकिन इसे पहचान के प्रमाण के रूप में माना जा सकता है। एक सितंबर को, राजनीतिक दलों द्वारा समयसीमा बढ़ाने के लिए दायर कुछ अर्जियों पर सुनवाई करते हुए, शीर्ष अदालत को निर्वाचन आयोग ने सूचित किया था कि एसआईआर की कवायद के तहत बिहार में तैयार की गई मसौदा मतदाता सूची में दावे, आपत्तियां और सुधार एक सितंबर के बाद भी दायर किए जा सकते हैं, लेकिन मतदाता सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद इन पर विचार किया जाएगा। पीठ ने कहा कि मसौदा मतदाता सूची में दावे और आपत्तियां प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक दायर की जा सकती हैं।




## उपराष्ट्रपति का चुनाव आज, शाम तक परिणाम घोषित

- सीपी राधाकृष्णन एनडीए तो बी सुदर्शन रेड्डी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मतदान आज यानी मंगलवार को होगा और नतीजे शाम तक घोषित किए जाएंगे।

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी ने कहा है कि मतदान कल मंगलवार को संसद भवन के कमरा संख्या एफ-101, वसुधा में होगा। मतदान मंगलवार को सुबह 10 बजे शुरू होगा और शाम 5 बजे समाप्त होगा। राज्यसभा सचिवालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है, भारत के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी निर्वाचक मंडल में शामिल होने के पात्र हैं और इसलिए, चुनाव में भाग लेने के हकदार हैं। बयान के अनुसार, संसद भवन में मतदान की व्यवस्था 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी एवं राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मोदी द्वारा की जा रही है। बयान में कहा गया है, मतगणना उसी दिन शाम 6 बजे शुरू होगी और उसके तुरंत बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं और वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं, जबकि रेड्डी उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं।



उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले अब धीरे-धीरे गैर एनडीए और गैर इंडिया गठबंधन राजनीतिक दलों ने अपने पत्ते खोलने शुरू कर दिए हैं। दक्षिण के दो राज्यों तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के सियासी दलों को रिझाने की दोनों गठबंधनों की मुहिम के बीच दो तटस्थ दलों- नवीन पटनायक की पार्टी बीजू जनता दल (बीजेडी) और तेलंगाना की विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के मतदान में भाग नहीं लेने की संभावना है, क्योंकि ये दोनों दल दोनों ही गठबंधनों से समान दूरी बनाए रखना चाहते हैं। दूसरी तरफ, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी की पार्टी वायएसआरसीपी ने इंडिया गठबंधन को झटका देते हुए एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को अपना समर्थन देने का ऐलान किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पार्टी सांसद अयोध्या रामी रेड्डी ने इसकी पुष्टि की है। फिलहाल जगनमोहन रेड्डी की वायएसआरसीपी किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं है। बावजूद इसके अपने पुराने राज्य के निवासी और विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी का समर्थन नहीं करने का फैसला किया है। हालांकि, हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने रेड्डी का समर्थन करने का फैसला किया है। बीजेडी और बीआरएस के सूत्रों ने कहा कि उनकी पार्टी का शीर्ष नेतृत्व कल मतदान से पहले अंतिम फैसला लेगा लेकिन, फिलहाल, उनका मानना है कि मतदान से दूर रहना ज्यादा उचित विकल्प होगा। बता दें कि एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी पर अच्छी बढ़त बनाए हुए हैं।

एनडीए उम्मीदवार को 439 सांसदों का समर्थन प्राप्त है, जबकि इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार को 324 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। मंगलवार को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव में सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन और विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के बीच सीधा मुकाबला है। इस बार दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत से हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से जबकि रेड्डी तेलंगाना से हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव को विपक्ष ने वैचारिक लड़ाई बताया है, जबकि संख्याबल सत्तारूढ़ गठबंधन के पक्ष में है।

**लोकार्पण** प्रख्यात लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक में नीतीश कुमार के संघर्ष और विकासोन्मुख सोच को शब्दों में पिरोया

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आधारित पुस्तक 'विकास पुरुष' का भव्य लोकार्पण

- वक्ताओं ने कहा- नीतीश कुमार ने बिहार के अस्तित्व को पुन: स्थापित करने का किया काम

प्रात : किरण

पटना। प्रख्यात लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के व्यक्तित्व और कार्यों पर आधारित पुस्तक विकास पुरुष का लोकार्पण बिहार विधान परिषद सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार विधान परिषद उपसभापति प्रो राम वचन राय ने किया। लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने बताया कि इस पुस्तक के माध्यम से उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संघर्ष, दृष्टिकोण और विकासोन्मुख सोच को शब्दों में पिरोने का प्रयास किया है। विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री को विकास कार्यों को प्रारंभिक दौर से देखता आ रहा हूँ। इन्होंने विकास कार्य को प्राथमिकता दी है। लेखक मुरली जी ने इस पुस्तक के माध्यम से नीतीश सरकार की क्षवि को बहुत ही करीने से प्रस्तुत करने का सफल प्रयास किया है। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा- बिहार का गौरवशाली इतिहास है। नीतीश जी ने बिहार में बसावट तक कनेक्टिविटी कर बिहार को विकसित राज्य बना दिया है। मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने विकास पुरुष पुस्तक में उन सारे विकासात्मक तथ्यों को भी उजागर किया है जो नई पीढ़ी को जानना बहुत जरूरी है। विशिष्ट अतिथि प्रो. नवल किशोर यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री के विकास कार्य ही उनकी पहचान है। नीतीश जी खुद में ही इतिहास पुरुष बन चुके हैं। बिहार धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नन्दन ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कार्य बोल रहा है। इन्होंने इतना कार्य किया है कि पूरी दुनिया इनकी मुरीद है। पूर्व मंत्री श्याम रजक ने अपने सम्बोधन में कहा कि नीतीश जी ने बिहार के विकास में खुद को पूरी तरह झोंक दिया आज उसी का नतीजा है कि बिहार अलग पहचान कायम कर चुका है।



वरिष्ठ पत्रकार सुजीत झा ने कहा नीतीश जी की कार्यशैली ही उनकी पहचान बन चुकी है। इन पर इतना बेहतर काम किया है मुरली जी ने यह गौरव की बात है। किरण पब्लिकेशन के प्रबंधक निदेशक संकेत कुमार ने कहा हम गर्व करते हैं कि बिहारी हैं और मुख्यमंत्री ने बिहार के अस्तित्व को पुनः स्थापित कर दिया। किरण पब्लिकेशन समूह के सीएमडी सत्यनारायण प्रसाद ने कहा मेरे लिए गौरव का क्षण है कि साहित्यिक पुस्तक पहली बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हमारे पैनग्राम पब्लिशर्स ने प्रकाशित किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिहार विधान परिषद के उपसभापति प्रो रामवचन राय ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि यह कृति नीतीश कुमार के राजनीतिक जीवन, सुशासन, और बिहार के विकास में उनके योगदान को गहराई से उजागर करती है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक नई पीढ़ी को प्रेरणा देने का कार्य करेगी। मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन प्रो जितेंद्र कुमार ने किया और उन्होंने अपील किया कि हमलोगों को अब सम्मान में इस तरह की पुस्तक को भेंट करने का संकल्प लेना चाहिए। इससे लोगों में पुस्तक पाठन के प्रति रुचि बढ़ेगी और जानकारी भी प्राप्त होगी। कार्यक्रम में किरण पब्लिकेशन समूह की निदेशक रेणु प्रसाद, कवि समीर परिमल, प्रो अरुण सिंह, प्रो सुहेली मेहता, पंकज सिंह, अरुण कुमार, रणजीत कुमार, मृत्युंजय सिंह, अनिशा सिन्हा, अतुल कुमार, अमरजीत कुमार, अमित शाखेर, संतोष तिवारी, आलोक पाठक, राकेश कुमार, किशु, काव्या, अंजुम आरा, अनुराग सिन्हा, गौरव कुमार, नीतीश शर्मा, अंकित कुमार, रामजी सहित कई गणमान्य अतिथि, बुद्धिजीवी, लेखक और पत्रकार उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अतिक्रमण के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया

दानापुर नगर परिषद द्वारा सगुना मोड़ से लेकर हाथीखाना मोड़ तक लगने वाली जाम को देखते हुए अतिक्रमण के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। सोमवार को कार्यपालक पदाधिकारी नगर व्यवस्था पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ दस्ता सगुना मोड़ पहुंची। जिसे खगौल रोड व सगुना मोड़ के आस पास में लोगों में हड़कंप मच गया। दस्ता को देखते ही सड़क किनारे अतिक्रमण कर दुकान आदि लगाने वाले लोग अपने सामान समेट कर भागने लगे। जैसे ही टीम सगुना से हाथीखाना मार्ग में प्रवेश की। वैसे ही सड़क किनारे मांस मछली व सब्जी समेत अन्य अतिक्रमण करने वाले लोग अपना सामान लेकर भाग निकले। इस क्रम में दर्जन भर से अधिक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान अतिक्रमण करने वालो से दंड स्वरूप 15 हजार रुपए वसुले गये। श्री सिंह ने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। अतिक्रमण के कारण बराबर लोगो को जाम की समस्या झेलना पडता है।

### एक अपराधी को देशी लोडेड कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया

दानापुर नगर के खगौल। थाना क्षेत्र के अंतर्गत पलिस ने नवरत्नपुर से एक अपराधकर्मी को एक देशी लोडेड कट्टा के साथ गिरफ्तार किया।गिरफ्तार स्थानीय निवासी बब्लू कुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा के खिलाफ खगौल थाना में पहले से तीन मामले दर्ज हैं। सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पुअनि संजीव कुमार, कांड 305/25 के अनुसंधान में नवरत्नपुर निवासी अभियुक्त बब्लू कुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा के घर गये थे। वहां परिजन व अन्य लोगों ने बताया कि बब्लू पिस्तौल रखे हुए हैं और सभी लोगों को डराते धमकाते रहता है। सूचना संज्ञान में आते ही सिटी एसपी पश्चिम और खगौल थानाध्यक्ष त्वरित कार्रवाई करते हुए बब्लू को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके घर से एक देशी कट्टा तथा 315 बोर का एक जिंदा कारतुस और एक खोखा के साथ बब्लू को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ खगौल थाना में खगौल थाना में काण्ड सं0-237/20 ,काण्ड सं 62/15, काण्ड सं172/14 पहले से दर्ज है।अब कांड सं 306/25 आर्म्स एक्ट का दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बकाया राशि के लिए किसानों ने किया प्रदर्शन

फतुहा। सोमवार को फोरलेन के मौजीपुर-विक्रमपुर स्थित मेट्रो की कास्टिंग यार्ड पर बकाया राशि की भुगतान के लिए पीड़ित किसानों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने एजेंसी के प्रोपराइटर का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। किसानों ने बताया कि यदि चार दिनों के अंदर हमलोगों की बकाया राशि का भुगतान नहीं होता है तो आगामी शुक्रवार से काम बाधित कर दिया जाएगा। किसान साधु राय, रामपुकार सिंह आदि ने बताया कि मेट्रो की कास्टिंग यार्ड के लिए हमलोगों की 14 एकड़ जमीन नूतन इंटरप्राइजेज नामक एजेंसी द्वारा लीज पर ली गई थी। इधर पिछले दो माह से किराये की राशि का भुगतान नहीं हुआ है जबकि तीसरा महीना भी आने को है। बकाया राशि मांगे जाने पर एजेंसी मालिक द्वारा टालमटोल की जा रही है। वहीं नूतन इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अमरजीत सिंह ने बताया कि मेट्रो के वरीय अधिकारियों द्वारा पिछले दो महीने से भुगतान नहीं किया गया है। मेट्रो कंपनी से भुगतान होते ही किसानों के बकाए राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। मौके पर दर्जनों किसान मौजूद थे।

### पीएम एलपीजी पंचायत का आयोजन

फतुहा। दनियावां के हाई स्कूल में सोमवार को पीएम उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के बीच गैस कनेक्शन के साथ सिलेंडर और चूल्हा का वितरण किया गया।इस मौके पर विमला भारत गैस के ग्रामीण वितरक प्रियदर्शी ने उपस्थित लाभार्थियों को एलपीजी की सुरक्षा, महिलाओं के सशक्तिकरण में इस योजना की भूमिका के बारे में बताया। मौके पर पूर्व प्राचार्य डॉ दिवेश नंदन प्रसाद ने संबोधित करते हुए बताया कि इस योजना से ग्रामीण जीवन में कैसे बदलाव आया है। इस योजना से पर्यावरण और महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार की बातें बताई गई। मौके पर दनियावां हाई स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन प्रसाद,मुखिया नवनीत कुमार, मध्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुमुद कुमारी, समरजीत कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग ने भी पंचायत को संबोधित किया।

# निक्षय मित्र दिवस की तीसरी वर्षगाँठ के अवसर पर जिलों में टीबी मरीजों को बांटे जाएंगे फूड पैकेट

## 9 सितंबर, 2023 को निक्षय मित्र पहल की हुई थी शुरूआत

- 51,805 फूड पैकेट का किया जा चुका है वितरण
- 18640 टीबी मरीजों को लाभ पहुँचाया जा चुका है




प्रात : किरण संवाददाता

पटना। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र पहल की शुरूआत 9 सितंबर, 2023 को माननीय राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा नई दिल्ली में हुई थी. पहल की तीसरी वर्षगाँठ पर 9 सितंबर को नई दिल्ली में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. राज्य आईईसी पदाधिकारी, टीबी, बुशरा अजीम ने बताया कि इस अवसर पर राज्य के चयनित जिलों में टीबी मरीजों को फूड पैकेट वितरित किए जाएंगे. इसके लिए पंचायत प्रतिनिधि, मेडिकल कॉलेज एवं इंडियन आयल कारपोरेशन से बात की गयी है. उन्होंने बताया कि 8 सितंबर 2025 तक 4773 निक्षय मित्र द्वारा अब तक 51,805 फूड पैकेट का वितरण किया जा चुका है. इससे राज्य के 18,640 टीबी मरीजों को अपने पोषण स्तर में सुधार लाने में सहायता प्राप्त हुई है।

बुशरा अजीम ने बताया कि कोई भी सामाजिक संस्था, समाजसेवी, सरकारी या प्राइवेट अधिकारी या कर्मचारी के अलावा आम नागरिक भी अपनी क्षमता अनुसार गरीब एवं जरूरतमंद टीबी मरीज को गोद ले सकते हैं. इसके लिए यक्ष्मा विभाग से संपर्क कर निक्षय मित्र पोर्टल पर वो अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है. उन्होंने बताया कि गोद लिए गए टीबी मरीजों को इलाज की अवधि के दौरान या कम से कम 6 महीना तक पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है. जिससे वो अपनी पोषण की कमी को दूर कर सकेंगे।

उन्होंने सक्षम व्यक्तियों, राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील किया कि आगे आएं और टीबी रोगियों को पोषण सहायता प्रदान कर उनको जल्द स्वस्थ होने में मदद करें. यह एक सामाजिक कर्तव्य होगा और इससे गरीब टीबी रोगियों की पोषण की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

# सीएम नीतीश ने जननायक कर्पूरी ठाकुर पुस्तकालय का किया उद्घाटन



प्रात : किरण संवाददाता

पालीगंज : विधानसभा क्षेत्र के दुल्हिनबाजार प्रखंड अंतर्गत लाला भदसारा गाँव में नवनिर्मित जननायक कपूर्री ठाकुर पुस्तकालय का उद्घाटन किया` इस दौरान मुख्यमंत्री ने पुस्तकालय में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों से मिलकर पुस्तकालय में उपलब्ध व्यवस्था के बारे में जानकारी ली एवं विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग के लिए आश्वासन दिया` उन्होंने कहा कि बिहार की एनडीए सरकार विद्यार्थियों के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं, कई कॉलेजों का निर्माण कराया गया है एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति आदि की व्यवस्था की गई है` इस दौरान उन्होंने कहा एमएलसी रविन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा अनुशंशीत राशि से बनाया गया यह पुस्तकालय इस क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों की उन्नति के लिए सार्थक प्रयास है` विदित हो कि एमएलसी रवीन्द्र प्रसाद सिंह के पहल पर उक्त पुस्तकालय का नाम भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर पुस्तकालय रखा गया है` उद्घाटन के दौरान एमएलसी रवींद्र प्रसाद सिंह, पूर्व खाद आयोग के सदस्य सह राज्य कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर कुशवाहा, पूर्व विधायक जयवर्धन यादव, मुखिया अरविंद कुमार मौर्य , प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष यशवंत कुशवाहा, पटना जिला उपाध्यक्ष रवि शंकर कुशवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मन्ना कुशवाहा एवं सिंधु कुमार समेत एनडीए के सैकड़ो कार्यकताओं ने सीएम नीतीश कुमार का स्वागत किया ।

# बाइक सवार बदमाशों ने न्यायालय के मुंशी को गोली मार कर किया जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नरगद्दा गांव के नजदीक बाइक सवार बदमाशो ने बाइक सवार न्यायालय के मुंशी उपेन्द्र कुमार को गोली मार कर जख्मी कर दिया। घटना के बाद बदमाश भाग निकले। जख्मी मुंशी ने अपने परिवार को फोन कर घटना की सूचना दी। उसे लेकर सगुना मोड़ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद घटना की जानकारी लेते हुए मामले की छानबीन जुट गये। वही जख्मी के ब्यान पर पुलिस ने पूर्व पार्षद पुत्र समेत दो लोगो के विरूद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई तेज कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सगुना के मुल निवासी बिजेन्द्र सिंह के पुत्र उपेन्द्र कुमार वर्तमान में शाहपुर थाना क्षेत्र के मुरारचक मे रहते है। बताया जाता है कि सुबह करीब साढे 10 बजे उपेन्द्र अपने बाइक से न्यायालय जाने के लिए निकले। इसी दौरान नरगद्दा गांव के नजदीक पीछे से बाइक पर सवार दो बदमाश ने उसे पीछे से गोली मार दी। जो उसके पीठ से होते हुए उसके गर्दन से होते हुए निकल गया। जिससे वे जख्मी हो गये। जख्मी अवस्था में उपेन्द्र ने अपने परिवार को फोन कर सूचना दी। सगुना मोड़ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंचे उपेन्द्र के पुत्र रवि ने बताया कि खुद फोन कर पापा गोली मारे जाने की सूचना दी। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि घटना के पीछे आपसी विवाद बताया जा रहा है। वार्ड चुनाव के समय से विवाद की बात सामने आ रही है। जख्मी ने अपने ब्यान में आशिष समेत दो लोगो के आरोपित किया है। नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी भानु प्रताप सिंह बाइक सवार बदमाशो ने कोर्ट के निजी मुंशी उपेन्द्र कुमार को गोली मारकर जख्मी कर दिया। घटना स्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरों की फूटेज खंगाली जा रही है। जख्मी ने घटना में शामिल बदमाश की पहचान की है।

# अर्पणा बाला संभालेंगी वैश्विक चित्रगुप्तवंशीय महिला परिसंघ की बागडोर

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। चित्रगुप्तवंशीय समाज के संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। वैश्विक स्तर पर चित्रगुप्तवंशीय समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से गठित ह्ववैश्विक चित्रगुप्तवंशीय परिसंघह्व ने अपने महिला प्रकोष्ठ की कमान पटना निवासी अर्पणा बाला को सौंप दी है। यह निर्णय रविवार को संगठन की विशेष बैठक में लिया गया। वैश्विक चित्रगुप्तवंशीय परिसंघ का गठन समाज को एक वैश्विक मंच देने, उसकी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने और सामाजिक-संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से किया गया है। हाल ही में मास्को निवासी राहुल कुमार को रूस का राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली निवासी शशांक शेखर को भारत का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया गया था। अब महिला प्रकोष्ठ का नेतृत्व अर्पणा बाला के हाथों में सौंपा गया है। अर्पणा बाला की नियुक्ति केवल संगठनात्मक निर्णय नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल है। महिला प्रकोष्ठ का उद्देश्य समाज की महिलाओं को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है, इसके लिए उनके कौशल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना होगा। अर्पणा बाला ने इस अवसर पर कहा है कि वे समाज की बेटियों और महिलाओं को अधिक जागरूक, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करेगी। ह्ववैश्विक चित्रगुप्तवंशीय महिला परिसंघह्व का फोकस न केवल महिलाओं को संगठित करने पर होगा, बल्कि युवाओं को भी सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने पर होगा। अर्पणा बाला ने कहा है कि वे समाज की नारी शक्ति को जागरूक कर सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने के साथ-साथ आधुनिक युग की चुनौतियों के लिए तैयार करेगी। संगठन के मीडिया प्रभारी शिवम जी सहाय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि यह नियुक्ति समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देगी और आने वाले समय में कई रचनात्मक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने अर्पणा बाला को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा है कि अर्पणा बाला की नियुक्ति समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह कदम इस बात का संकेत है कि चित्रगुप्तवंशीय समाज अब महिला नेतृत्व को न केवल स्वीकार कर रहा है, बल्कि उसे सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम भी उठा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि उनके नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ समाज में नई ऊर्जा का संचार करेगा और आने वाली पीढ़ियों को संगठनात्मक शक्ति का महत्व समझाएगा।

# हिन्दी दिवस पर लायंस क्लब द्वारा निबंध की प्रतियोगिता व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



पटना : जिले के समनपुरा राजा बाजार स्थित वेस्ट पॉइंट स्कूल में सोमवार को लायंस क्लब ऑफ पटना फेवरेट द्वारा साक्षरता दिवस परियोजना, मधुमेह एवं समूह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों के लिए हिंदी दिवस पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान छात्रों ने एक से बढ़ कर एक स्लोगन लिखा। छात्रों को उनके उत्कर्ष परिणाम के लिए लायंस क्लब पटना फेवरेट ने किताब, कॉपी, पेंसिल व चॉकलेट आदि देकर सम्मानित किया। मौके पर प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद ने पहला श्रेणी प्राप्त करने वाली छात्रा मारिया, जीनत, सकीना,रजिया, आयशा एवं आशिया समेत अन्य छात्रों को उन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित किया` कार्यक्रम में लायंस क्लब के चेयरपर्सन नुपुर प्रसाद, लायन अंजुम आरा, अध्यक्ष लायन पूजा मिश्रा, सचिव सुफिया अख्तर और कोषाध्यक्ष अनीता कुमार शामिल थीं। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष पूजा मिश्रा की देखरेख में सफलतापूर्वक किया गया। मौके पर वेस्ट पॉइंट स्कूल की प्राचार्या फौजिया खान अतिथियों का स्वागत किया एवं धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# सिटी ताइक्वांडो क्लब ने जीता पटना जिला इनविटेशनल ताइक्वांडो टूनार्मेंट का खिताब



प्रात : किरण संवाददाता

पटना : जिले के सिटी सेंट्रल मॉल में पटना जिला ताइक्वांडो संघ और सिटी सेंटर मॉल के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित पटना जिला इन्वीटेशनल ताइक्वांडो टूनार्मेंट सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में सिटी ताइक्वांडो क्लब ओवरऑल चैम्पियन टीम घोषित हुई वहीं क्रिसेंट कान्वेंट स्कूल की टीम उपविजेता और प्लीजेंट वैली स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रहीं टूनार्मेंट मे पटना के आठ टीम से लगभग 150 खिलाड़ी भाग लिए। आयोजन सचिव जेपी मेहता ने बताया कि इस टूनार्मेंट मे तीन ईवेंट पुमशे, स्पीड किकिंग और फाइटिंग ईवेंट हुई, सभी विजेता टीम एवं खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू एवं क्रिसेंट कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर शालु श्रॉफ ने किया मौके पर क्रीड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के राजीव रंजन यादव, विकास सिंह, सिटी सेंटर मॉल के अभिषेक गौरव आदि उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किए। सभी अतिथियों का स्वागत आयोजन सचिव जेपी मेहता व धन्यवाद ज्ञापन मॉल के मैनेजर अभिषेक गौरव ने किया। उक्त प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के प्रतिभागी हिमाद्री, रिषिका, अनमोल, भूमी, सुकृति, रिंकी, सुनिधि, गौरी, शुभ प्रिया, आराध्या, सिद्धी कोठारी, आरिका, परी, शेफाली, अवनी नारायण, आरोही शर्मा, दर्शनी, अंकिता, जैनब अली तथा बालक वर्ग के स्वप्निल, अभिनव, कौशिक, प्रतिक राज, आकाश, हर्ष वर्धन, रौनक, अनिकेत, हर्ष राज, रनबीर, आदित्य, यक्ष कुशवाहा, अर्पित, राज वर्धन, अनुराग, आरब राज, प्रियांशु, आयुष देव, अंश कश्यप, मयंक राज, शिवांशु खत्री, रणबीर सिंह, रकक्षित ओझा को स्वर्ण पदक जीता` वहीं बालिका बर्ग के आर्या श्रीवास्तव, आकृति कुमारी, नित्या, गौरी, मायरा जोशी, प्रीती, पुषपम, देवांशी, रिधि, पिहु, राधिका शिवानी, स्मृति कुमारी, सिद्धी एवं बालक वर्ग के रजत पदक- मिसबाह शमशेर, अभिनव, आयुष्मान, विदयुत सिंह, आलोक, शिवंश, रौनक, रियांश, गणेश, सुर्या, मोहित शर्मा, चिरंजीव, अमिरुल इस्लाम, हुजैफा अमनुलला, प्रतीक अग्रवाल ने रजत पदक हासिल किया ` बालिका वर्ग के पाखी, अंशिका, शौर्य, आनवी, कयुरी राज, रौशनी, आनया अग्रवाल तथा बालक वर्ग के अरनव राज, रियांश, विश्वजीत, रमण राज, श्रेष्ठ राज, आलोक राजपूत, विराज अग्रवाल, सार्थक गुप्ता, अनिकेत, दिवयांशु, साहिल, रितिक, लक्ष्य राज, शौर्यता ने कांस्य पदक हासिल किए।

# पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में हिंदी वाक् प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता




पटना/हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में 01 से 26 सितंबर 2025 तक आयोजित राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है. इसी क्रम में हिंदी वाक प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ. इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कर्मियों ने भाग लिया. उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता के लिए पूर्व मध्य रेल के सभी विभागों को पूर्व में ही सूचित किया गया था. प्रतिभागियों को अपनी इच्छानुसार प्रतियोगिता में किसी एक विषय पर बोलना था. हिंदी वाक प्रतियोगिता हेतु 02 विषय पूर्व में ही निश्चित किए गए थे। 1. हिंदी भाषा के समक्ष चुनौतियाँ. 2. विकसित भारत का सपना। इस प्रतियोगिता के अवसर पर बोलते हुए उप महाप्रबंधक (राजभाषा) केशव त्रिपाठी ने कहा कि राजभाषा पखवाड़ा-2025 के अवसर पर राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार के निमित्त विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है. इससे रेलकर्मियों को राजभाषा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है एवं रेल कार्यालय में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। निर्णायक मंडल में अभिषेक कुमार, उप महाप्रबंधक (सामान्य), सरोज कुमार, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक-क्श मौजूद थे।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अभिषेक कुमार ने कहा कि राजभाषा के प्रचार प्रसार में इस प्रकार के कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका है. साथ ही उन्होंने हिंदी वाक्य-विन्यास और वर्तनी पर ध्यान देने को कहा. सरोज कुमार ने प्रतिभागियों को बधाइयाँ दीं तथा उन्हें नियमित पठन-पाठन करने को कहा. उनका कहना था कि जिस प्रकार शरीर के लिए भोजन की जरूरत पड़ती है उसी प्रकार हमारे मानसिक विकास के लिए निरंतर अध्ययनरत रहने की जरूरत है। इस प्रतियोगिता में कुल 06 पुरस्कार हैं : प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना के 03 (तीन). प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कर्मचारी प्रतिभागी के रूप में उपस्थित थे। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने मौके पर ही इस प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। इसके अनुसार सुश्री जुही बाला कर्ण, कनि. लेखा सहायक, लेखा विभाग को प्रथम स्थान, सौलत हिना, कार्यालय अधीक्षक, प्रशासन विभाग को द्वितीय स्थान, सुचित्रा, कार्यालय अधीक्षक, कार्मिक विभाग को तृतीय स्थान एवं मनीष राज, सामान्य सहायक, रमेश कुमार मिश्रा, मुख्य विधि सहायक एवं गणेश कुमार सहाय, मुख्य कार्यालय अधीक्षक को प्रेरणा पुरस्कार प्राप्त हुए। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक (राजभाषा) केशव त्रिपाठी ने किया।

# एम्स पटना में सात दिवसीय सुरक्षित नवजात शिशु और बचपन कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

## गर्भवती महिला को जागरूक करने की आवश्यकता : डॉ. दिवेन्दु भूषण

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। एम्स के रोगी सुरक्षा प्रकोष्ठ ने सुरक्षित नवजात शिशु और बचपन के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता पर एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम कार्यकारी निदेशक डॉ. एस वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। नोडल रोगी सुरक्षा अधिकारी डॉ. दिवेन्दु भूषण ने बताया कि नवजात शिशुओं और बचपन की सुरक्षा के बारे में हर गर्भवती महिला को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने नियमित वजन जाँच और टीकाकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यवाहक एमएस डॉ. अमित राज और डीन अकादमिक डॉ. संजय पांडे ने किया। इसमें प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. मुक्ता अग्रवाल, नियोनेटोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. भावेश कांत, डॉ. आरके मंडल, डॉ. रतेश नायर, डॉ. हर्षमुख जैन और कई अन्य संकाय सदस्य शामिल हुए। आने वाले सप्ताह में पोस्टर प्रस्तुति, आउटरीच कार्यक्रम, रंगोली प्रतियोगिता और सुरक्षा गार्डों को बीएलएस प्रशिक्षण जैसे कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है।

# डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाएं एनडीए कार्यकर्ता : उमेश



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सीतामढ़ी के बेलसंड विधानसभा में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की एनडीए सरकार विकसित बिहार के सपनों को साकार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी आम जनमानस के हित में निरंतर समर्पित रूप से कार्यरत है। श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2005 में सुशासन का नया अध्याय शुरू करते हुए बिहार को पिछड़ेपन के चंगुल से मुक्त कर विकास की राह पर अग्रसर किया। उनकी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि की घोषणा पर नीतीश कुमार गहरा आभार व्यक्त किया, जो राज्य की बड़ी आबादी के जीवन स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना एवं 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली जैसी ऐतिहासिक घोषणाएं समाज के हर वर्ग के लिए हितकारी साबित होंगी। श्री कुशवाहा ने बताया कि सीतामढ़ी के पुनौराधाम में भव्य माँ जानकी मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस ऐतिहासिक परियोजना के लिए राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा 882 करोड़ 87 लाख रुपये की मंजूरी प्रदान की गई है। इसे पूरा होने से क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को नई दिशा एवं पहचान मिलेगी, साथ ही हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जो जिले के आर्थिक विकास को नई उछाल प्रदान करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी पाँच घटक दलों के कार्यकताओं से अपील की कि वे बेहतर समन्वय के साथ मिलकर डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाएं और बेलसंड सहित संपूर्ण बिहार में एनडीए की प्रचंड विजय सुनिश्चित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एकजुट प्रयास से आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए का परचम लहराएगा।

# सशस्त्र सीमा बल, सीमान्त के संदीक्षा सदस्यों द्वारा शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का किया गया आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सीमान्त मुख्यालय तथा 40 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पटना के तत्वाधान में दानापुर पटना स्थित जनकधारी उच्च माध्यमिक विद्यालय में सशस्त्र सीमा बल, सीमान्त पटना के संदीक्षा सदस्यों द्वारा एक शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संदीक्षा सदस्यों ने विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती अनिता भारती एवं शिक्षकों को पुष्प-गुच्छ भेंट कर सम्मानित कियो इस दौरान छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए संदीक्षा की कार्यवाहक अध्यक्षा श्रीमती सुभ्रा साहा रॉय ने कहा कि गुरु वो दीपक हैं जो अज्ञान के अन्धकार को ज्ञान की रोशनी से मिटा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान 10 वीं तथा 12वीं के छात्र- छात्राओं को संदीक्षा सदस्यों द्वारा कैरियर काउंसलिंग कर उनको अपने लक्ष्यों को पाने हेतु प्रेरित किया गया एवं सदस्यों द्वारा अपने छात्र जीवन के अनुभव को भी साझा किया` इस अवसर पर छात्र- छात्राओं के बीच मिष्ठान का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर में संदिक्षा सदस्यों एवं अध्यापकों द्वारा वृक्षारोपण कर प्रकृति से अपना संबंध मजबूत करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में सशस्त्र सीमा बल सीमान्त पटना की संदीक्षा सदस्य ज्योति जायसवाल, जयवती बरगोहाईं के साथ साथ सशस्त्र सीमा बल की महिला कार्मिक भी उपस्थित रहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्रकार संकर्षण ठाकुर के निधन पर राजद ने जताया शोक

पटना। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, प्रदेश राजद के अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी, पुर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, सांसद संजय यादव, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बीनु यादव , प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, अशोक कुमार सिंह, पुर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, एजाज अहमद सहित राजद परिवार के अन्य नेताओं ने दी टेलीग्राफ के संपादक रहे और दिग्गज पत्रकार संकर्षण ठाकुर के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपुरणीय क्षति हुई है। इन्हें वर्ष 2001 में राजनीतिक पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए प्रेम भाटिया पुरस्कार मिला था। इनके योगदान और कार्यो को हमेशा याद रखा जाएगा।

### बी सुदर्शन रेड्डी पर भाजपा सांसद का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण : कांग्रेस

पटना। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार श्री बी. सुदर्शन रेड्डी पर तथ्यहीन और अनर्गल आरोप लगाए हैं। श्री रेड्डी सामाजिक न्याय की लड़ाई और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के सशक्त उम्मीदवार हैं। राजेश राम और शकील अहमद ने कहा कि हम रविशंकर प्रसाद से पाँच सीधे सवाल पूछना चाहते हैं–क्या भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष को देश ने टीवी पर रिश्वत लेते नहीं देखा और क्या इसके लिए उन्हें सजा नहीं हुई ? क्या भाजपा ने जिन नेताओं को पहले भ्रष्टाचारी बताया, बाद में उन्हें गले लगाकर अपनी वॉशिंग मशीन में धोया नहीं–चाहे वह हेमन्त बिस्वा शर्मा हों या अजीत पवार ?क्या बिहार सरकार में भाजपा कोटे का एक मंत्री नकली दवाई मामले में सजायाफ़्ता नहीं है ? क्या बिहार में भाजपा-जेडीयू की सरकार पर 70 हजार करोड़ रुपये के गबन का आरोप नहीं है ? भारत के 15वें उपराष्ट्रपति का चुनाव क्यों कराना पड़ रहा है ? धनकड़ जी ने किन कारणों से इस्तीफा दिया, जबकि उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था ? श्री बी सुदर्शन रेड्डी जी ने सभी राष्ट्रीय राजनैतिक दल के अध्यक्षों से भेंट की उसी क्रम में बिहार के सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले लालू प्रसाद यादव जो की आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से भी भेंट की । उन्होंने कहा कि ये तथ्य किसी से छिपे नहीं हैं। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव कभी भी पार्टी सिंबल पर नहीं लड़ा जाता। श्री बी. सुदर्शन रेड्डी ने सभी सांसदों को पत्र लिखकर समर्थन माँगा है। भाजपा उनकी उम्मीदवारी से इसलिए भयभीत है, क्योंकि वे संविधान की मयादाओं के अनुरूप कार्य करेंगे, किसी व्यक्ति विशेष के निजी हितों के लिए नहीं।

### चुनाव आयोग की नकारात्मक सोंच का सुप्रीम कोर्ट से झटका : राजेश

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने जारी एक बयान में कहा है कि बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण मामले में आज सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय निर्वाचन आयोग की नकारात्मक सोच को करारा झटका दिया है। अदालत ने साफ कहा है कि आधार कार्ड को पहचान प्रमाण के रूप में 12वाँ दस्तावेज मानकर स्वीकार किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने तीसरी बार यह आदेश दिया है, लेकिन चुनाव आयोग ने बीजेपी ।जेडीयू के दबाव में आकर आधार कार्ड को मान्यता देने से इंकार किया और गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज के मताधिकार को छीनने की साज़िश रची। बूथ लेवल अधिकारियों तक को कारण बताओ नोटिस दिए गए, क्योंकि उन्होंने आधार कार्ड को स्वीकार किया था। यह न केवल लोकतंत्र का मजाक है बल्कि न्यायपालिका की खुली अवमानना भी है।

## राज्य के 22 जिलों में पपीते की खेती का होगा क्षेत्र विस्तार

# पपीते की खेती से किसानों की आय में होगी वृद्धि : विजय

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। उप मुख्यमंत्री सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2026-27 तक कुल दो वर्षों की अवधि के लिए पपीता विकास योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना पर कुल 01 करोड़ 50 लाख 75 हजार रुपये की लागत व्यय होगी। इसके अधीन वित्तीय वर्ष 2025-26 में 90 लाख 45 हजार रुपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि यह योजना केंद्र प्रायोजित है, जिसमें केंद्र और राज्य का अंशदान 40-40 प्रतिशत है। इसके साथ ही राज्य योजना मद से 20 प्रतिशत अतिरिक्त टॉप-अप का प्रावधान भी किया गया है, जिससे किसानों को और अधिक लाभ मिलेगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पपीते की खेती का क्षेत्रफल बढ़ाना, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करना तथा किसानों की आय में बढ़ोतरी सुनिश्चित करना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पपीता क्षेत्र विस्तार योजना अंतर्गत किसानों को दी जाने वाली अनुदान राशि का भुगतान दो वर्षों में 60:40 अनुपात में किया जाएगा। इस योजना के तहत पपीते की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 75 हजार रुपये की इकाई लागत प्रस्तावित है। पपीता उत्पादन के लिए 2.2 मीटर की दूरी पर पौधे लगाने की व्यवस्था की गई है, जिससे प्रति हेक्टेयर लगभग 2500 पौधों की आवश्यकता होगी। उन्होंने आगे कहा कि इकाई लागत 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर पर भारत सरकार की मार्गदर्शिका के अनुसार 40 प्रतिशत अनुदान और राज्य योजना से अतिरिक्त 20 प्रतिशत टॉप-अप के साथ कुल 60 प्रतिशत अर्थात 45 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर का अनुदान किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। यह राशि दो किस्तों में दी जाएगी, जिसमें पहली किस्त के रूप में 27 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर और दूसरी किस्त के रूप में 18 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर दिया जाएगा।

### खेल, शिक्षा और उद्योग में नया बिहार गढ़ रहे हैं नीतीश कुमार :जदयू

पटना। जदयू मीडिया पैनलिस्ट किशोर कुणाल ने फेसबुक लाइव संवाद के दौरान कहा कि आज बिहार खेल, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, युवा उत्थान और औद्योगिक विकास हर क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। नालंदा में आयोजित एशिया हीरो एशिया हॉकी कप में भारत की जीत इसका ताजा उदाहरण है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि बिहार अब खेल के वैश्विक नक्शे पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष सवाल करता है कि खेल में क्या हुआ जबकि सच्चाई ये है कि पूर्ववर्ती राजद सरकार ने अपने शासनकाल के दौरान राज्य में खेल के उपलब्ध संसाधनों, अकादमियों को सहेजने की बजाए बर्बाद करने का काम किया और बिहार की प्रतिभा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने से रोका। इसके विपरीत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की नींव रखी है, जिससे बिहार के युवाओं और युवतियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

## राष्ट्रीय प्रतीक के विरोधियों पर हो कार्रवाई : सम्राट

■ कहा-अशोक चिन्ह मगध के लिए गौरव की बात है

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में हजरतबल दरगाह में राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तंभ को तोड़े जाने को लेकर बिहार में सियासत तेज हो गई है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को राजद और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने प्रेस वार्ता में सम्राट अशोक को देश का स्वर्णिम काल देने वाला राजा बताया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में राष्ट्र का प्रतीक अशोक चिन्ह को जिस तरह अपमानित करने का काम किया गया और महागठबंधन के लोग इसे मामूली बता रहे हैं, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और चिंता का विषय है। सम्राट चौधरी ने कहा कि यह अशोक चिन्ह मगध के लिए गौरव की बात है।

इस गौरवशाली इतिहास को भी ये लोग मजाक बना रहे हैं। राष्ट्र के प्रतीक का जो भी विरोध करता हो, वह राष्ट्रद्रोही है और उस पर कार्रवाई करने की मांग राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल के नेता करेंगे क्या? उन्होंने कहा कि इसे लेकर जिस तरह का बयान कांग्रेस और राजद ने दिया है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि राष्ट्र विरोधियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस सांसद तारिक अनवर के बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे में एक व्यक्ति के पीठ पर सवार होने वाले वायरल वीडियो को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसे ही गोद में चलती है। उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि 55 साल के युवा अभी बिहार की सड़कों पर घूमे और फिर मलेशिया निकल गए, वहां तो टूरिस्ट ही भरे हुए हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजद-कांग्रेस के माई बहिन सम्मान योजना के फॉर्म भराने को लेकर कहा कि गैर संवैधानिक कार्य को लेकर कानून अपना काम करेगा। चुनाव में घोषणा पत्र जारी होता है, जनवरी में कौन चुनाव हो रहा था?

उन्होंने कहा कि लालू यादव तो एक अभिनेत्री के गाल की तरह सड़क भी बना रहे थे, बनी थी क्या? ये लोग ऐसे ही बयान देते रहते हैं। राष्ट्र हित में भारत बचेगा तब बिहार बचेगा, भारत का प्रतीक, अखंडता बचेगा तब बिहार बचेगा। लालू यादव पंजीकृत अपराधी हैं। लालू यादव को अगर कोई पुरस्कार मिल सकता है, तो सिर्फ चोरी का पुरस्कार मिल सकता है।

## एनडीए सरकार ने 20 सालों में बिहार को बनाया बेरोजगारी, पलायन व गरीबी का मुख्य केंद्र : तेजस्वी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादवने एक बार फिर राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला है। तेजस्वी ने एक बार फिर सरकार से 12 सवाल किया है। साथ ही तेजस्वी ने कहा कि एनडीए ने बिहार को बेरोजगारी,पलायन और गरीबी का मुख्य केंद्र बना दिया है। तेजस्वी यादव ने ट्विट कर कहा कि, 20 वर्षों से बिहार और 11 वर्षों से केंद्र में नीतीश-मोदी की सरकार रहने के बावजूद एनडीए सरकार ने बिहार को बेरोजगारी,पलायन और गरीबी का मुख्य केंद्र बना दिया है। उन्होंने कहा कि यह मैं नहीं साल दर साल भारत सरकार की नीति आयोग की रिपोर्ट कह रही है। कहा कि बिहार में केला, मकई, मखाना, चावल, गन्ना, आलू, लीची, आम इत्यादि अनेक विश्व प्रसिद्ध अनाज, फल, सब्ज़ियों का इतना उत्पादन होता है लेकिन इन सभी से संबंधित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग 20 वर्षों से बिहार में क्यों नहीं लगाए गए। 20 वर्षों की एनडीए सरकार बताए कि बिहार में आईटी कंपनियाँ क्यों नहीं बुलाई गयी? बिहार में आईटी पार्क क्यों नहीं बन सकते? डेयरी प्रॉडक्ट्स यानि दुग्ध उत्पादन संबंधित बड़े उद्योग क्यों नहीं लगाए जा सकते? इंडस्ट्री स्पेसिफिक क्लस्टर या उद्योग-विशिष्ट क्लस्टर क्यों नहीं लगाए जा सकते? बुनकर उद्योग, लघु उद्योग और हथकरघा उद्योग के लिए क्या किया? अब तक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित क्यों नहीं किया? सरकार नियुक्ति, भर्ती परीक्षा और प्रक्रिया को पारदर्शी तथा नियमित क्यों नहीं करती? का कि बिहार में अप्रत्याशित दर से पलायन क्यों बढ़ रहा है? 20 वर्षों में बिहार का कुल कितने लाख करोड़ रुपए शिक्षा और चिकित्सा के नाम पर दूसरे प्रदेशों में गया? बिहार के मानव संसाधन का कुल कितने प्रतिशत बिहार में और कितने प्रतिशत दूसरे प्रदेशों में कार्यरत है? नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि डबल इंजन की एनडीए सरकार बिहार के 8 करोड़ युवाओं के सीने में धधक रहे बेरोजगारी, पलायन और उद्योग-धंधों से संबंधित इन ज्वलंत सवालों पर मुँह ना छिपाए बल्कि सामने आकर जवाब दे।

## बिहार ने 20 सालों में विकास के क्षेत्र में नया आयाम किया हासिल : नित्यानंद

■ केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने तेजस्वी यादव को दी चुनौती

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने तेजस्वी यादव के ट्वीट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव को विकास और अराजकता में फर्क समझ में नहीं आता। अगर फर्क समझ में आता तो वह बिहार में हुए पिछले 20 साल के विकास पर सवाल नहीं खड़ा करते। तेजस्वी यादव को शायद मालूम नहीं है कि नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र में चल रहे एनडीए सरकार ने पिछले 10 सालों में बिहार के विकास के लिए 14 लाख करोड़ से ज्यादा धनराशि बिहार के विकास, तरक्की और प्रगति के लिए उपलब्ध कराया है.. वही तेजस्वी यादव को यह बताना चाहिए की उनके पूज्य पिताजी के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार 2004 - 14 में बिहार के विकास के लिए कितना फंड मिला ।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने विकास की गाथा की चर्चा करते हुए कहा कि पिछले 11 सालों में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में और 20 सालों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने बिहार के विकास में नई-नई मंजिलें स्थापित की है। प्रधानमंत्री माइक्रो फूड प्रोसेसिंग योजना के क्रियान्वयन में बिहार पूरे देश में नंबर वन राज्य है।

भागलपुर और बांका में भी वेजिटेबल फेडरेशन बन चुका है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री मंत्री ने कहा कि बिहार में बेरोजगारी लालू-राबड़ी के शासन की उपज है। लेकिन एनडीए सरकार ने बीते पांच वर्षों में 50 लाख युवाओं को रोजगार दिया है। अगले पांच साल में एक करोड़ युवाओं को नौकरी रोजगार देने का लक्ष्य है। श्री राय ने कहा कि डेयरी के क्षेत्र में भी बिहार ने काफी तेजी से तरक्की और प्रगति की है। आज बिहार इंडस्ट्रियल क्लस्टर मैं तब्दील हो चुका है। आज बिहार में 56 इंडस्ट्रियल एरिया और 12 पार्क बनकर तैयार है।

भागलपुरी सिल्क, मधुबनी पेंटिंग, टिकुली, आर्ट को जीआई टैग मिला है और इसे 40000 से ज्यादा बुनकर को सीधे तौर पर लाभ होगा। श्री राय ने आगे कहा कि बिहार आज बुद्ध पर्यटन के राजधानी पूरे दुनिया में मशहूर है।

बिहार में टूरिज्म अब ग्लोबल नशे में आ चुका है। नित्यानंद राय ने कहा कि पिछले 5 साल में में 3.5 लाख शिक्षक, 30,000 मेडिकल स्टाफ, 40,000 पुलिस बल नियुक्ति राज्य सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि राबड़ी-लालू राज में बिहारी को मजबूरी में पलायन करना पड़ा। जहां 2005 में नौजवानों का पलायन 11 प्रतिशत था वही 2025 में घटकर मात्र 2% पलायन रह गया है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने कहा कि बिहार में मछली उत्पादन 2.68 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 9.6 लाख मीट्रिक टन हो चुका है। जो पिछले 20 वर्षों में तीन गुना से अधिक की वृद्धि है।

## जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है फिजियोथैरेपी : प्रियदर्शी



■ वर्ल्ड फिजियोथेरेपी दिवस पर फिजियो फर्स्ट का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। वर्ल्ड फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर सोमवार को पटना के आईएमए हॉल केसभागारमें राज नर्सिंग एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के सौजन्य से फिजियो फर्स्ट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ एनपी प्रियदर्शी,निदेशिका पुष्पा प्रियदर्शी,प्राचार्य एके सोनी, न्यूरो सर्जन डॉ प्रदीप कुमार ऑर्थोपेडिक सर्जन प्रवीण साहू फिजिशियन बसंत पंचानन एमपी टी एंड हेड डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी डॉ विलियम ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर डॉ एनपी प्रियदर्शी ने कहा फिजियोथैरेपी जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है इसे जीवन में प्रत्येक दिन अपनाना चाहिए। अगर हम पूरी तरह से स्वस्थ रहना चाहते हैं तो हमे फिजियो थेरेपी को जरूर अपनाना चाहिए। वहीं, पटना के जाने माने न्यूरो चिकित्सक प्रदीप कुमार ने कहा न्यूरो मरीज जब गंभीर रूप से पीड़ित हो जाता है तब फिजियोथैरेपी के माध्यम से ही वह दूबारा चलने फिरने लायक बनता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के प्रिंसिपल डॉक्टर एक सोनी ने कहा कि आज फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में काफी बच्चे पढ़ाई कर अपना अलग मुकाम हासिल कर रहे हैं और इसमें नौकरी की भी अपार संभावनाएं हैं कार्यक्रम को अखिल भारतीय भौतिक चिकत्सक संघ के राष्ट्रीय महासचिव डॉ जेपीऐस बादल ने संबोधित करते हुए फिजियोथैरेपी की बहाली प्रखंड स्तर पर किए जाने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के छात्र-छात्राओं ने डॉक्टर सेजल के निर्देशन में बिहार के सांस्कृतिक झलक की प्रस्तुति करते हुए रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया इसके अलावा इस कार्यक्रम में डॉ सतीश कुमार प्रोफेसर मेडिसिन एन एम सी एच, डॉ अनूप गुप्ता डॉक्टर बरखा डॉक्टर प्रिया राधा के अलावे संस्थान के अन्य सींचेत्र कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भाजपा नेता वीरेन्द्र कुशवाहा ने राजद का थामा दामन

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमर राय एवं प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद के समक्ष भाजपा नेता वीरेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, प्रेम चंद कुशवाहा, रवीन्द्र प्रसाद कुशवाहा, जयराम प्रसाद, दरोगा राम, ललन प्रसाद सहित अन्य नेताओं ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि लालू प्रसाद जी और तेजस्वी जी की नीतियों और विचारों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में शिक्षक राजद से जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमर राय ने कहा कि लालू प्रसाद के सामाजिक न्याय के विचार और तेजस्वी यादव के नौकरी, बेहतर शिक्षा और रोजगार तथा बिहार के विकास कार्यो से प्रभावित होकर सैकड़ो की संख्या में भाजपा नेता और शिक्षक राजद की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रो पुनम कुशवाहा, डॉ लाल बाबू प्रसाद, डॉ धनंजय कुमार धनंजय एवं उपेंद्र चंद्रवंशी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## महागठबंधन सरकार बनाने में दलित सेना की होगी भूमिका : पारस

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी कार्यालय कौटिल्य नगर में दलित सेना के जिलाध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों की अहम बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस द्वीप प्रज्वलित कर लोजपा संस्थापक पद्म भूषण रामविलास पासवान के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनडीए की सरकार में दलितों पर अत्याचार बढ़ा है। आगे श्री पारस ने अपने दलित सेना के जिलाध्यक्षों को कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को हराने का काम करेगी और बिहार महागठबंधन की सरकार को बनाने के लिए दलित सेना के लोग जिला से लेकर प्रखण्ड और पंचायत तक बूथ स्तर पर दलित सेना कॉमिटी बनाकर महागठबंधन की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने का काम करेगी। आगे श्री पारस ने कहा कि खासकर बिहार सरकार ने पासवान जाति एवं अन्य दलितों के हक में सेंधमारी कर रही है इसकी लड़ाई दलित हमेशा लड़ती आ रही है। बैठक की अध्यक्षता दलित सेना के प्रदेश अध्यक्ष धनश्याम कुमार दाहा जी ने की। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री दाहा ने महागठबंधन में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को शामिल करने के निर्णय का स्वागत किया। बैठक में मुख्य सभी जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने अपना - अपना विचार रखा. बैठक में मुख्य रूप से अम्बिका प्रसाद बीनू, रणजीत पासवान, गोस्वामी पासवान, मनीष त्यागी, शिवनाथ पासवान, सर्फलाल पासवान, मदन पासवान, डोमा पासवान, जितेन्द्र पासवान, रविशचन्द्र पासवान, मोंझी पासवान, कार्यालय प्रभारी राधाकान्त पासवान आदि मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि का निर्णय ऐतिहासिक : उमेश

■ कहा- नीतीश सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक कल्याण के लिए निरंतर कार्यरत

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सोमवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि की घोषणा पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की और इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। साथ ही, उन्होंने नीतीश कुमार के प्रति हार्दिक आभार भी व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नवजात शिशु और गर्भवती महिलाओं के पोषण तथा जीवन स्तर में सुधार में आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक है। उनकी इसी भूमिका का सम्मान करते हुए नीतीश कुमार ने मानदेय में वृद्धि निर्णय लिया है। इससे आंगनबाड़ी में कार्यरत लगभग 2 लाख 40 हजार सेविकाओं और सहायिकाओं का मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा, और उनके परिवारों में आर्थिक संबल एवं खुशहाली का नया सृजन होगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि नीतीश सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक कल्याण और विकास की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्यरत है। सरकार का उद्देश्य है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसी मूलभूत सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचें, जिससे समाज के कमजोर वर्गों के जीवन में वास्तविक सशक्तिकरण और सकारात्मक बदलाव आए। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री 14 करोड़ बिहारवासियों को अपना परिवार मानकर दिन-रात जनहित में कार्यरत हैं, और यही दूरदर्शी नेतृत्व बिहार के हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन और समृद्धि ला रहा है।

## किसान चतुर्दिक विकास पत्रिका का बिहार विधान परिषद के सभागार में लोकार्पण



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार विधान परिषद के सभागार में सोमवार को किसान चतुर्दिक विकास पत्रिका का लोकार्पण सह सम्मान समरोह का उद्घाटन मुख्यअतिथि एमएलसी डॉ. उर्मिला ठाकुर ने दीप प्रज्वलीय कर किया। इसके उपरांत विशिष्ट अतिथि विजय मिश्र( बाबा ), डॉ. योगेंद्र कुमार ठाकुर, समाजसेवी रामनंदन सिंह ने किसान चतुर्दिक विकास पत्रिका का लोकार्पण किया। पत्रिका के संरक्षक, प्रकाशक और मुख्य सम्पादक जय लाल प्रसाद सिंह कुशवाहा के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आगत अतिथियों को जय लाल प्रसाद सिंह कुशवाहा ने सॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. ठाकुर ने कहा कि किसानों के समर्पित पत्रिका का प्रकाशन करने के लिए जय लाल प्रसाद सिंह कुशवाहा को धन्यवाद दिया तथा उन्होंने ने कहा कि किसान रोज अपने खेतों में जीतोड़ मेहनत कर अन्न का उत्पादन करता हैं, लेकिन उसके उचित प्रबंधन के लिए केंद्र और राज्य सरकार आजतक कोई कदम नहीं उठाया हैं। वही जय लाल प्रसाद सिंह कुशवाहा ने केंद्र और राज्य सरकार कि आलोचना करते हुए कहा कि किसान मेहनत कर अन्न उपजाता हैं, लेकिन उसका उचित कीमत नहीं मिलता हैं। इस मौके पर प्रदेश भर से आए किसानों, पत्रकारों एवं समाजसेवियों भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर महिला किसान इंदु देवी, युवा किसान उमाशंकर सिंह, समृद्ध किसान श्रीराम निवास मिश्र, उत्कृष्ट किसान अरविन्द कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार महतो, रामसागर राय, पत्रकार अरुण कुमार पाण्डेय, नमन मिश्रा,दयाशंकर तिवारी, भोलानाथ, कैलाश जी,मोहमद नवाब, मोहम्मद जियाउल हसन, डॉ. संजीव कुमार कुशवाहा, युवा संत सह पत्रकार नागमणि, डॉ. चरण दयाल सिंह यादव, रामपुकार, हरेराम यादव, बबलू सम्राट सहित अन्य को सम्मानित किया गया।

## गम में खुलकर मुस्कुराना चाहती हूं, आग पानी में लगाना चाहती हूं...

## हिन्दी पखवारा के चौथे दिन साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ कवयित्री सम्मेलन

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। स्त्री-मन के विविध रूपों और उनके संवेगों को अभिव्यक्ति देने वाली सुमधुर कविताओं और गीत-गजलों से बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन का सभागार सोमवार को संध्या तक मस्ती में डूबा रहा। अवसर था हिन्दी-पखवारा के अंतर्गत सम्मेलन में आयोजित कवयित्री सम्मेलन का। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस मधुर-गोष्ठी में दो दर्जन से अधिक कवयित्रियों ने अपने मन के उद्वेगों को शब्दों में अभिव्यक्ति दी। कवयित्री-सम्मेलन का उद्घाटन करती हुईं, पूर्व विधायक और विदुषी प्राध्यापिका प्रो किरण घई ने कहा कि हिन्दी भारत की आत्मा की भाषा है। इसलिए अपनी भाषा का अभिमान हमें अवश्य होना चाहिए। हमने स्वतंत्रता-संग्राम में हिन्दी को शास्त्र बनाया और विजयी हुए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक डा उषा विद्यार्थी ने कहा कि महान कवयित्री महादेवी वर्मा की नवीन पीढ़ियाँ आज तेजस्विनी रूप में हमारे समक्ष है, इससे हिन्दी की आशाएँ बढ़ती हैं। ये कवयित्रियाँ हमारी आशाओं की किरणें हैं। सुकंठी कवयित्री आराधना प्रसाद ने हिन्दी की महिमा में अपनी इन पंक्तियों को सस्वर दिया कि, दिया माँ ने जो बचपन में वही मुस्कान है हिन्दी/ जिसे आशीष में पाया वही वरदान है हिन्दी/ कभी गीतों में, गजलों में, कभी दोहे, रुबाई में / ये तुलसी, सूर, मीरा है, कभी रसखान है हिन्दी। शायरा जीनत शेख, मीरा श्रीवास्तव, कवयित्री डा पूनम आनन्द, डा पुष्पा जमुआर, डा विद्या चौधरी, डा सुमेधा पाठक, शायरा शमा कौसर शमा, डा शमा नासनीन नाजां, डा प्रतिभा पराशर, मधु रानी लाल, डौली बगड़िया, मीरा श्रीवास्तव, अनुपमा सिंह, राजकांता राज, सुनिता रंजन, पूनम कतरियार, कुमारी लता पराशर, डा प्रतिभा रानी, अमृता राय, पुनीता कुमारी श्रीवास्तव, ने भी अपनी रचनाओं से कवयित्री-सम्मेलन को यादगार बना दिया। मंच का संचालन कवयित्री सागरिका राय ने किया।

## पीएमसीएच के न्यूरो सर्जन डॉ कुमार अभिनव बिहार गौरव अवार्ड से हुए सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। पीएमसीएच में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन ( ब्रेन एण्ड स्पाईन ) डॉ कुमार अभिनव चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बिहार गौरव अवार्ड से सम्मानित किए गए हैं। बीते दिनों शिक्षक दिवस के मौके पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने डॉ अभिनव को मोमेंटों एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के मौके पर सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद चौरसिया, पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामकृपाल यादव समेत जाने-माने चिकित्सकगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। डॉ अभिनव को अवार्ड मिलने के बाद चिकित्सा जगत में खुशी की लहर है। पीएमसीएच सहित प्रदेशभर के चिकित्सकों के द्वारा उन्हे बधाई एवं शुभकामनाएं मिल रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### संकर्षण ठाकुर का निधन लोकतांत्रिक भारत के विचार के लिए एक गहरी क्षतिः दीपंकर भट्टाचार्य

मुजफ्फरपुर ।माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने प्रख्यात पत्रकार, लेखक और द टेलीग्राफ के संपादक संकर्षण ठाकुर के निधन पर गहरा शोक किया है। वे एक लंबी बीमारी से संघर्ष करते हुए इस दुनिया को अलविदा कह गए, लेकिन उनके विचार, लेखन और पत्रकारिता की निडर विरासत हमेशा हमारे साथ रहेगी।संकर्षण ठाकुर का कार्य बिहार, कश्मीर और भारत के लोकतांत्रिक भविष्य को समझने के लिए एक अनमोल दस्तावेज है. उन्होंने सत्ता के दबावों और प्रलोभनों से परे रहकर पत्रकारिता को एक सामाजिक दायित्व की तरह निभाया।आज जब मीडिया का एक बड़ा हिस्सा सत्ता का उपकरण बन चुका है, संकर्षण ठाकुर उन गिने-चुने पत्रकारों में से थे जो सच बोलने का जोखिम उठाते रहे।वे बिहार के सामाजिक-राजनीतिक यथार्थ के सबसे गहरे जानकारों में एक थे। उनका जाना न सिर्फ पत्रकारिता के लिए, बल्कि लोकतांत्रिक भारत के विचार के लिए भी एक गहरी क्षति है।

### डीबी कॉलेज जयनगर में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर किया गया विचार गोष्ठी


मधुबनी जयनगर डी.बी. कॉलेज जयनगर में रविवार को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संजय कुमार पासवान ने की। उन्होंने कहा कि यह दिवस यूनेस्को द्वारा स्थापित किया गया था, जिसका उद्देश्य व्यक्तियों, समुदायों और समाज के लिए साक्षरता की परिवर्तनकारी शक्ति को उजागर करना है। कार्यक्रम की पदाधिकारी डॉ. सिंकु कुमारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि साक्षरता से शिक्षा की मंजिल तक पहुचें, मस्तिष्क को सशक्त करें, जीवन को उत्तम बनाए। उन्होंने बताया कि वर्ष 1967 से प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जाता है ताकि साक्षरता को करुणा, शांति और स्थायी परिवर्तन के लिए केंद्रीय महत्त्व दिया जा सके।इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। शिखा, पूजा, सरस्वती, अंजलि, कशिश आदि विद्यार्थियों ने अपने विचार रखते हुए समाज में साक्षरता के प्रसार पर बल दिया तथा सामान्य जन तक इसके महत्व को पहुचाने के प्रति संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### मुसहर समुदाय के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मुजफ्फरपुर ।अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर एक्शन एड के तत्वावधान में बंदरा प्रखंड अंतर्गत रामपुर दयाल पंचायत के बदही मुसहर टोले में एक्शन एड द्वारा मुसहर समुदाय के बच्चों तथा समुदाय के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में टोला में निरक्षरता से होने वाले दिक्कतों पर चर्चा की गई। चर्चा में बात सामने आई कि लगभग अधिकांश लोग निरक्षर हैं। बैठक में अरविन्द कुमार, जिला समन्वयक, एक्शन एड ने लोगों से अपील की कि यदि वे साक्षर हो जायेंगे तो बहुत सारी वैसी समस्याओं से निजात मिल जाएगी, जिससे रोज उनका साबका पड़ता है। बदही मुसहर टोले में लगभग 2 दर्जन बच्चे विद्यालय जाने योग्य है। कोरोना के बाद कोई भी बच्चा विद्यालय नही गया। उनके टोले से विद्यालय की दूरी भी 2 किलोमीटर से अधिक है। स्थानीय स्वयंसेवक और विद्यालय के शिक्षक कल से नियमित बच्चों को विद्यालय ले जाने का जिम्मा लिए ।जिसमें एक्शन एड के मानव अधिकार रक्षक रामसुंदर राम मदद करेंगे। एक्शन एड के प्रखंड समन्वयक, राजगीर कुमार ने विद्यालय से मिलने वाली सुविधाएं यथा छात्रवृति, किताब, पोशाक, मध्याह्न भोजन आदि पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

# केंद्रीय ऊर्जा तथा शहरी विकास मंत्री से मिले सांसद, दरभंगा के विकास पर हुई चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा । दरभंगा को स्मार्ट सिटी में विकसित करने साथ ही दरभंगा शहर में पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की पहल को साकार करने के लिए उन्होंने केंद्रीय शहरी आवास तथा ऊर्जा मंत्री का इन विषयों पर ध्यान आकृष्ट कराया है जिसका यथाशीघ्र साकारात्मक परिणाम सामने आयेगा। सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा तथा आवास एवं शहरी विकास मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट करने के बाद उपरोक्त बातों की जानकारी देते हुए ये बातें कही हैं।

सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री की व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि श्री खट्टर जैसे कर्मठ एवं ईमानदार मंत्री के कारण देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की हर जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर साकार किया जा रहा है।

सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर से हुई मुलाकातों में चर्चा किए गए विषयों की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि उनके पहल पर ऊर्जा मंत्रालय के द्वारा दरभंगा ही नहीं मिथिला क्षेत्र में चर्चित सीएम साइंस कॉलेज में सौ बेड के छात्रावास का निर्माण किया गया है जो यहां के छात्र छात्राओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि साबित होगी। सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर से हुई चर्चा के विषय में बताया कि दरभंगा शहर के साथ साथ जिले के अन्य नगर निगम नगर परिषद तथा नगर पंचायतों में शहरी आधारभूत संरचना को विकसित किए जाने के लिए केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया है तथा बायोगैस योजना, कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जैसे दो दर्जन से अधिक विषयों की संभावनाओं पर ऊर्जा मंत्रालय की टीम इन कार्यों पर ठोस पहल शुरू करेगी। केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर ने दरभंगा शहर के विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से दरभंगा शहर को स्मार्ट सिटी में विकसित किए जाने तथा शहरी विकास आधारभूत संरचना से बेनीपुर बिरौल कुशेश्वरस्थान हायाघाट जाले सहित जिले के सभी क्षेत्रों को विकसित किए जाने का आग्रह किया है जिसपर केंद्रीय मंत्री ने यथाशीघ्र पहल करने का आश्वासन दिया है।

# ख्यातिप्राप्त चित्रकारों की चित्र प्रदर्शनी 11 से 13 सितंबर तक

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिले में पहली बार राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 35 चित्रकारों की चित्र प्रदर्शनी, बिहार कला मंच, पटना के द्वारा मुजफ्फरपुर के किलकारी बिहार बाल भवन, में दिनांक 11 से लेकर 13 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है।इस प्रदर्शनी में पद्मश्री श्याम शर्मा,रजत घोष, डॉ अजय पाण्डेय, मोहम्मद सुलेमान, वीरेंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार बच्चन, डॉ प्रदीप कुमार, मनोज साहनी, सहित दर्जनों कलाकार देश के कोने-कोने से एवं मुजफ्फरपुर के प्रतिष्ठित पांच कलाकार डॉ मुकेश सोना, श्रीनिवास चौधरी, सुमित ठाकुर, कंचन प्रकाश, एवं सुजीत कुमार की पेंटिंग प्रदर्शित की जाएगी।इस कार्यक्रम में उद्घाटनकर्ता के रूप में श्री अशोक कुमार सिन्हा ,अपर निदेशक , बिहार म्यूजियम पटना, मुख्य अतिथि पद्मश्री श्याम शर्मा एवं अध्यक्षता डॉ राजीव कुमार करेंगे इस कार्यक्रम में प्रमुख सहयोगी के रूप में किलकारी बिहार बाल भवन, मुजफ्फरपुर, चित्रांश खेल एवं सांस्कृतिक मंच एवं शाकुन्तलम कला संस्कृति मंच की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर दिनांक 12 सितंबर को छात्रों के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह चित्रकला प्रतियोगिता तीन समूह में की जाएगी प्रत्येक समूहों से तीन तीन प्रतिभागी को चुना जाएगा और उसकी प्रदर्शनी 10 जिलों में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में किया जाएगा और अंतिम में ललित कला अकादमी, पटना की कला दीर्घा में किया जाएगा, एवं पुरस्कृत किया जाएगा। सभी प्रतिभागी को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। समापन समारोह के अवसर पर सभी शामिल कलाकारों को एवं अतिथियों को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी संयुक्त रूप से श्रीमती पूनम कुमारी, राजीव कुमार सिन्हा , डॉ पल्लवी सिन्हा, के ०के० सिन्हा, एवं बिहार कला मंच मुजफ्फरपुर के संयोजक डॉ मुकेश सोना ने दिया।

# पुलिस पाठशाला में संवारी जा रही बदनाम गली के बच्चों की किस्मत



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । इस शहर की पहचान राष्ट्रीय फलक पर सदियों से रही है। इस पहचान को नई ऊंचाई पर ले जाने का काम, एक नई अनूठी पहल जो शायद पूरे देश में पहली बार शुरू हुई है , वह है पुलिस पाठशाला। यह कोई पुलिस विभाग का ट्रेनिंग स्कूल नहीं है, बल्कि बच्चों को पढ़ाने की पाठशाला है।पुलिस और पाठशाला बड़ा ही अनोखा संगम है। हमारे देश में पुलिस का डर अंग्रेजी हुकूमत के दौर में शुरू हुआ था। आजादी के बाद अंग्रेज तो चले गए लेकिन अंग्रेजी पुलिस मैनुअल छोड़ गए। ऐसे हालात में इस जमीन पर इंकलाब पैदा किया है मुजफ्फरपुर पुलिस और जूगनू ,परचम के बैनर तले काम करने वाली नसीमा ने। नसीमा कौन है,इसकी पहचान क्या है।यह एक छोटा सवाल है लेकिन जवाब बहुत बड़ा है। मुजफ्फरपुर की बदनाम गली जिसे लोग कई नाम से जानते हैं तवायफों की मंडी,रेड लाइट एरिया और चतुर्भुज स्थान। इसी मोहल्ले की बेटी नसीमा पुलिस के सहयोग से पुलिस पाठशाला चला रही है। इस पाठशाला में वे बच्चे पढ़ते हैं जिसे कोई स्कूल दाखिला नहीं देता था क्योंकि ये तवायफों के बच्चे थे।अगर गलती से दाखिला मिल भी गया तो स्कूल में उनके सहपाठी और शिक्षकों के तिरस्कार से वे स्कूल छोड़ने को मजबूर हो जाते थे। ऐसे ही हालात नसीमा ने तत्कालीन सीटी एसपी अवधेश दीक्षित की प्रेरणा और सहयोग से 12 नवंबर 2023 को दीपावली के दिन इसी तवायफों के मोहल्ले में स्थित कन्हौली नाका कैम्पस में पुलिस पाठशाला की शुरुआत की। दीपावली का इतिहास कई धार्मिक और पौराणिक कथाओं से जुड़ा है। हिंदू धर्म में भगवान राम के अयोध्या लौटने और रावण पर उनकी जीत का प्रतीक है,जैन धर्म में भगवान महावीर के निर्वाण मोक्ष का स्मरणोत्सव है तो सिख धर्म में इसे बंदा बहादुर की रिहाई की याद में मनाया जाता है। लेकिन यहां यह दीपावली समाज के सबसे उपेक्षित तबके को सम्मान के साथ शिक्षा और रोजगार से जोड़ने का दिन है। इस पुलिस पाठशाला में क्लास शाम में शुरू होता है। दिन में यहां के सभी बच्चे नियमित रूप से अपने -अपने स्कूल जाते हैं। पुलिस पाठशाला में पढ़ाने वाले शिक्षक पुलिस महकमे के लोग हैं। पुलिस के वरीय पदाधिकारी अक्सर स्वयं आकर क्लास लेते हैं या आनलाइन पढ़ाते हैं साथ में नसीमा खुद बच्चों को पढ़ाती है। इस पाठशाला में अभी 150 से ज्यादा बच्चे पढ़ रहे हैं। पुलिस पाठशाला के इस कैंपस में इस मोहल्ले के लड़कियों और औरतों को सिलाई की ट्रेनिंग दी जाती है इन बच्चों की माँ और मौसी नसीमा है । और पुलिस वाले अंकल है। स्कूल में इनके गार्जियन पुलिस अंकल है। यह सुरक्षा और सम्मान इन बच्चों की जिंदगी में रौशनी की नई किरण बन के आई है। करीब बीस साल पहले तत्कालीन एसपी दीपिका सूरी ने इस रेडलाईट एरिया में आपरेशन उजाला चलाया था। उनके जाने के उस मिशन को नसीमा ने आगे बढ़ाया। अपने समाज को सम्मानजनक जीवन देने,तवायफों की सुरक्षा।

# डिटेंशन कैंप स्थापित करने संबंधी अधिसूचना तत्काल वापस लेने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के महासचिव प्रभाष घोष ने केन्द्र सरकार द्वारा सभी राज्यों में डिटेंशन कैम्प स्थापित करने की अधिसूचना तत्काल वापस लेने की मांग की है। इस सम्बंध में जारी अपने एक बयान में उन्होंने कहा है कि हम भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा 2 सितंबर को जारी किए गए सबसे क्रूर और निरंकुश राजपत्र अधिसूचना की कड़ी निंदा करते हैं, जिसमें सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को अवैध विदेशियों की आवाजाही को तब तक प्रतिबंधित करने के लिए समर्पित हिरासत केंद्र या हिरासत शिविर स्थापित करने का आदेश दिया गया है जब तक कि उन्हें निर्वासित नहीं कर दिया जाता। बयान में कहा गया है कि मौजूदा कानून और कानूनी व्यवस्था अवैध प्रवासियों की समस्या के सभी पहलुओं से निपटने के लिए पर्याप्त है, ऐसे में यह कानून पूरी तरह से अनुचित है। हम इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं कि नया कानून एक विशिष्ट धूर्त उद्देश्य से बनाया गया है।स्मरणीय है कि हिरासत शिविरों में, जहाँ अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के लोगों को, अधिकारियों द्वारा एकतरफा और मनमाने ढंग से अवैध प्रवासी करार दिया जाता है। युद्धबंदियों की तरह या उससे भी बदतर स्थिति में रखा जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने असम सरकार को सभी कैदियों को तुरंत रिहा करने का आदेश दिया था। इस प्रकार, पूरे देश ने देखा है कि इन हिरासत शिविरों में, जिनकी तुलना अक्सर नाजी जर्मनी के यातना शिविरों से की जाती है, रखे गए लोगों के साथ कैसा अमानवीय व्यवहार किया जाता है। इसके अलावा, कई वास्तविक भारतीय नागरिकों को भी वैध पहचान पत्र न दिखा पाने के बहाने हिरासत में लेकर इन हिरासत शिविरों में डाल दिया गया है। अगर हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में ऐसे हिरासत केंद्रस्थापित कर दिए जाएंगे , तो क्या होगा, यह समझा जा सकता है। इससे शासक पूंजीपति वर्ग द्वारा पोषित सांप्रदायिकतावादियों-अंधराष्ट्रवादियों को अल्पसंख्यकों को अवैध प्रवासी बताकर डराने और उनका पीछा करने का एक नया जरिया मिल जाएगा। उन्होंने कहा है कि हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि वह इस अत्यंत अन्यायपूर्ण और अलोकतांत्रिक निर्देश को तुरंत वापस ले तथा देशवासियों से आह्वान करते हैं कि वे एक शक्तिशाली आंदोलन खड़ा करें, जिससे सरकार को इस कठोर प्रशासनिक आदेश को वापस लेने के लिए मजबूर किया जा सके।

# मशाल खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन मतदाता जागरूकता संदेश के साथ होगी साइकिल रेस

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी चार दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आखिरी दिन भी खेल और लोकतंत्र का दिखेगा संगम। मशाल प्रतियोगिता के अंतिम दिन भी जारी रहेगा उत्साह जहां अंतिम दिन अंडर-16 बालक वर्ग, कबड्डी तथा फुटबॉल में अपना जौहर दिखाएंगे वहीं अंडर-14 एवं अंडर-16 के बालक एवं बालिका दोनों वर्गों के खिलाड़ी मतदाता जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाते हुए कमलपुर हनुमान मंदिर से पंडौल, सरसद चौक तक साइकिल रेस में हिस्सा लेंगे।बताते चले कि इस साइकिल रेस प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 10 बजे से ह्वमतदाता जागरूकता गुब्बारा गुच्छह्व उड़ा कर किया जाएगा। दिल में जीतने का जज्बा और सर पर मतदाता जागरूकता वाली टोपी से भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने का दृढ़ संकल्प ! यही होगा खेल और लोकतंत्र के मिलन का अनूठा संगम स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी परिमल कुमार ने बताया कि खेल भवन में आयोजित कबड्डी और फुटबॉल प्रतियोगिता के बीच लगा मतदाता जागरूकता सेल्फी पॉइंट एक बार फिर दर्शकों और युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।गौरतलब है कि जिला स्तरीय चार दिवसीय मशाल खेल प्रतियोगिता का आरंभ 6 सितंबर को शुरू होकर 9 सितंबर को समाप्त होने वाली है। इस खेल प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट चयनित खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिता में अपना-अपना दम दिखा रहे हैं। इस पूरे प्रतियोगिता की खास बात प्रतियोगिता की थीम ह्वखेलेगा मधुबनी - वोट करेगा मधुबनी और जीतेगा मधुबनी है ।ह्व इस टैगलाइन के साथ खेल के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत करने तथा मतदाताओं को अपने मताधिकार के उपयोग के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है ।गौरतलब हो कि चार दिवसीय मशाल खेल प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ी एवं काफी संख्या में उपस्थित दर्शक मतदाता जागरूकता के संदेश के साथ अपने अपने घर लौटकर आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में सहयोग करेंगे।

# सर्जना निखार शिविर से सैकड़ों छात्राएं प्रतिवर्ष आत्मनिर्भर बन रही है : तेजस्विता




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।सर्जना निखार शिविर का समापन 10 सितम्बर को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय स्थित जुबली हॉल में किया जाएगा। शिविर के समापन समारोह में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा शामिल होंगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दरभंगा कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पूजा कश्यप ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दरभंगा द्वारा विगत 19 वर्षों से आयोजित हो रहे छात्राओं के निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर सर्जना निखार शिविर के माध्यम से कौशल विकास व स्वरोजगार पूरक विषयो का निःशुल्क प्रशिक्षण योग्य शिक्षको के कुशल मार्गदर्शन में दिया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से सैकड़ों छात्राएं प्रतिवर्ष सीखकर आत्मनिर्भर बन रही है।

विभाग छात्रा प्रमुख तेजस्विता ने कहा की अभाविप द्वारा छात्राओं में छिपी विविध प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए प्रत्येक वर्ष सर्जना निखारा शिविर का निःशुल्क आयोजन किया जाता है। शिविर के माध्यम से आज हजारों छात्राएं और महिलाओं आत्मनिर्भर है। कार्यक्रम प्रमुख पूजा पंजियार ने कहा कि सर्जना निखार शिविर जैसे कार्यक्रम लड़कियों की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक प्रगति के लिए जरूरी हैं। इस वर्ष शिविर के समापन समारोह में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा उपस्थित होंगी। सभी छात्राओं को प्रशिक्षण का सर्टिफिकेट दिया जायेगा।

# सही मार्गदर्शन संस्कार लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत लग्न से मिलेगी सफलता : केडी सर

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिला के जयनगर कमला रोड वार्ड 06 विधा नगर स्थित डिस्प्लेसमेंट कोचिंग सेंटर परिसर में शिक्षक दिवस के अवसर पर कोचिंग के निदेशक सह शिक्षक के. डी.सर के नेतृत्व में शिक्षकों का सम्मान और सांस्कृतिक व छात्रों को पुरस्कृत करने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों शिक्षकों गणमान्य और अभिवावकों व छात्रों के द्वारा दिप प्रज्वलित कर डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के फोटो पर पुष्प माल्यार्पण कर और केक काटकर कर जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। छात्रों के द्वारा एक से बढ़कर एक जागरूकता देश भक्ति गीत संगीत नृत्य एकांकी भाषण प्रतियोगिता की प्रस्तुतियां दी गई। छात्रों के प्रस्तुतियां पर उपस्थित अतिथियों ,गणमान्य और शिक्षकों एवं अभिवावकों व छात्रों ने खूब तालियां बजाई छात्रों की प्रस्तुतियां को काफी सराहा । छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियां पर खूब वाह वाही बटोरी। छात्रों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर लोगो को जागरूक किया। छात्रों के बीच कई खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए निदेशक सह शिक्षक के. डी. सर समेत वक्ताओं ने कहा कि ईमानदार शिक्षक देश के भविष्य का निर्माण कर ईमानदारी से बच्चों को शिक्षा प्रदान कर भारत को विकसित राष्ट्र बना रहे और आगे भी बनाते रहेंगे। शिक्षक के द्वारा समाज और राष्ट्र निर्माण में ईमानदारी और लगन से कार्य करने के कारण ही आज सर्वपल्ली राधाकृष्णन को लोगों के द्वारा याद किया जाता है। शिक्षा ही समाज के सभी अंधकार को मिटाकर जीवन को प्रकाशित करता है जिसके कारण शिक्षा प्रदान करने वाले सम्मान के पात्र हैं ।इस सम्मान को बरकरार रखना शिक्षक का दायित्व बनता है ।सही मार्गदर्शन संस्कार लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत लग्न से सफलता अवश्य मिलेगी। बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता रौनक और उप विजेता रवि किशन और क्रिकेट प्रतियोगिता मैच के विजेता वर्ग दस एवं जागरूकता सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेता श्रुति कुमारी, कृतिका कुमारी, मनीषा कुमारी, सृष्टि कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, कोमल कुमारी, मान्या कुमारी, सत्यम , पुष्कपक, रौनक, रवि समेत कई छात्र प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मौके पर निदेशक के .डी .सर , प्रेम कुमार, प्रफुल्ल, सुमन , विक्की यादव, राम समेत कई शिक्षक ,गणमान्य और अभिवावक व छात्र उपस्थित थे।

# जयनगर को जिला बनाने की मांग पर विश्व गुरु भारत सेवा संस्थान ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर को जिला बनाने की वर्षों पुरानी मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। इसी कड़ी में विश्व गुरु भारत सेवा संस्थान ट्रस्ट की ओर से सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार को राज्य पाल नाम प्रेषित एक मांग पत्र ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से जयनगर को जिला का दर्जा देने की पुरजोर मांग की गई ।इस मौके पर विश्व गुरु भारत सेवा संस्थान ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम प्रसाद रात,सचिव बिहारी कुमार, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार साह,नगर पंचायत के अध्यक्ष कैलाश पासवान, सरपंच पंच महासंघ के अध्यक्ष सुजीत साह,मनीष जायसवाल समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे ।प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कहा कि जयनगर को 1991 में अनुमंडल का दर्जा मिला था, लेकिन आज तक यहां अनुमंडल स्तरीय बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है ।केंद्रीय विद्यालय, मेडिकल कॉलेज,पॉलीटेक्निक कॉलेज,कोर्ट जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए लोगों को मधुबनी या दरभंगा जैसे अन्य जिलों का रुख करना पड़ता है ।उन्होंने कहा कि यह मांग केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि क्षेत्र के समुचित विकास से जुड़ी हुई है। अब तक हर चुनाव में जनप्रतिनिधियों द्वारा इस मुद्दे को उठाया गया, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। यदि जयनगर को जिला बनाया जाता है तो इससे न केवल प्रशासनिक सेवाओं में सुधार आएगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में भी सकारात्मक बदलाव होंगे ।उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले भी जयनगर जिला निर्माण समिति के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने नगर में पैदल मार्च निकालते हुए एसडीओ को ज्ञापन सौंपा था ।वही पिछले सोमवार को भी सरपंच पंच संघ के द्वारा जिला निर्माण समिति के समर्थन में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था ।इससे स्पष्ट है कि अब यह मांग जनआंदोलन का रूप ले रही है।

# संजय सरावगी ने समारोह पूर्वक 312 भूमिहीन परिवारों को वासगीत के पर्चे सौंपे

● अभियान बसेरा के तहत भूमिहीनों को सरकार का तोहफा

प्रात : किरण संवाददाता



बेनीपुर( दरभंगा) ।बिहार सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने बेनीपुर के कपूरी सभा भवन में आयोजित समारोह में 312 भूमिहीन दलित एवं महादलित परिवारों को वासगीत भूमि के पर्चे सौंपे। अभियान बसेरा और डॉ अंबेडकर समग्र विकास योजना के तहत यह कदम उठाते हुए मंत्री ने बताया कि पूरे राज्य में अब तक 62 हजार से अधिक ऐसे परिवारों को जमीन उपलब्ध कराई जा चुकी है। आज के कार्यक्रम में बेनीपुर प्रखंड के 160 और अलीनगर प्रखंड के 152 भूमिहीन परिवारों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर मंत्री सरावगी ने घोषणा करते हुए कहा कि अगले 15 दिनों के भीतर सरकारी कर्मचारी स्वयं लाभार्थियों के घर जाकर भूमि का दाखिल-खारिज और जमाबंदी की प्रक्रिया पूरी करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इसके तुरंत बाद इन सभी परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए आश्वासन दिया कि जो भी योग्य परिवार इस चरण में छूट गए हैं, उनके लिए जल्द ही फिर से विशेष शिविर का आयोजन कर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने आगे कहा,सरकार निजी भूमि पर बसे हुए दलित एवं महादलित परिवारों को भी भू-स्वामी से वास योग्य भूमि खरीदने के लिए 1 लाख रुपये की सहायता प्रदान करेगी।

राजस्व महाभियान की सफलता पर जोर देते हुए, मंत्री सरावगी ने अधिकारियों को भूमि विवाद से जुड़े मामलों के निपटारे में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

कार्यक्रम में उपस्थित बेनीपुर के विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी और अलीनगर के विधायक मिश्रीलाल यादव ने सरकार के इस कल्याणकारी कदम की सराहना की। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि क्षेत्र के बचे हुए सभी भूमिहीन लाभार्थियों को जल्द से जल्द भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी की जाए। इस मौके पर समाहर्ता मनोज कुमार, एसडीएम मनीष कुमार झा, भूमि सुधार उप समाहर्ता अविनाश कुमार सिंह, बीडीओ प्रवीण कुमार, सीओ अश्विनी कुमार सहित भाजपा नेता राम नारायण ठाकुर, मुनेंद्र यादव, राजीव कुमार झा, नूनू महतो और प्रेम कुमार झा सहित आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक गंगाराम झा ने किया।

# बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग लाखों का सामान जलकर हुआ खाख



प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) पुरैनी थाना क्षेत्र के डुमरैल चौक बस स्टैंड के समीप स्थित जय माता दी ट्रेडर्स कबाड़ी खाने में विद्युत शॉर्ट सर्किट से सोमवार की अहले सुबह भीषण आग लग गई। आग की लपटे इतनी तेज थी कि देखते ही देखते लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। घटना के बारे में लोगों ने बताया कि कबाड़ी खाना परिसर में अचानक आग की लपटे उठने लगी इसकी जानकारी मिलते हीं काफी संख्या में लोगों का भीड़ जमा हो गया। तपश्चात लोगों ने आग पर काबू पाना चाहा लेकिन इस दौरान बिजली के सॉट सर्किट से आग लगने की जानकारी मिलते ही लोग सकते में आ गए। वहीं आग लगी की सूचना जब अग्निशमन विभाग को दी गई तो पांच दमकल की मदद से कारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अगलगी घटना मामले में जय माता ट्रेडर्स कबाड़ी खाना के संचालक प्रीतम कुमार मेहता ने थाना में आवेदन देकर बताया है कि अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी इस आगजनी घटना में कबाडी खाना परिसर में रखें प्लास्टिक कचरा, फर्नीचर, टेबल, कुर्सी, पंखा एवं कई महत्वपूर्ण सामान जलकर बर्बाद हो गया। उन्होंने कहा कि करीब आठ लाख रुपए की समान झति हुई है। तत्पश्चात सीओ विद्यानंद झा ने बताया कि उक्त मामले की कोई आवेदन मुझे प्राप्त नहीं हुई है।

# नगर परिषद सुल्तानगंज में समान्य बोर्ड की हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर सुल्तानगंज* नगर परिषद सुल्तानगंज के सभागार में समान्य बोर्ड की बैठक आयोजित की गई/इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद राज कुमार गुड्डू ने की/बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार ,उप मुख्य पार्षद नीलम देवी, सहित सभी वार्ड के वार्ड पार्षदों के साथ संयुक्त बैठक किया गया/बैठक में गत बैठकों की सम्पुष्टि,जल जमाव एवं सफाई व्यवस्था पर विचार,लैण्डफील साईट पर विचार, योजना पर विचार, स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाईट,सोलर लाईट पर विचार, सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन पर विचार, डिजिटल डिस्प्ले पर विचार, वर्ष 2025 से 2026 तक का बजट पर विचार करते हुए प्रस्ताव लिया गया/ बैठक में नियमतह कार्य नहीं होने पर वार्ड पार्षदों ने हंगामा करते हुए वार्ड पार्षद आरती कुमारी ने तोडी शीशे का ग्लास/ वार्ड पार्षद आरती कुमारी के द्वारा शीशे का ग्लास तोड़ने पर मुख्य पार्षद राज कुमार गुड्डू ने धारा एक्ट के तहत तीस दिनों के लिए बैठक से बाहर रखने का निर्णय लिये/इस मौके पर मुख्य पार्षद राज कुमार गुड्डू ने मिडिया को बताया कि कि वार्ड में जल जमाव,सड़क व नाला निर्माण,सोलर लाईट, सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य योजनाओं पर विचार करते हुए प्रस्ताव लिया गया/और कहा कि बैठक में वार्ड पार्षद आरती कुमारी के द्वारा हंगामा करते हुए शिशे का ग्लास तोड़ने एवं माईक तोड़ने पर धारा एक्ट के तहत तीस दिनों के लिए सदन के बैठक से बाहर रखने का निर्णय लिया गया/वहीं उप मुख्य पार्षद नीलम देवी ने कहा कि सदन हंगामा होते रहता है शिशे का ग्लास किसी तरह हाथ पर लगने पर टुट गया तो सदन से बाहर करने की बात कह रहे हैं यह कहा का निर्णय है इनकी मनमानी नहीं चलेगी और कहा कि माइक भी तोडा गया है तो कहा कि यह झूठ बात है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 09 सितम्बर, 2025



# खिलाड़ियों का गढ़ है बिहार का जमुई जिला : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई। जिलाधिकारी श्री नवीन ने बिहार राज्य खेल प्राधिकरण , खेल विभाग , शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता-2025 का सोमवार को अग्नि ज्योति प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम में किया जा रहा है। यहां अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के बालक-बालिका कबड्डी , एथलेटिक्स , फुटबॉल , साइकलिंग और वॉलीबॉल खेल विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। साथ ही अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला खेल पदाधिकारी नागमणि कुमार वर्मा ने अतिथि देवो भवः की तर्ज पर अभ्यागतों का हृदयतल से सत्कार किया वहीं ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल बैंड ग्रुप ने राष्ट्रगान गाकर उपस्थित लोगों में देश प्रेम जगाया। मशाल प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों के सैकड़ों बालक-बालिका , कई शिक्षक-शिक्षिका एवं टीम प्रभारी हिस्सा ले रहे हैं। मशाल महाकुंभ में डुबकी लगाने जन समुद्र उमड़ रहा है। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट श्री नवीन ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान महावीर की पावन धरा जमुई खिलाड़ियों की खान है। बाजीगरों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रशिक्षण के लिए पात्र बनना मशाल का मूल मकसद है। विद्यालयों में खेलकूद का आयोजन बेटे और बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि बच्चों में खेल के प्रति प्रतिस्पर्धात्मक भावना को और अधिक निखारें ताकि वे जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकें। सरकारी पाठशालाओं में खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देने की यह एक विशेष पहल है। इस पहल के तहत बाजीगरों को कम उम्र में ही उनकी प्रतिभा की पहचान कर उन्हें वांछित प्रशिक्षण दिया जाता है। विजेता बाजीगरों को पदक , प्रमाण पत्र और नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। सभी निबंधित प्रतिभागियों का विवरण निबंधन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। श्री नवीन ने मशाल को बिहार के खेल इतिहास में एक नई शुरूआत की संज्ञा देते हुए कहा कि इसे देश-दुनिया में सबसे बड़ी खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने बाजीगरों के उज्जवल भविष्य की कामना की। खेल हमें खिलने का अवसर देता है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने कहा कि मशाल का उद्देश्य न केवल राज्य में खेल संस्कृति का विकास करना है , बल्कि ग्रामीण और दूर-दराज क्षेत्रों से प्रतिभाशाली बाजीगरों की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल के लिए प्रशिक्षित करना भी है। एसपी ने प्रसन्नचित होते हुए कहा कि यह पहल बिहार को खेलों के क्षेत्र में शिखर तक ले जाने में एक सशक्त कदम साबित होगा। उन्होंने भी प्रतिभागियों को अखंड शुभकामना दी। जिला खेल पदाधिकारी नागमणि कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का चहुंमुखी विकास का होना अत्यंत आवश्यक है। मशाल के तहत प्रथम दिन कबड्डी , दूसरे दिन एथलेटिक्स तथा तीसरे और अंतिम दिन यानी 10 सितंबर को फुटबॉल , साइक्लिंग एवं वॉलीबॉल स्पधाओं का आयोजन किया जाएगा। अंडर-14 और अंडर-16 बालक-बालिका मशाल प्रतियोगिता में दम दिखाएंगे और पदक , प्रमाण पत्र के साथ नगद पुरस्कार पर कब्जा करने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा का इस्तेमाल करेंगे। अंतिम दिन यानी 10 सितंबर को विजेता व उपविजेता बाजीगरों को पुरस्कृत किया जाएगा। डीडीसी सुभाष चंद्र मंडल , एडीएम रविकांत सिन्हा , डीपीआरओ वीरेंद्र कुमार , एसडीएम सौरभ कुमार , डीसीएलआर सुजीत कुमार , डीईओ दया शंकर , डीपीओ नीतीश कुमार , सहायक निदेशक काजोल मोदी , श्रम अधीक्षक रतीश कुमार , बीपीआरओ शिवाजी आदि पदस्थों ने उद्घाटन सत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज की वहीं शिवपूजन शर्मा , मृत्युंजय कुमार , श्याम कुमार , नवीन कुमार , सौरभ कुमार , जुली कुमारी , विंध्यवासिनी , गुड़िया , दिनेश कुमार , प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मशाल को गति देने में अग्रिम भूमिका निभाई। मशाल महाकुंभ उत्साह और उमंग के वातावरण में जारी है।

# गनगनिया पंचायत के वार्ड चार के बाढ़ प्रभावित लोगों को मुआवजा नहीं मिलने पर सड़क जाम

## तीन घंटे सड़क जाम होने पर भीषण गर्मी मेंलोगों का हालत हुआ खराब

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर सुल्तानगंज बाढ़ प्रभावित लोगों को मुआवजा राशि नहीं मिलने के कारण गनगनिया पंचायत के दुर्गा स्थान के समिप मुख्य मार्ग एन एच 80 को सड़क जाम कर दिया है/ वहीं गनगनिया पंचायत के वार्ड चार के बाढ़ प्रभावित लोगों ने बताया कि सरकार के द्वारा दिये गए सहायता राशि हम लोगों को नहीं दिया जा रहा है जो सरकार के द्वारा बाढ़ प्रभावित मुआवजा राशि देने में वार्ड सदस्य एवं सीओ रवि कुमार के द्वारा दो दो हजार रुपए की मांग कर रहे हैं/तभी बाढ़ प्रभावित लोगों को मुआवजा राशि देने की बात कही गई है/जो हम लोगों का घर पानी में डुबा हुआ है तो दो दो हजार रुपए कहां दे पाएंगे/ इसी को लेकर सीओ एवं थानाध्यक्ष से बातचीत करने पर कोई सहायता राशि नहीं मिलने पर आज सड़क जाम किया गया है/ वहीं सड़क जाम में फंसे लोगों ने बताया कि तीन घंटा बित जाने के बावजूद कोई भी पदाधिकारी सुध लेने नहीं आने पर भीषण गर्मी लोगों का हालत खराब हो रही है/ इस दौरान हजारों बाढ़ प्रभावित लोगों मौजूद है

# एजीएम एस के सिंह पहुंचे सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन का निरक्षण करने



प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन का निरक्षण करने सोमवार को दोपहर एजीएम एस के सिंह पहुंचे/इस दौरान रेल विभाग के एजीएम ने सुलतानगंज रेलवे स्टेशन का निरक्षण कर अमृत भारत योजना के तहत हुए कार्यों की समिक्षा करते हुए मुख्य गेट के समिप अंबार पड़े गंदगी को देख साफ सफाई करते हुए घेरा बंदी करने का दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान इनके साथ में चल रहे रेल विभाग के एडीआर,सीनीयर डीस्टी,एसीएम , स्टेशन मास्टर गिरीश कुमार सहित इत्यादि आरपीएफ एवं जीआरपीएफ के पदाधिकारी व पुलिस बल मौजूद थे

# ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन की बैठक आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जामलपुर और वलिपुर में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एइएमआइएम ) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और टीम गठित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मोहम्मद जुनैद ने की, जिसमें अधिकतर तीस साल से कम उम्र के युवा मौजूद थे। बैठक के मुख्य बिंदु मुस्लिम समुदाय की भागीदारी। बैठक में उपस्थित युवाओं ने कहा कि 1947 के बाद से मुसलमानों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया है और उनकी आबादी के अनुसार उन्हें विधानसभा, लोकसभा और अन्य जगहों पर उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता है। एआइएम आईएम की भूमिका मोहम्मद जुनैद ने कहा कि पार्टी असदुद्दीन ओवैसी के सिद्धांतों पर काम कर रही है और अल्पसंख्यक समुदाय को उनकी भागीदारी के अनुसार हिस्सेदारी दिलाने के लिए काम करेगी।महागठबंधन में शामिल होने की मांग युवाओं ने मांग की है कि आगामी चुनावों से पहले एम आइ एम आइ एम को महागठबंधन या अन्य पार्टियों में शामिल करके मजबूत किया जाए। इस बैठक का उद्देश्य पार्टी को मजबूत करने और अल्पसंख्यक समुदाय के हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ने की अवश्यकता पर जोर दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आर्म्स एक्ट के मामले में न्यायालय के द्वारा सुनाई गई कारावास एवं अर्थदंड की सजा

मधेपुरा मधेपुरा न्यायालय में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सूरज कुमार चौधरी के द्वारा प्राथमिकी अभियुक्त विजय यादव पे० -मनिक लाल यादव सा० -बसैठा, फुलकिया टोला, थाना-चौसा, ज़िला - मधेपुरा को चौसा थाना कांड संङ्क -90/01, दिनांक 15.10.2001, धारा-25 (1-बी) ए शस्त्र अधिनियम में 2 वर्ष सश्रम कारावास एवं 4 हजार रूपया अर्थदंड एवं 26 (1) शस्त्र अधिनियम में 2 वर्ष सश्रम कारावास एवं 4 हजार रूपया अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

### बाढ़ से क्षतिग्रस्त 39 पंचायत के 14 हजार किसानों ने फसल मुआवजा के लिए आवेदन दिया

मुंगेर। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के किसानों से सरकार ने 5 सितंबर 2025 तक आवेदन देने की अंतिम तिथि निर्धारित की थी। विभाग के निर्देश पर जिला कृषि पदाधिकारी सुष्मिता सिंह ने कृषि समनबयक को प्राप्त आवेदन का सत्यापन कर रिपोर्ट देने को कहा है। कोऑर्डिनेटर द्वारा अभी तक में 4500 आवेदनों का सत्यापन किया गया है। किसानों का आरोप है कि सत्यापन के नाम पर किसानों से उगाही किए बिना सत्यापन की रिपोर्ट जिला कृषि पदाधिकारी एवं एडीएम स्तर से विभाग को भेजी जा रही है। इस उगाही के कारण किसानों में काफी आक्रोश है ।यह विभाग की ओर से जिला कृषि पदाधिकारी और एडीएम स्तर से विभाग को हर हाल में भेजी गई ।सत्यापन की रिपोर्ट समय पर दिए जाने को कहा गया है ।समय पर कार्य नहीं पूरा करने वाले कोऑर्डिनेटर के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। जिले में खरीफ फसल धान मक्का सहित अन्य फसलों का बारिश के साथ ही बाढ़ के कारण बड़े पैमाने पर क्षति हुई थी। वित्तीय वर्ष 2019-20 में जिले के कुल 6 प्रखंडों की 39 पंचायत में सरकार ने किसानों को फसल क्षति मुआवजा देने का ऐलान किया था।

# 11 आपराधिक मामलों में फरार चल रहे संजय बिंद को पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । मुफसिसल थाना के सीताकुंड डीह निवासी कुख्यात अपराधी संजय सिंह उर्फ संजय बिन्द को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मनक मोड़ के समीप से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी के संबंध में मुफस्सिल थाना अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने उसके पास से एक कटटा दो जिंदा कारतूस और 4900 रुपए भी बरामद किया है। इस छापामारी में डीएसपी सदर अभिषेक आनंद एवंडीआईयूसेलके प्रभारी चंदन कुमार पूरब सराय थाना प्रभारी सौरभ कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित लाभुक संवाद यात्रा को लेकर जिलाधिकारी ने जिले के वरीय पदाधिकारी के साथ बैठक की

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर । मुख्य मंत्री के प्रस्तावित लाभुक संवाद यात्रा को लेकर जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई ।इस बैठक में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित लाभुक संवाद यात्रा के सफल आयोजन एवं उससे संबंधित योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित लाभुक संवाद यात्रा की सूचना प्राप्त हुई है। इसको लेकर सभी अधिकारी जिले में संचालित सभी प्रकार की योजनाओं की प्रगति एवं कार्य योजना की पूरी जानकारी तत्काल उपलब्ध कराएं, ताकि इनमें से पूर्ण योजनाओं का मुख्यमंत्री से उद्घाटन कराया जा सकें। उन्होंने सभी वरीय एवं तकनीकी पदाधिकारियों से स्पष्ट कहा कि जिन भी योजनाओं पर कार्य चल रहा है या कार्य पूर्ण होने को है उसे शीघ्र पूर्ण कर लें तथा उसकी प्रगति से संबंधित पूरी जानकारी तत्काल उपलब्ध कराएं, ताकि उस पर अग्रेतर कार्रवाई किया जा सकें। साथ ही उन्होंने पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद सहित अन्य सभी अधिकारियों से विधि व्यवस्था संधारण पर भी विस्तृत चर्चा की। इधर मुख्यमंत्री के संभावित लाभुक संवाद यात्रा को लेकर जिलाधिकारी द्वारा आज कष्टहरणी घाट, जमालपुर में बनने वाले प्रस्तावित प्रखंड सह अंचल कार्यालय के स्थल तथा सफियाबाद हवाई अड्डा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए।

# संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड क्षेत्र के दीदारगंज पंचायत के अंतर्गत जनकपुर गांव में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को लेकर के सोमवार को जीविका संग्रामपुर के द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजनकिया ,गया। बताते चले की जीविका संग्रामपुर के द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम कराया जा रहा है जिसमें की एलईडी के माध्यम से जीविका दीदी को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया जा रहा है जीविका में जुड़े परिवारों के एक महिला को अपने पसंद के रोजगार की शुरूआत करने के लिए बिहार सरकार के द्वारा दस हजार की राशि डीबीटी के माध्यम से खाते में भुगतान किया जाएगा जिससे दीदी अपने रोजगार कर सके ,और अपना परिवार का भरण पोषण कर सके ,जो दीदी अपना रोजगार को बेहतर तरीके से करेगी उन्हें 6 माह के बाद लाभार्थी को दो लाख रूपए की सहायता राशि उपलब्ध कराया जाएगा जो दीदी जीविका में नहीं जोड़ी हुई है उनके पति सरकारी नौकरी नहीं करता हो या आयकर कर नहीं देता हो इस योजना का लाभ लेने के लिए जीविका में जुड़ना होगा कार्यक्रम को शिरकत करते हुए जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक निर्भय कुमार ने बताया कि गांव में छूटे हुए परिवार जो भी है उन परिवार को जीविका समूह में जुड़ना होगा और जुड़ करके इस योजना का लाभ लिया जा सकता है इस मौके पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक निर्भय कुमार कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार ,लेखपाल आलोक कुमार सी एम संगीता कुमारी एवं अन्य कर्मी मौजूद थे

# दिवंगत साहित्यकार छेदी साह की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई कवि सम्मेलन

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा हिन्दी-अंगिका साहित्य के लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार सह मदन अहल्या महिला महाविद्यालय के अवकाश प्राप्त हिन्दी प्राध्यापक स्व. प्रो. छेदी साह की पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर स्थानीय ज्योति विहार स्थित उनके आवास पर आयोजित एक श्रद्धांजलि समारोह को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार सच्चिदानंद किरण ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि निष्पक्ष साहित्य सेवा करने वाले कर्मयोगी मरकर भी अमर हो जाते हैं। उनकी यादें कभी दिल से जाती नहीं थी। वहीं अभय कुमार भारती ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा करते हुए कहा कि डॉ. छेदी साह बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। वे उच्च कोटि के साहित्यकार होने के साथ विनम्रता और सादगी के प्रतीक थे। अहंकार उन्हें कभी छू नहीं पाया। वहीं उन्होंने कहा कि जबतक यह साहित्य संसार रहेगा, तब तक उनकी कृति सदा बरकरार रहेगी। मौके पर आगत अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके ज्येष्ठ पुत्र कमलाकांत कोकिल ने कहा कि उन्हें साहित्यकार पुत्र होने का गौरव है। उनकी कोशिश होगी कि वे अपने पिताजी के बताये मार्गो पर चलकर उनके आदर्शों को जीवंत बनाये रखेंगे। इस मौके पर कवि डॉ.कृष्ण कुमार मंडल एवं अन्य आगत कवियों ने अपनी कविताओं का सस्वर पाठ कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर शीला देवी, ज्योति कुमारी, श्वेता देवी, अंकिता, आस्था, उत्कर्ष, अंजलि और गौरव कुमार ने भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग लाखों का सामान जलकर हुआ खाख

प्रात : किरण संवाददाता



पुरैनी (मधेपुरा) पुरैनी थाना क्षेत्र के डुमरैल चौक बस स्टैंड के समीप स्थित जय माता दी ट्रेडर्स कबाड़ी खाने में विद्युत शॉर्ट सर्किट से सोमवार की अहले सुबह भीषण आग लग गई। आग की लपटे इतनी तेज थी कि देखते ही देखते लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। घटना के बारे में लोगों ने बताया कि कबाड़ी खाना परिसर में अचानक आग की लपटे उठने लगी इसकी जानकारी मिलते हीं काफी संख्या में लोगों का भीड़ जमा हो गया। तपश्चात लोगों ने आग पर काबू पाना चाहा लेकिन इस दौरान बिजली के सॉट सर्किट से आग लगने की जानकारी मिलते ही लोग सकते में आ गए। वहीं आग लगी की सूचना जब अग्निशमन विभाग को दी गई तो पांच दमकल की मदद से कारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अगलगी घटना मामले में जय माता ट्रेडर्स कबाड़ी खाना के संचालक प्रीतम कुमार मेहता ने थाना में आवेदन देकर बताया है कि अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी इस आगजनी घटना में कबाडी खाना परिसर में रखें प्लास्टिक कचरा, फर्नीचर, टेबल, कुर्सी, पंखा एवं कई महत्वपूर्ण सामान जलकर बर्बाद हो गया। उन्होंने कहा कि करीब आठ लाख रुपए की समान झति हुई है। तत्पश्चात सीओ विद्यानंद झा ने बताया कि उक्त मामले की कोई आवेदन मुझे प्राप्त नहीं हुई है। आवेदन मिलने के बाद सरकारी स्तर से मिलने वाली सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी।

# बाढ़ पीड़ित परिवारों एवं कलाकारों द्वारा किया गया वरिष्ठ पत्रकार बिनोद आशीष का सम्मान

प्रात : किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) अनुमंडल क्षेत्र के चौसा प्रखंड अंतर्गत फुलौत के डाकबंगला चौक पर सम्मान सह धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के पंचायतों के करीब 5 हजार लोग शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सह सामाजिक कार्यकर्ता विनोद आशिष को क्षेत्र के कलाकारों, कवियों, पत्रकारों एवं गणमान्य लोगों ने सम्मानित किया। इस दौरान विनोद आशीष ने कहा कि लगातार हमारी पहल पर आज आलमनगर विधान सभा के कई पंचायतों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित कर बाढ़ के दौरान मिलने वाली सरकारी लाभ का घोषणा किया गया है जिसका फायदा बाढ से प्रभावित आमजन को मिलेगा उन्होंने कहा कि हमारा अगला मकसद है कि बाढ़ से प्रभावित जितने जीविका समूह की महिलाएं ऋण ली हैं उनका सभी ऋण माफ हो क्योंकि बाढ़ की विभीषिका ने सबकुछ ध्वस्त कर दिया। ग्रामीण क्षेत्र के गरीब गुरुवे लोग कहां से ऋण दे पाएंगे इसलिए उनका ऋण माफ हो। वहीं कार्यक्रम के दौरान साहित्यकार बसंत कुमार झा, संजय कुमार सुमन, मुखिया सुरेश ऋषिदेव, राहुल यादव सहित अन्य लोगों ने अपना संबोधन दिया और आलमनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों को बाढ़ प्रभावित घोषित करवाने और पीड़ित को लाभ दिलाने को लेकर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय खुशबू ने किया। कॉमेडियन कलाकार प्रवीण प्यारेलाल की पूरी टीम ने सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ अतिथियों का स्वागत किया, जिससे कार्यक्रम में और भी उत्साह का माहौल बन गया। मौके पर प्रसिद्ध साहित्यकार संजय कुमार सुमन, अजय खुश्बू, मकदमपुर के मुखिया सुरेश ऋषिदेव, अश्वनी गुप्ता, शहंशा कैफ, तूफानी यादव, प्रफुल्ल कुमार, शंभू झा, मुकेश कुमार , कृष्णा कुमार, सत्तार खान, शंभू राम, प्रदीप मेहता, सुभाष यादव, अशोक साह, सुनील यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस उपाधीक्षक यातायात द्वारा की गई कांड की समीक्षा अनुसंधानकर्ता एवं थानाध्यक्ष को दिया आवश्यक निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) द्वारा उदाकिशुनगंज थाना में कांड समीक्षा किया गया तथा अनुसंधानकर्ता एवं थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस उपधीक्षक (यातायात) द्वारा की गई कांड समीक्षा का मुख्य उद्देश्य थाना के कार्यों, लंबित मुकदमों, और फरार अपराधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना था। इस समीक्षा के दौरान अनुसंधानकर्ता और थानाध्यक्ष को शीघ्र मुकदमों का निपटारा करने, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, और विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं (जैसे कुर्की-जब्ती) को पूरा करने जैसे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

# तारापुर की बहू बनी जनता की आवाज, विधायक प्रत्याशी प्रियंका चौहान



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर(मुंगेर) । सरकटिया की बहू 25 वर्ष की आयु में प्रियंका चौहान ने जो कर दिखाया है, वह किसी मिसाल से कम नहीं हैं। 16 वर्ष की उम्र से ही गाँव के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने वाली यह बहू आज पूरे क्षेत्र की शान बन चुकी है। प्रियंका चौहान केवल एक नाम नहीं, बल्कि नारी शक्ति और युवाओं की उम्मीद बन चुकी हैं। उन्होंने अपने स्वयंसेवी संगठन ब्रैट्स भारत फाउंडेशन और अपनी स्थापित संस्था मिलिट्री ब्रैट डिफेन्स अकादमी के माध्यम से अब तक 200 से अधिक बेटियों को भारतीय सेना में चयनित करवाकर देश की सेवा का मार्ग प्रशस्त किया है। वर्तमान में प्रियंका चौहान मनोविज्ञान विषय में पीएचडी कर रही हैं। उनका कहना है यदि मैं पूरे देश की बेटियों के लिए कुछ कर सकती हूँ, तो अपने क्षेत्र तारापुर के लिए क्यों नहीं? बदलाव की शुरूआत यहीं से होगी। प्रियंका चौहान की सफलता में उनके परिवार का भी अहम योगदान है। विशेषकर उनके पति, जो भारतीय वायु सेना में सेवाएँ दे रहे हैं, हर कदम पर उनके साथ मजबूत स्तंभ की तरह खड़े हैं। पति-पत्नी दोनों ही राष्ट्रसेवा और समाजसेवा को अपना कर्तव्य मानते हैं। यही कारण है कि जनता उन्हें एक प्रेरणादायक जोड़ी के रूप में देखती है। तारापुर, संग्रामपुर आसपास के गाँवों के लोग प्रियंका चौहान को विधायिका प्रत्याशी के रूप में खुलकर समर्थन दे रहे हैं। जनता का कहना है कि वे किसी राजनीतिक परिवार से नहीं, बल्कि सैन्य और शैक्षिक पृष्ठभूमि से आती हैं। यही कारण है कि उनकी छवि जनता की सच्ची और निस्वार्थ सेवक के रूप में उभर रही है। गाँव की गलियों से लेकर शहर की चौपाल तक एक ही आवाज गूँज रही है जय प्रियंका, विजय प्रियंका तारापुर की शान झ बहू प्रियंका चौहान इस बार चुनावी रणभूमि में प्रियंका चौहान को सबसे मजबूत उम्मीदवार माना जा रहा है। महिलाएँ, युवा और बुजुर्ग सब एक स्वर में कह रहे हैं अबकी बार जनता की सरकार प्रियंका चौहान हमारे दरबार।

# समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध है डॉ उदय शंकर

- 500 से भी अधिक चिकित्सा कैंप लगाकर कीर्तिमान स्थापित किए हैं डॉक्टर उदय शंकर



प्रात : किरण संवाददाता

डॉक्टर उदय शंकर एक अद्वितीय व्यक्ति हैं जो चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रूप से शामिल है डाक्टर उदय शंकर के द्वारा आयोजित किए गए चिकित्सा शिविर और सामाजिक कार्य उनकी निष्ठा और समर्पण को दशार्ते हैं ।डॉक्टर उदय शंकर की विशेषताएं चिकित्सा क्षेत्र में योगदानः: उन्होंने पिछले दस सालों में पाँच सौ से भी अधिक चिकित्सा कैंप लगाकर कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सामाजिक कार्य में भी वे आगे रहते हैं वे गरीब बच्चों के बीच वस्त्र, भोजन और कंबल वितरण जैसे कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल हैं। सोशल जंक्शन यूट्यूब चैनल पर उन्होंने एक यूट्यूब चैनल शुरू किया है, जिसमें वे शहर के उन लोगों को प्रस्तुत करते हैं जिन्होंने सामाजिक और राष्ट्रीय क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है ।डॉक्टर उदय शंकर का उद्देश्य हैं कि विकसित भारत की बुनियाद उनका उद्देश्य है कि लोग वैसे व्यक्तियों से प्रेरित होकर समाज और राष्ट्र के लिए आगे बढ़ें। प्रेरणा और मोटिवेशन उनके यूट्यूब चैनल के माध्यम से लोग वैसे किरदारों की जीवनी से मोटिवेशन प्राप्त कर रहे हैं। डॉक्टर उदय शंकर की लोकप्रियता शानदार एंकरिंग और बात करने का अंदाज उनकी जोरदार बोल्ड आवाज और शानदार एंकरिंग से कई लोग प्रभावित हो रहे हैं। शांत स्वभाव और व्यक्तित्वः उनका व्यक्तित्व बहुत ही शांत और लोगों से अलग है, जो उनकी तारीफ का कारण बनता है। डॉक्टर उदय शंकर की कहानी एक प्रेरणादायक उदाहरण है जो समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# पूरे देश में होगा वोटर सत्यापन - 10 सितंबर को होगी सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहाँ हर नागरिक का वोट बेहद कीमती है, क्योंकि यह न केवल सरकारें बनाता है बल्कि देश के भविष्य की दिशा तय करता है। परंतु हाल के वर्षों में यह सवाल उठने लगा था कि क्या मतदाता सूची वास्तव में इतनी पारदर्शी और अद्यतन है कि हर योग्य नागरिक को वोट देने का मौका मिले और कोई भी फर्जी नाम शामिल न हो? इसी पृष्ठभूमि में निर्वाचन आयोग (एउक) ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है विशेष गहन पुनरीक्षण को पूरे देश में लागू करने का फैसला। विशेष गहन पुनरीक्षण का अर्थ है मतदाता सूची का व्यापक सत्यापनह्न, जिसमें किए जाते हैं मृत मतदाताओं के नाम हटाना, फर्जी या दोहराए गए नामों को चिन्हित कर उन्हें डिलीट करना, ऐसे नागरिकों के नाम जोड़ना जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, प्रवासी या स्थानांतरित मतदाताओं की जानकारी अपडेट करना, महिला मतदाताओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों का विशेष सत्यापन। रक्क्ष का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची बिल्कुल साफ-सुथरी और अद्यतन हो, ताकि चुनाव में किसी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न बचे। इस अभियान की शुरूआत बिहार से हुई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पद संभालने के बाद सबसे पहले बिहार में इस प्रयोग को शुरू करने का फैसला किया। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले रक्क्ष को लागू किया गया ताकि मतदाता सूची में कोई गड़बड़ी न रह जाए। विपक्षी दलों ने इस कदम पर कई सवाल उठाए। उनका आरोप था कि यह प्रक्रिया उनके वोट बैंक को प्रभावित कर सकती है। इसके बावजूद आयोग ने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया और अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने की तैयारी है। बिहार में रक्क्ष के अनुभव ने आयोग को यह भरोसा दिलाया है कि इस मॉडल को पूरे देश में लागू किया जा सकता है। देशभर में इस मुहिम को लागू करने के लिए 10 सितंबर को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक बुलाई गई है। यह बैठक कई मायनों में ऐतिहासिक होगी क्योंकि यह तय किया जाएगा कि रक्क्ष को चरणबद्ध तरीके से कब और कैसे लागू किया जाए। राज्यों को तकनीकी और मानव संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से सत्यापन की व्यवस्था बनाई जाएगी। ज्ञानेश कुमार की यह तीसरी बड़ी बैठक होगी, जिसमें उनका फोकस चुनाव सुधार को तेज गति देने पर रहेगा। आज के समय में रक्क्ष केवल कागजी कार्यवाही नहीं रह गई है। निर्वाचन आयोग ने कई तकनीकी नवाचार किए हैं। पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापन, से घर बैठे विवरण अपडेट करने की सुविधा, आधार लिंकिंग के माध्यम से डुप्लीकेट एंट्री रोकना, अकआधारित डाटा एनालिटिक्स से फर्जी वोटर पहचानना, ब्लॉकचेन जैसी उभरती तकनीकों पर भी भविष्य में विचार किया जा सकता है। तकनीकी हस्तक्षेप से यह प्रक्रिया पारदर्शी और तेज हो रही है, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। के राष्ट्रीय स्तर पर लागू होने से कई राजनीतिक दलों में हलचल है। विपक्ष के कुछ दल इसे सत्ताधारी दल का वोटर सूची में हेरफेर का प्रयास मानते हैं। सत्तापक्ष का तर्क है कि यह कदम निष्पक्ष चुनाव की गारंटी देगा और लोकतंत्र को और मजबूत करेगा। जबकि आम मतदाता इसे स्वागत योग्य कदम मानते हैं क्योंकि इससे उनका वोट सुरक्षित रहेगा। लोकतंत्र में पारदर्शिता जरूरी है। लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि इस तरह की कवायद को राजनीतिक हथियार न बनाया जाए। रक्क्ष को पूरे देश में लागू करना आसान नहीं है। भारत के विशाल आकार और विविधता को देखते हुए हर घर तक पहुंचना कठिन होगा। बड़ी संख्या में बूथ लेवल ऑफिसर की आवश्यकता होगी। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में तकनीकी जागरूकता कम होने से ऑनलाइन सत्यापन मुश्किल हो सकता है। स्थानीय स्तर पर राजनीतिक दल प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर सकते हैं।

# मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित बच्चों के रोग में आयुर्वेद चिकित्सा की भुमिका

वैद्य (प्रो) दिनेश्वर प्रसाद,
पूर्व प्राचार्य, राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, अस्पताल पटना



हर वर्ष वर्ल्ड ड्युशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी अवेयरनेस डे विश्व स्तर पर मनाया जाता है। ड्युशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डी.एम.डी) एक दुर्लभ आनुवंशिक रोग है जो प्रायः बच्चों, विशेषकर लड़कों में होता है। इस रोग में धीरे-धीरे शरीर की मांसपेशियाँ कमजोर होकर क्षय होने लगती हैं। आधुनिक चिकित्सा में अभी तक इसका स्थायी उपचार उपलब्ध नहीं है, केवल लक्षणों को नियंत्रित करने एवं रोग की प्रगति को धीमा करने के प्रयास किए जाते हैं। जबकि आयुर्वेद इस स्थिति को मांस क्षय एवं वातज विकार के रूप में देखता है, और हमारे जैसे बहुतेरे वैद्य इस तरह के बच्चों के जीवन में एक हद तक सुधार के लिए आयुर्वेद के सिद्धांतों के आधार पर कुछ लाभ दिलवाने के मुहिम में प्रयास रत हैं।बीजदोष (जेनेटिक डिफेक्ट) के कारण उत्पन्न रोगों में आयुर्वेद का दृष्टिकोण सीधे जीन को बदलने का नहीं, बल्कि रोग की तीव्रता को कम करने, रोगी की प्रतिरोधक क्षमता एवं जीवन-गुणवत्ता को बढ़ाने का होता है।आयुर्वेदिक दृष्टिकोण एवं उपचार के तहत बृंहण एवं बल्य चिकित्सा देने का उल्लेख किया गया है।बच्चों को बल एवं पोषण देने वाली औषधियाँ जैसे अश्वगंधा, बला, शतावरी, विदारीकंद, घृत-प्रयोग एवं मांस युक्त औषधी इत्यादि दवाईयां मांसपेशियों को बल देते हैं।इसी प्रकार पंचकर्म चिकित्सा के अन्तर्गत भिन्न भिन्न प्रकार के औषधयुक्त तेल से बहुत हल्का हल्काअभ्यंग (मालिश), स्वेदन (भाप उपचार),षष्ठ शाली पिंडस्वेद जैसे उपचार स्नायु एवं मांसपेशियों की जकड़न और दर्द को कम करने में सहायक हैं।इसके अतिरिक्त आवश्यकता के अनुसार मात्रा अथवा क्षीर बस्ती विशेष लाभदायक है। रसयान चिकित्सा के तहत गुडूची, आमलकी, शिलाजीत, अश्वगंधा जैसे औषधीय योग कोशिकाओं को पोषण देकर रोग की प्रगति को धीमा कर सकते हैं।सहायक ईलाज के रूप में हल्के योगासन एवं प्राणायाम के साथ साथ अक्युपेशनल थिरेपी श्वसन और मांसपेशीय क्षमता को बनाए रखने में मददगार सिद्ध होते हैं। वैज्ञानिक पहलू के तौर पर आधुनिक शोधों में भी यह पाया गया है कि आयुर्वेदिक औषधियाँ एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इन्फ्लेमेटरी एवं इम्यूनो-मॉड्युलेटरी प्रभाव रखती हैं, जिससे मांसपेशियों की क्षति की गति धीमी हो सकती है। पंचकर्म चिकित्सा द्वारा स्नायु व मांसपेशियों में रक्तसंचार सुधार कर जकड़ा को कम करने में बहुत सहायक है। निष्कर्ष के तौर पर यह कहा जा सकता है की ड्युशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी में आयुर्वेद चमत्कारी इलाज का दावा नहीं करता, लेकिन यह बच्चों की जीवन-गुणवत्ता सुधारने, रोग की प्रगति धीमी करने और मानसिक-शारीरिक सहयोग देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह आवश्यक है कि आधुनिक चिकित्सा और आयुर्वेद दोनों की समन्वित चिकित्सा पद्धति अपनाई जाए, जिससे बच्चों और परिवारों को अधिकतम लाभ मिल सके। और अभिभावकों से आज के दिन यह आग्रह किया जा सकता है कि धैर्य रखकर एलोपैथी चिकित्सा या चिकित्सक से लाभ नहीं मिलने पर किसी अनुभवी, शिक्षित एवं इस क्षेत्र में कार्य रत आयुर्वेदिक कालेज अस्पताल अथवा सरकारी गैरसरकारी आयुर्वेद चिकित्सक विशेष रूप से पंचकर्म चिकित्सक के यहाँ भी कुछ लम्बे समय तक ईलाज कराने का प्रयास करें।

# जनता बीमार, प्रशासन लाचार : डेंगू का वार

**हरियाणा में डेंगू का प्रकोप तेज है, लेकिन नगर निकायों के पास फॉगिंग मशीनों की भारी कमी है। प्रदेश के 87 निकायों में केवल 426 मशीनें उपलब्ध हैं, जो आवश्यकतानुसार बेहद कम हैं। मशीनों की कमी के कारण न तो शहरों में और न ही ग्रामीण इलाकों में नियमित फॉगिंग अभियान चल पाए हैं। 1200 से अधिक गाँव जलभराव से जूझ रहे हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। स्वास्थ्य विभाग और निकायों की लापरवाही से जनता पर बीमारी का संकट गहराता जा रहा है। ठोस कार्ययोजना और पर्याप्त संसाधन ही डेंगू से सुरक्षा का रास्ता हैं... यह स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति राज्य सरकार और निकायों की उदासीनता को उजागर करती है। फॉगिंग का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि यह मच्छरों के जीवन चक्र को तोड़ती है। मच्छर के अंडे से निकलने और उनके वयस्क होने की प्रक्रिया पर फॉगिंग सीधा असर डालती है।**






डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

डेंगू का नाम सुनते ही लोगों के मन में डर बैठ जाता है। हर साल मानसून के बाद बरसात के दिनों में जब मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है, तो डेंगू के मामले तेजी से सामने आने लगते हैं। बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द और प्लेटलेट्स की कमी से पीड़ित मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढ़ने लगती है। सरकारें हर वर्ष दावा करती हैं कि मच्छरों की रोकथाम और फॉगिंग के इंतजाम पूरे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट होती है। हाल ही में सामने आई रिपोर्ट ने हरियाणा के स्वास्थ्य तंत्र और स्थानीय निकायों की तैयारियों पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। प्रदेश के 87 नगर निकायों में डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों से निपटने के लिए मात्र 426 फॉगिंग मशीनें ही उपलब्ध हैं। यानी लगभग हर निकाय के हिस्से में औसतन पाँच मशीनें भी नहीं आतीं। जबकि स्थिति यह है कि एक मध्यम आकार के शहर में ही डेंगू पर काबू पाने के लिए 20झ25 मशीनें आवश्यक मानी जाती हैं। ऐसे में पूरे प्रदेश के स्तर पर मशीनों की यह कमी सीधा संदेश देती है कि प्रशासनिक लापरवाही किस हद तक हावी है। डेंगू एक ऐसी बीमारी है जिसका सीधा इलाज एंटीबायोटिक दवाइयों से संभव नहीं है। यह मच्छरों से फैलने वाला वायरल संक्रमण है और रोगी के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर ही उपचार टिका होता है। अधिकतर मामलों में डेंगू का वायरस शरीर की प्लेटलेट्स तेजी से घटा देता है। समय पर इलाज न मिलने पर यह स्थिति जानलेवा हो सकती है। भारत में हर साल लाखों लोग डेंगू से प्रभावित होते हैं और हजारों मौतें भी होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी डेंगू को दुनिया के सबसे तेजी से फैलने वाले वायरल रोगों में गिनता है। इसलिए रोकथाम ही सबसे बड़ा हथियार है। मच्छरों को पनपने से रोकना, जलभराव हटाना और समय-समय पर फॉगिंग करना – यही डेंगू पर नियंत्रण के सबसे कारगर उपाय हैं। लेकिन जब यही इंतजाम कमजोर पड़ जाएं, तो बीमारी का फैलाव तेजी से होता है। हरियाणा के नगर निकायों के पास फॉगिंग मशीनों की संख्या न सिर्फ कम है बल्कि जिन मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, उनमें से कई पुराने और खराब हालत में हैं। यह स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति राज्य सरकार और निकायों की उदासीनता को उजागर करती है। फॉगिंग का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि यह मच्छरों के जीवन चक्र को तोड़ती है। मच्छर के अंडे से निकलने और उनके वयस्क होने की प्रक्रिया पर फॉगिंग सीधा असर डालती है। यदि यह नियमित अंतराल पर हो तो मच्छरों की संख्या तेजी से कम हो सकती है। लेकिन जब मशीनें ही उपलब्ध न हों, तो फॉगिंग का अभियान केवल कागजों में रह जाता है। यह समस्या सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं है। प्रदेश के 1200 से अधिक गाँव जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। गाँवों में नालियों की सफाई और कचरे के निस्तारण की व्यवस्था कमजोर है। पंचायतों के पास न तो पर्याप्त बजट है और न ही तकनीकी संसाधन। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू और मलेरिया का प्रकोप और भी खतरनाक हो सकता है। सरकारी नीतियों में बार-बार शहरी क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएँ और रोकथाम अभियान बिल्कुल नाममात्र के रह जाते हैं। इस स्थिति की सबसे बड़ी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय निकायों पर आती है। हर साल डेंगू का मौसम आता है और हर बार प्रशासन अचानक हाथ-पैर मारता है। जबकि यह समस्या नई नहीं है। फॉगिंग मशीनें सालभर सक्रिय रहनी चाहिए और नियमित अंतराल पर उनका रखरखाव होना चाहिए। लेकिन निकायों के पास अक्सर यह तर्क होता है कि बजट की कमी है। सवाल यह उठता है कि जब स्वास्थ्य सेवाओं पर ही खर्च नहीं होगा तो विकास का दावा किस आधार पर किया जाएगा? मशीनों की कमी और लापरवाही का सीधा असर आम जनता पर पड़ता है। हर साल हजारों परिवार डेंगू से प्रभावित होते हैं। एक बार किसी घर का सदस्य डेंगू से बीमार हो जाए तो उस परिवार पर मानसिक, शारीरिक और आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। अस्पतालों में भर्ती का खर्च, दवाइयों और प्लेटलेट्स की कमी का संकट, लंबे समय तक काम और पढ़ाई से दूरी, बीमारी का डर और असुरक्षा–ये सभी पहलू जनता को झकझोरते हैं। खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं क्योंकि उनके पास महंगे इलाज का साधन नहीं होता। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि इस स्थिति से सबक लें। सबसे पहले फॉगिंग मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए और हर निकाय को पर्याप्त मशीनें दी जाएं। केवल आपातकालीन हालात में नहीं बल्कि पूरे वर्ष तय अंतराल पर फॉगिंग होनी चाहिए। पंचायतों को बजट और मशीनें उपलब्ध कराकर ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरनाशी अभियान चलाना आवश्यक है। जनता को भी जागरूक किया जाए कि घरों में पानी जमा न होने दें, कूलर व टंकियों को ढककर रखें। अस्पतालों में डेंगू टेस्ट, दवाइयों और प्लेटलेट्स की पर्याप्त व्यवस्था समय रहते की जाए। डेंगू हर साल एक बार नहीं बल्कि अब स्थायी खतरे के रूप में सामने आ चुका है। बदलते मौसम, बढ़ते शहरीकरण और जलभराव की समस्याओं ने इसकी जड़ें और गहरी कर दी हैं। ऐसे में केवल घोषणाओं से काम नहीं चलेगा। फॉगिंग मशीनों की कमी और प्रशासनिक उदासीनता न केवल लापरवाही है बल्कि लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ भी है। सरकार को चाहिए कि इस समस्या को आपदा प्रबंधन की तरह प्राथमिकता दे और हर निकाय को संसाधन उपलब्ध कराए। जनता भी अपनी जिम्मेदारी समझे और घर-आसपास पानी जमा न होने दे। प्रशासन और समाज के संयुक्त प्रयासों से ही डेंगू पर काबू पाया जा सकता है। आज जरूरत है एक ठोस कार्ययोजना की, वरना डेंगू हर साल नए रूप में दस्तक देता रहेगा और स्वास्थ्य तंत्र की कमजोरियों को उजागर करता रहेगा।

# विश्लेषण : बिहार में बदलाव लाएगी राहुल-तेजस्वी की जोड़ी?

**लेकिन इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा भी एक बड़ा मुद्दा है। राहुल गांधी और तेजस्वी यह कैसे हल करते हैं यह उनकी राजनीतिक सूझबूझ बताएगी। बिहार की जनता भावुक जरूर होती है, लेकिन साथ ही बेहद राजनीतिक सोच समझ भी रखती है। मोदी का रोना जनता को छू सकता है, लेकिन बेरोजगारी और पलायन जैसे मुद्दे कहीं ज्यादा गहरे असर डालते हैं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव युवाओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। बिहार की राजनीति फिलहाल भावना और मुद्दों की जंग बन चुकी है। एक ओर मोदी आंसुओं के जरिए सहानुभूति जुटा रहे हैं, तो दूसरी ओर राहुल गांधी वोट अधिकार यात्रा से लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ रहे हैं। अब यह कितना कारगर होगी वक्त बताएगा।**





प्रभुनाथ शुक्ल
वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं समीक्षक

बिहार की सियासत इस समय सबसे गर्म मुद्दा बन चुकी है। भाजपा और नीतीश जहां सत्ता को खोना नहीं चाहते हैं। वहीं राहुल और तेजस्वी उन्हें नए नजरिए की राजनीति से सत्ता से बेदखल करना चाहते हैं। सत्ता और विपक्ष में सहमात का खेल जारी है। कौन किस पर भारी पड़ता है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। लेकिन बिहार के मतदाताओं पर राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा का असर पड़ता दिख रहा है। अगर ऐसा न होता तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आँखों से आँसू न निकलते। अब पीएम मोदी के आंसुओं का बिहार के वोटरों पर कितना असर पड़ता है यह देखना होगा। लेकिन गाली -गलौज की राजनीति सभ्य लोकतंत्र के लिए दुःखद है। हमें सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए। मोदी हमारे देश के पीएम हैं, किसी भी राजनैतिक मंच से इस तरह की अमर्यादित भाषा किसी के लिए हमारे राजनीति को गिराती है।

बिहार की राजनीति में एक तरफ राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा, दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावुक अपील और मां को गाली दिए जाने पर दरभंगा की रैली में चुनावी मंच से आंखें नम हो जाना। भावनात्मक पॉलिटिक्स की तरफ साफ इशारा करती है। पीएम मोदी इमोशनल पॉलिटिक्स करते हैं। विपक्ष जिस अस्त्र से हमला करता है मोदी उसे ही अपना अचूक हथियार बना कर विपक्ष पर पलटवार करते हैं। मोदी की चुनावी पॉलिटिक्स की यह सबसे बड़ी खूबी रही है। हालांकि जिस मंच से प्रधानमंत्री की मां को गाली दी गई उस मंच पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव मौजूद नहीं थे। मीडिया रिपोर्टर में कहा गया है। मोदी ने विपक्ष पर सीधा हमला करने के लिए इसे ब्रह्मास्त्र के तौर पर प्रयोग किया। अब इसका कितना असर होगा यह चुनावी परिणाम के बाद ही दिखेगा। बिहार की पॉलिटिक्स में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कोई जोड़ नहीं है। वह मजे हुए राजनीतिज्ञ और रणनीतिकार हैं। उनके पास जाति समूह का भारी भरकम बैंक भी है। लेकिन अब उनकी उम्र राजनीति में बाधा बनती दिखती है। लम्बे वक्त से वे राज्य के मुख्यमंत्री हैं जिसकी वजह से एंटी इनकंबेंसी दिखती है। दूसरी तरह बिहार में पलायन, बेरोजगारी और विकास के मुद्दे जैसे आम सवाल हैं। जिस पर नीतीश सरकार की पकड़ ढीली पड़ रही है। आंतरिक तौर पर भाजपा को भी उन पर उतना भरोसा नहीं है। क्योंकि बिहार चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन मजबूती से उभरता है तो भाजपा से दोस्ती फिर आसान नहीं होगी। दूसरी तरफ उनकी अवसरवादी राजनीति से भाजपा भी सतर्क है। लेकिन चुनाव पूर्व नीतिश से रिश्तों को लेकर वह कोई जोखिम नहीं उठाना चाहती। राहुल गांधी अपनी वोट अधिकार यात्रा के जरिए सीधे जनता से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए हैं। राहुल गांधी की तरफ से चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोप से भाजपा और आयोग की मुश्किल बढ़ी है। राहुल गांधी ने जिस तरह कथित वोट चोरी के मुद्दे पर प्रस्तुत किए गए दस्तावेज पर भी बौद्धिक वर्ग अपनी तरफ से चिंतन कर रहा है। विश्वसनीय संस्था चुनाव आयोग पर इस तरह से उठाए गए सवाल भी लोकतंत्र की अहमियत और उसकी गरिमा कम करते हैं। आयोग अपनी पारदर्शिता पर कुछ भी कहे, लेकिन एक बार सवाल तो उठी गए हैं। बिहार में भारी तादात में वोटरों का मतदाता सूची से नाम गायब होना बड़ा सवाल है। राहुल गाँधी की वोट अधिकार यात्रा युवाओं, किसानों और गरीब तबके के हक को सामने रखकर उन्हें जागरूक करने का अभियान है। राहुल का फोकस यह दिखाने पर है कि केंद्र सरकार, लोकतंत्र और संविधान को कमजोर कर रही है। बिहार में उनकी यात्रा का असर खासकर युवाओं और वंचित तबकों पर देखा जा रहा है। अब आप राहुल गांधी की यह यात्रा, वोट में कितना तब्दील हो पाएगी यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। लेकिन राहुल गांधी की निडर और जमीनी पॉलिटिक्स ने एक नई बहस को जन्म दिया है और हमारे लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भी सवाल उठ खड़े हुए हैं। जिस पर नए सिरे से हमें विचार करने की आवश्यकता है। बिहार बंद की राजनीति ने सियासत को और गरमा दिया। विपक्ष ने इसे जनता की आवाज बताया, तो सत्ता पक्ष ने इसे महज राजनीतिक नाटक करार दिया। बंद का असर पटना से लेकर जिला स्तर तक देखा गया। जनता खासकर महंगाई और बेरोजगारी को लेकर आक्रोशित है। लेकिन इस बंद को लेकर जनता बेहद परेशान दिखी और लोगों में बेहद आक्रोश देखा गया। जनता इस तरह की राजनीति पर भी काफी नाराज है। लोग सत्ता और विपक्ष में बंटे दिखाई दिए। बिहार की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। लाखों युवा रोजगार की तलाश में दिल्ली, मुंबई, गुजरात और पंजाब जैसे राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं। सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सुधार की गति बेहद धीमी है। विकास की घोषणाएं तो बहुत हुईं, लेकिन जमीन पर असर नगण्य दिखा। यही कारण है कि जनता में नाराजगी बढ़ रही है। बिहार की चुनावी राजनीति पर नीतीश का जादू कितना चलेगा अभी इस पर कुछ कह पाना मुश्किल है। लेकिन नीतीश कुमार राजनीति के मजे हुए खिलाड़ी हैं उन्हें कमतर आंकना भी विपक्ष की भूल होगी। बिहार में सीधा मुकाबला इंडिया और एनडीए गठबंधन के बीच होगा। एनडीए को भरोसा है कि बिहार में फिर मोदी और नीतीश का जादू चलेगा। लेकिन नीतीश कुमार की उम्र और तमाम सियासी मुद्दे गठबंधन की राजनीति पर प्रभाव डालेंगे। दूसरी तरफ राहुल गांधी और तेजस्वी की युवा राजनीति कि अग्नि परीक्षा भी है।

# श्राद्धविधि : अंधविश्वास नहीं, बल्कि शास्त्र

प्रस्तावना : हिन्दू धर्म में पूर्वजों को सद्गति प्रदान करने हेतु श्राद्धविधि बताई गई है; किंतु कुछ लोग बिना किसी अध्ययन के श्राद्ध के विषय में भ्रांतियां फैलाते हैं। उदाहरणार्थ श्राद्धविधि अंधविश्वास है और यह ब्राह्मणों का पेट भरने के लिए बताया गया है। श्राद्धविधि एक दिखावा है। श्राद्ध करने की अपेक्षा अस्पताल या विद्यालय को दान दें। श्राद्ध करने से अच्छा है जीवित रहते ही माता-पिता की सेवा करें। धर्मशिक्षा के अभाव और सनातन परंपराओं का पालन न होने के कारण अनेक लोग इन भ्रांतियों के शिकार होते हैं। ऐसा न हो और पितरों की सद्गति तथा मानव के कल्याण के लिए प्रत्येक व्यक्ति शास्त्रोक्त श्राद्धविधि श्रद्धा से करे इसी हेतु यह लेख प्रस्तुत है। श्राद्धविधि से दिवंगत पितरों को ऊर्जा मिलना हिन्दू धर्म कहता है ह्यदेह का नाश होता है, किंतु आत्मा का नाश नहीं होता। हर व्यक्ति को मृत्यु के बाद उसके कमार्नुसार पुनर्जन्म मिलता है। संक्षेप में, कर्मफल सिद्धांत और पुनर्जन्म सिद्धांत हिन्दू धर्म में प्रतिपादित हैं। इन्हें कोई माने अथवा न माने, ये सिद्धांत सब पर लागू होते हैं। जिन पूर्वजों को मृत्यु के बाद सद्गति नहीं मिली होती, उन्हें श्राद्ध, तर्पण, पिंडदान आदि विधियों के माध्यम से आवश्यक ऊर्जा प्राप्त होती है। मत्स्यपुराण में पिंडोदक क्रिया से पितरों के तृप्त होने का वर्णन है। श्राद्ध के मंत्रोच्चारों में पितरों को गति देने की सूक्ष्म शक्ति होती है। पितरों को हविर्भाग देने से वे संतुष्ट होते हैं और कष्टों से मुक्ति पाते हैं। ब्रह्मवैवर्तपुराण कहता है देवकार्य से अधिक महत्त्वपूर्ण पितृकार्य है। इसीलिए हर मंगल कार्य से पूर्व नांदी श्राद्ध का विधान है। जैसे भारत से अमेरिका पैसे भेजते समय रुपया डॉलर में परिवर्तित होता है, वैसे ही श्राद्धविधि से ऊर्जा पितरों तक पहुँचती है। श्राद्ध और दान अलग संकल्पनाएं कुछ लोग




कहते हैं, श्राद्ध की जगह गरीबों को दान दीजिए, विद्यालय या अस्पताल को दान दीजिए। परंतु यह रोग एक और उपचार दूसरा जैसा है। श्राद्ध और दान दोनों अलग विषय हैं। श्राद्ध किए बिना केवल दान करने से पितर प्रसन्न नहीं होते; क्योंकि उस दान का फल पितरों तक नहीं पहुँचता। श्राद्ध से पितरों को आहार मिलता है। भूख केवल भोजन से मिटती है, दान से नहीं। षड्यंत्रकारी भावनात्मक आवाहन श्राद्ध करने की अपेक्षा जीवित रहते माता-पिता की सेवा करो इस प्रकार के भावनात्मक संदेश पितृपक्ष में फैलाए जाते हैं। परंतु हिन्दू धर्म ने कभी यह नहीं कहा कि माता-पिता को छोड़ दो। उलटे हिन्दू संस्कृति में कहा गया मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव, अतिथिदेवो भव। जीवित रहते सेवा करना और मृत्यु के बाद श्राद्ध करना दोनों ही पुत्रों का कर्तव्य है। इतिहास से प्रमाण रामायण में श्रीराम ने पिता दशरथ की मृत्यु पर श्राद्ध किया था। राजा भगीरथ ने कठोर तपश्चर्या करके गंगा को पृथ्वी पर लाया और पूर्वजों को मुक्त किया। यही कारण है कि प्रयास को भगीरथ प्रयास कहा जाता है। इससे स्पष्ट है कि श्राद्धविधि प्राचीन है और ब्राह्मणों के पेट भरने से उसका कोई संबंध नहीं है। वंशशुद्धि हेतु कुलधर्म पालन पितर वंशरक्षक हैं। श्राद्धादि कुलधर्म का पालन करने से वंशशुद्धि सुनिश्चित होती है। कुलधर्म न पालन करने पर मातृदोष और पितृदोष बढ़ते हैं, जिससे परिवार का नाश होता है। पितृदोष के लक्षण आजकल अधिकांश लोग पितृदोष से ग्रस्त हैं, क्योंकि श्राद्ध और साधना नहीं करते। इसके लक्षण हैं : घर में लगातार झगड़े, नौकरी न मिलना, आर्थिक अस्थिरता, गंभीर रोग, विवाह न होना, गर्भधारणा न होना या गर्भपात, विकलांग या मन्दबुद्धि संतान, परिवार में व्यसन इत्यादि। इनसे बचने हेतु श्राद्धविधि और श्री गुरुदेव दत्त का नामस्मरण आवश्यक है। निष्कर्ष हिन्दू धर्म में बताए आचार अंधविश्वास नहीं, बल्कि शास्त्र हैं। इसमें उच्चकोटि का विज्ञान निहित है। आधुनिक विज्ञान जहाँ आज मल्टीवर्स थ्योरी अर्थात हमारी एकमात्र ब्रह्मांड के स्थान पर अनगिनत ब्रह्मांड की बात करता है, हिन्दू धर्म ने शताब्दियों पूर्व ही उसका उल्लेख किया है। शास्त्र शाश्वत है। उस पर श्रद्धा रखने से मानव का कल्याण होता है । इसलिए श्राद्ध विषयक अपप्रचार का शिकार न होकर, प्रत्येक को यथाशक्ति श्राद्ध करना चाहिए, श्री गुरुदेव दत्त का नामस्मरण करना चाहिए और साधना द्वारा आत्मकल्याण करना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### पूजा स्पेशल ट्रेन 29 से

छपरा कार्यालय। रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी दशहरा, दीवाली एवं छठ त्यौहारों पर यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुये 04454/04453 नई दिल्ली-मानसी-नई दिल्ली पूजा विशेष गाड़ी वाया देवरिया सदर, सीवान, छपरा का संचलन नई दिल्ली से 29 सितम्बर से 30 नवम्बर, 2025 तक प्रतिदिन तथा मानसी से 01 अक्टूबर से 02 दिसम्बर, 2025 तक प्रतिदिन 63 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 04454 नई दिल्ली-मानसी पूजा विशेष गाड़ी 29 सितम्बर से 30 नवम्बर, 2025 तक प्रतिदिन नई दिल्ली से 20.00 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 20.50 बजे, अलीगढ़ से 22.20 बजे, टूण्डला से 23.25 बजे, दूसरे दिन इटावा से 00.30 बजे, कानपुर सेंट्रल से 03.30 बजे, उन्नाव से 04.05 बजे, ऐशबाग से 05.17 बजे, बादशाहनगर से 05.50 बजे, बाराबंकी से 06.45 बजे, गोंडा से 08.10 बजे, बस्ती से 09.25 बजे, खलीलाबाद से 10.00 बजे, गोरखपुर से 11.05 बजे, देवरिया सदर से 12.02 बजे, सीवान से 13.05 बजे, छपरा से 14.35 बजे, सोनपुर से 17.02 बजे, हाजीपुर से 17.17 बजे, शाहपुर पटोरी से 18.05 बजे, बरौनी से 21.20 बजे, बेगूसराय से 21.42 बजे तथा खगड़िया से 22.32 बजे छूटकर मानसी 23.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 04453 मानसी-नई दिल्ली पूजा विशेष गाड़ी 01 अक्टूबर से 02 दिसम्बर, 2025 तक प्रतिदिन मानसी से 01.10 बजे प्रस्थान कर खगड़िया से 01.22 बजे, बेगूसराय से 02.00 बजे, बरौनी से 03.10 बजे, शाहपुर पटोरी से 03.57 बजे, हाजीपुर से 04.55 बजे, सोनपुर से 05.07 बजे, छपरा से 07.20 बजे, सीवान से 08.20 बजे, देवरिया सदर से 09.25 बजे, गोरखपुर से 11.00 बजे, खलीलाबाद से 11.45 बजे, बस्ती से 12.17 बजे, गोंडा से 13.50 बजे, बाराबंकी से 15.50 बजे, बादशाहनगर से 16.42 बजे, ऐशबाग से 17.30 बजे, उन्नाव से 18.45 बजे, कानपुर सेंट्रल से 19.40 बजे, इटावा से 20.45 बजे, टूण्डला से 22.20 बजे, अलीगढ़ से 23.45 बजे तथा दूसरे दिन गाजियाबाद से 02.12 बजे छूटकर नई दिल्ली 03.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 10, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 06 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। इसकी जानकारी जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने दी।

### पुलिस विशेष अभियान में 51 अभियुक्त गिरफ्तार

छपरा। वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के दिये गये निर्देश के आलोक जिले के विभिन्न थानों से 51 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी देते हुए एसएसपी डॉ कुमार आशीष ने बताया कि जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, शराब बिक्री, शराब भण्डारण, शराब निर्माण एवं परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने एवं संलिप्त आरोपियों पर कार्रवाई हो सके। इस विशेष अभियान में विभिन्न थानों से कुल 51 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें कारोबार में 11, शराब सेवन में 12, वारंट में 12, हत्या में 4, हत्या के प्रयास में 4, जुआ अधिनियम 1, खनन में 1, दहेज हत्या में 2, अपहरण 2 एवं चोरी 2 अभियुक्त शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 51 अभियुक्त को गिरफ्तार कर 163 वारंट एवं 19 कुर्की का निष्पादन किया गया।

### क्लब के सदस्यों ने किया पौधा रोपण

छपरा। छपरा जंक्शन स्टेशन पर नवनिर्मित द्वितीय द्वार के पास लायंस क्लब ऑफ छपरा आदर्श द्वारा वृक्षारोपण किया गया जिसमें क्लब के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह पराशर, सचिव नवनीत कुमार, कोषाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद, लियो अध्यक्ष मनीष मिश्रा अपने सभी साथियों के साथ तथा स्टेशन अधीक्षक श्री राजन, मुख्य हेल्थ निरीक्षक एवं श्रीमती कविता सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता भी सहयोगी उपस्थित होकर वृक्षारोपण किया। ओमप्रकाश पराशर अध्यक्ष, श्री नवनीत कुमार सचिव, श्री जितेंद्र प्रसाद कोषाध्यक्ष

### नशे के खिलाफ चला सघन अभियान, 9 गिरफ्तार, भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

छपरा। छपरा शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों नशे का अवैध कारोबार तेजी से फैल रहा है। सुखा नशा और देसी शराब की खुलेआम बिक्री से जहां युवा पीढ़ी को नुकसान हो रहा है, वहीं पुलिस भी इसके खिलाफ लगातार विशेष अभियान के तहत सख्त कार्रवाई में जुटी हुई है। इसी क्रम में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सारण में मादक पदार्थों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया गया। जिसमें 790.72 लीटर अवैध शराब बरामद कर 9 शराब माफियाओं को गिरफ्तार किया गया है।

# हर पात्र महिला तक पहुँचे मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ : जिला पदाधिकारी

- गड़बड़ी करने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई
- मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की समीक्षा बैठक
- अवैध उगाही की शिकायत पर चार कर्मियों को किया गया बर्खास्त

प्रात : किरण संवाददाता




बेतिया (घनश्याम)। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर आज जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के विभिन्न पहलुओं, प्रगति, चुनौतियों और पारदर्शिता पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा नगमा तबस्सुम, डीपीएम जीविका आर.के. निखिल समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक और क्षेत्रीय समन्वयक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। जिलाधिकारी, श्री धर्मेन्द्र कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण व शहरी दोनों अर्थव्यवस्थाओं को सशक्त करने की दिशा में राज्य सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। महिला सशक्तीकरण की दिशा में यह योजना एक नई उड़ान है, अतः इसका लाभ जिले की हर पात्र महिला तक पहुँचना चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और सक्रियता से करें ताकि इस योजना के उद्देश्यों को समयबद्ध तरीके से हासिल किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि लाभुकों की पहचान निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जाए। इसके साथ ही योजना के तहत प्रशिक्षण, ऋण उपलब्धता और रोजगार सृजन की प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने सभी प्रखंडों को विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक महिलाओं को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान डीपीएम जीविका ने जानकारी दी कि योजना के क्रियान्वयन में अवैध उगाही की शिकायत मिलने पर तत्काल जांच कराई गई। जांच में दोषी पाए गए चार कर्मियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों को चिन्हित कर उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी सतर्क रहें और पूरी ईमानदारी से कार्य करें। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना जिले की सभी पात्र महिलाओं के लिए है। किसी भी लाभुक को योजना का लाभ लेने हेतु बिचौलियों या अवैध वसूली करने वालों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी प्रकार की शंका की स्थिति में सीधे जीविका के प्रखंड या जिला कार्यालय से संपर्क करें।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर कोई भी व्यक्ति, चाहे वह सरकारी अधिकारी हो, कर्मचारी हो अथवा आम नागरिक हो, अवैध उगाही का प्रयास करता है तो उसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएँ। प्रशासन तत्काल सख्त कार्रवाई करेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना का सफल क्रियान्वयन तभी संभव है जब अधिकारी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करें तथा महिलाएँ अधिक से अधिक संख्या में इससे जुड़कर आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इस योजना की प्रगति की नियमित समीक्षा और अनुश्रवण करें।

# सीएम के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में



- आगमन तिथि को लेकर कयास मे जुटे अधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर में सीएम की संभावित यात्रा को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां अपने अंतिम चरण मे पहुंच गई है। सीएम के सितंबर के दूसरे सप्ताह में वाल्मीकिनगर आने की संभावना है। सूत्रों की माने तो यह यात्रा 10 से 11 सितंबर को संभावित मानकर तैयारियां की जा रही है। इसको लेकर वरीय पदाधिकारियो ने वाल्मीकिनगर का निरीक्षण कर रहे है। अधिकारियों ने नदी घाटी उच्च विद्यालय परिसर, दोन केनाल सड़क व लवकुश पार्क के प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया है । संभावना जताई जा रही है कि इस दौरान सीएम वाल्मीकिनगर में बहु प्रतिक्षित लवकुश पार्क व दोन केनाल सड़क के जीर्णोद्वार का शिलान्यास करेंगे। दोन केनाल सड़क क्षेत्र जीर्णोद्वार हो जाने से थरुहट के आदिवासियों को आवागमन का बेहतर सुविधा मिलेगी। लव कुश पार्क का निर्माण होने से वाल्मीकिनगर में पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री ने अपनी प्रगति यात्रा के दौरान घोटवा टोला में वाल्मीकिनगर में लव कुश पार्क के निर्माण व दोन केनाल सड़क के जीर्णोद्धार की घोषणा की थी। इसको लेकर कैबिनेट से भी प्रस्ताव पारित हो चुका है। इसका शिलान्यास सीएम अपने वाल्मीकिनगर दौरे के दौरान करेंगे। वहीं नदी घाटी उच्चतर विद्यालय के प्रांगण मे जोर शोर से मनरेगा के अधूरे पड़े कार्यक्रम को अंतिम टच दिया जा रहा है। संभावित दौरे वाले जगहों पर बेरीगेट किए जा रहे हैं।

# चित्रांश बंधुओं की बैठक में श्री चित्रगुप्त रथ यात्रा को लेकर हुई चर्चा



- अंकुर बने संयोजक ,सौरभ को मिली सहसंयोजक की जिम्मेवारी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।छपरा शहर में आगामी 22 अक्टूबर को निकलने वाले श्री चित्रगुप्त रथ शोभा यात्रा को लेकर चित्रांश बंधुओं की एक आवश्यक बैठक हुई जिसमें इसकी विधिवत तैयारी एवं सभी चित्रांश बंधुओं एवं समितियों से संपर्क साधने हुए युवा चित्रांश अंकुर श्रीवास्तव को संयोजक एवं सौरभ श्रीवास्तव सह संयोजक की जिम्मेवारी दी गई। स्थानीय गंगा गोपाल मार्केट कॉम्प्लेक्स के सभागार में वरीय अधिवक्ता पारस नाथ श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कायस्थ परिवार के उपाध्यक्ष कमल किशोर सहाय ने कहा कि यह रथ यात्रा निकलनी चाहिए इसके लिए सभी को आगे आना होगा।

श्री चित्रांश समिति के महासचिव पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि इस कार्य के लिए युवाओं के समर्पण भाव सराहनीय है। इस रथ यात्रा में अधिकाधिक चित्रांश अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे,इसका प्रयास अवश्य होना चाहिए जबकि सूर्य प्रकाश जी ने इस बात पर बल दिया कि इस रथ यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी वरीय चित्रांश बंधुओं का सहयोग एवं मार्गदर्शन अपेक्षित है।

वहीं होमियोपैथ चिकित्सक डॉ शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यदि इस परंपरा को कायम किया जा रहा है तब अच्छी बात है इससे हम सभी में एक नई चेतना जागृत होगी और हमारी पहचान भी कायम रहेगी । समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष एवं कायस्थ परिवार के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. विद्या भूषण श्रीवास्तव ने स्पष्ट कहा कि सर्वप्रथम छपरा के सभी चित्रांश समितियों के अध्यक्ष एवं महासचिव को पत्र भेजकर उनसे कम से कम तीन तीन चित्रांश बंधुओं के नामों की सूची प्राप्त करे तब एक आयोजन समिति का गठन कर विधिवत संचालन करे इससे एक पारदर्शिता ही नहीं बनी रहेगी बल्कि सभी समितियों की सहभागिता भी सुनिश्चित हो जाएगी।इसके साथ ही सभी चित्रांश बंधुओं के घरों पर भी इस रथ यात्रा में शामिल होने एवं सहयोग हेतु जाएं तभी हम मुकाम तक पहुंच सकते है ।भीड़ को जुटाना अहम है अन्यथा हम हाशिए पर रह जाएंगे। फिर वही लोग जातीय जनगणना की रिपोर्ट का 0.6 प्रतिशत की बात का चर्चा करते रह जाएंगे और हम गिने चुने रह जाएंगे जबकि हमारी संख्या कम नहीं है।अपनी संख्या को पहचानिए और अम्ल कीजिए ।एक सुखद एहसास होगा।

श्री चित्रगुप्त सेवा समिति के भूपेश नंदन ने भी इस प्रस्तावित रथ यात्रा की सफलता के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया जबकि कायस्थ परिवार के अजित कुमार ने कहा कि उत्तर बिहार के सारण प्रमंडलीय मुख्यालय में श्री चित्रगुप्त महोत्सव के एक दिन पूर्व निकलने वाली इस रथ यात्रा का चित्रांश परिवारों सहित समाज के अन्य लोगों के बीच एक अच्छा संदेश जायेगा ।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में वरीय अधिवक्ता पारस नाथ श्रीवास्तव ने सभी वक्ताओं की भावना एवं उद्बोधन को गहराई से सुनने के बाद कहा कि वर्तमान परिवेश में युवा चित्रांश भाइयों ने इस रथ यात्रा को लेकर अपनी मंशा जाहिर किए है वह काबिलेतारिफ है। इस तरह के कार्यक्रम आज के समय में होनी चाहिए।धरातल पर उतरकर अपनी पहचान एवं एकजुटता को परिलक्षित करनी चाहिए। प्रारंभ में, अंकुर श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत करते हुए बैठक के औचित्य पर प्रकाश डाला जबकि सौरभ श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में राज सिन्हा,सुनील वर्मा ,मनोज कुमार श्रीवास्तव,अविनाश कुमार,विक्की श्रीवास्तव,अभिलाष चंद्र,सागर कुमार,सागर श्रीवास्तव,अंकुर सिन्हा,प्रदीप कुमार श्रीवास्तव,आदि उपस्थित थे।

# जंगली हाथियों ने वीटीआर के पालतू हाथीशाला शेड मे किया तोड़ फोड़

- माड़ी कोरिडोर के रास्ते वीटीआर जंगल मे जंगली हाथी प्रवेश कर जाते है

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। वीटीआर जंगल मे जंगली हाथियों के देखे जाने की खबर गत कुछ दिनों मे अखबरों की सुर्खिया बनी हुई थी। इधर जंगली हाथियों के झुंड ने बीती रात कवलेश्वर मंदिर से सटे त्रिवेणी संगम तट के समीप वीटीआर के पालतू हाथियों के रखे जाने वाले हाथीशाला शेड पर धाबा बोलकर थोड़ फोड़ मचाया हैं। वनप्रमंडल 2 के रेंजर अमित कुमार ने बताया की जंगली हाथियों ने हाथीशाला शेड मे तोड़फोड़ किया हैं। हालांकि पालतू हाथियों को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा हैं। न्यूज संस्था के प्रोजेक्ट मनेजर अभिषेक ने बताया की माड़ी कोरिडोर के रास्ते ये जंगली हाथी वीटीआर के जंगल मे हर साल इस सीजन मे पहुंच जाते हैं। चुकी नेपाल चितवन जंगल और वाल्मीकि ब्याग्र जंगल दोनों आपस मे लगे हुए हैं इनके बीच किसी भी तरह के बैरिगेटिंग या बाड़ नहीं होने के वजह से दोनों ही तरफ के जंगली जानवर एक दूसरे क्षेत्रों मे बेरोकटोक चले जा आते हैं।

# सीएम अगमन को लेकर इंडो नेपाल सीमा पर बर्ती जा रही है विशेष चौकसी

- एसएसबी और जिला प्रशाशन अलर्ट मोड पर, रखी जा रही हैं पैनी नजर

प्रात : किरण संवाददाता




बगहा। बगहा पुलिस जिला के वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज पर एसएसबी जवानो द्वारा सीएम अगमन को लेकर विशेष चौकसी बर्ती जा रही है। इंडो नेपाल गंडक बराज पर तेनात एसएसबी के जवान विशेष जांच अभियान चला रहे हैं। गंडक बराज एसएसबी कैंप प्रभारी इंस्पेक्टर लोकेश बनिया ने बताया की सीएम के आगवन को लेकर इंडो नेपाल सीमा स्थित गंडक बराज पर एसएसबी जवानो द्वारा विशेष जाँच अभियान चलाया जा रहा हैं। उन्होंने बताया की जाँच अभियान के दौरान पैदल और वाहनों की जाँच की जा रही हैं। बतादे की वाल्मीकिनगर मे सीएम नितीश कुमार की 10 से 11 सितंबर को संभावित दौरे की कयास लगाई जा रही हैं। इसी दौरे के मधेनजर इंडो नेपाल सीमा पर जाँच अभियान एसएसबी जवानो के द्वारा चलाई जा रही हैं।

# उत्पाद विभाग की गाड़ी पर जानलेवा हमला दारोगा और सिपाही जान बचाकर भागे

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। बगहा के उतर प्रदेश बिहार सीमा पर धनहा में असामाजिक तत्वों और शराब कारोबारियों ने उत्पाद विभाग की गाड़ी पर हमला कर वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया हालांकि दरोगा और सिपाही अपनी जान बचाकर भाग निकले। दरअसल धनहा थाना क्षेत्र के बांसी-धनहा मुख्य सड़क पर कठार गांव के पास रविवार देर शाम कार्रवाई करने गईं उत्पाद विभाग की टीम और गाड़ी पर हमला किया गया। शराब कारोबारी और पियक्कड़ों के हमले में पुलिस की स्कॉर्पियो गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गईं है।

मिली जानकारी के मुताबिक उत्पाद विभाग की टीम शराबियों और कारोबारियों को पकड़ने यूपी-बिहार सीमा के देवीपुर इलाके में पहुंची थी। इसी दौरान एक शराबी पकड़ा गया,जबकि दूसरा पुलिस की गाड़ी देखकर भागने लगा। भागने के दौरान वह गिरकर घायल हो गया। तभी ग्रामीणों ने जब उसे घायल देखा तो नाराज होकर उत्पाद विभाग की टीम का पीछा किया और कठार गांव के पास गाड़ी को घेरकर हमला बोल दिया । बताया जा रहा है की हमले के दौरान गाड़ी में सवार उत्पाद विभाग के दरोगा,तीन सिपाही और ड्राइवर किसी तरह भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। इधर घायल शराबी की पहचान गदियांनी टोला निवासी बृजलाल यादव के रूप में हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही धनहा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू किया । धनहा थानाध्यक्ष ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम और क्षतिग्रस्त वाहन की तलाश कर उसे थाना पर लाया गया है ।

वहीं इस सम्बन्ध में उत्पाद थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा है कि घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी गई है और वे स्वयं भी मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई में जुटे हैं। बतादें की बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद सीमा पर शराबी और पियक्कड समेत शराब कारोबारी शराब बिक्री समेत तस्करी में जुटे रहते हैं अक़्सर धनहा के इन क्षेत्रों में शराब की खेप आर पार कराई जाती है तो वहीं कुछ पियक्कड व शराबी नियमित सीमा पर शराब पीने या लाने में जुटे रहते हैं। ऐसे में आज पुलिस टीम वाहन पर हमला के बाद आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध केस दर्ज करने के साथ पुलिस अब गिरफ़्तारी की कवायद में जुट गईं है।

# पर्यटन नगरी के पर्यटक डिस्टिनेशन में लगया जा रहा क्लात्मक प्रकाशकुंज

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर स्थित पर्यटन के तमाम डिस्टिनेशन लोकेशन मे नए व बिलकुल आधुनिक क्लात्मक प्रकाशकुंज यानि की प्रकश लाइट पोल लगाए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम प्रगति मे हैं। सूत्रों की माने तो पुराने लगे प्रकाश पोल ओल्ड मॉडल के हो चले हैं और इस मे कई पोलों से प्रकाश अप्रयाप्त हो गया हैं। इसलिए वाल्मीकिनगर के सौंदर्य के नवीनकरण मे एक आयाम जुड़ रहा हैं। इसके रूप रंग अपने आप मे सुंदर व नवीन होने की वजह से पर्यटको को खूब भा रही हैं। बतादे की गंडक बराज और उसके आसपास समेत वाल्मीकिनगर की खूबसूरत मरीन ड्राइव के सभी पोलों को बदलने का कार्यक्रम तेज गति से किया जा रहा हैं। सम्भवतः सीएम के संभावित दौरे से पहले इस कार्यक्रम को पूर्ण कर लिया जाएगा।

# मंडल कारा में लगा श्रम संसाधन विभाग का मार्गदर्शन कार्यक्रम, दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। श्रम संसाधन विभाग, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा की ओर से सोमवार को मंडल कारा, छपरा में एक विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कारा में रह रहे बंदियों और उनके आश्रितों को सरकारी योजनाओं, पुनर्वास व कौशल विकास अवसरों की जानकारी उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक अमरजीत सिंह, उपाधीक्षक जितेंद्र प्रसाद गुप्ता तथा सहायक अधीक्षक सुश्री प्रीति कुमारी उपस्थित रहे। वहीं नियोजनालय की ओर से सहायक निदेशक भरत जी राम और नियोजन पदाधिकारी सुश्री पिंकी भारती ने सक्रिय सहभागिता की। अपने संबोधन में भरत जी राम और सुश्री पिंकी भारती ने बंदियों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से अवगत कराया, जिनमें स्टडी किट और टूल किट वितरण योजना, मार्गदर्शन सत्र और करियर सूचना केंद्र,जॉब कैंप और रोजगार मेला जैसी उपयोगी सेवाएं शामिल हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इन योजनाओं का उद्देश्य न केवल बंदियों के कौशल विकास और पुनर्वास में मदद करना है, बल्कि उनके परिजनों और आश्रितों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी ठोस कदम उठाना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन ने यह संदेश दिया कि जेल में रह रहे बंदियों को भी मुख्यधारा से जोड़ने और उनके परिवारों को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

# उप विकास आयुक्त ने किया पर्यवेक्षण गृह और दत्तक ग्रहण संस्थान का निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। उप विकास आयुक्त, सारण यतेंद्र कुमार पाल ने सोमवार को बाल पर्यवेक्षण गृह तथा विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, छपरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने स्वच्छता, सुरक्षा, स्वास्थ्य और बच्चों की भावनात्मक देखभाल को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने प्रभारी अधीक्षक और संस्थान के समन्वयक को स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कहा कि बच्चों के शयनकक्ष, स्नानागार और भोजनालय की स्वच्छता हर हाल में सुनिश्चित हो,सीसीटीवी कैमरे हर समय कार्यशील रहें और उनकी नियमित जांच हो। डीडीसी ने यह भी कहा कि बच्चों को समय पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए, खाद्य सामग्री का सही रख-रखाव हो तथा गुणवत्ता की नियमित जांच हो। बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराए जाने के साथ विशेषकर दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष चिकित्सा व्यवस्था की जाए और फर्स्ट एड बॉक्स हमेशा आवश्यक दवाओं व उपकरणों से लैस रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि दत्तक ग्रहण संस्थान में बच्चों की भावनात्मक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इस अवसर पर सहायक निदेशक, बाल संरक्षण, सारण भी उपस्थित थीं।

# बुथ एवं पन्ना प्रमुख तक को बनाना होगा सशक्तः अजय जामवाल

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी छपरा विधान सभा की सांगठनिक बैठक जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्नेही भवन छपरा में संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल जी एवं बिहार प्रदेश के महामंत्री शिवेश राम ने छपरा विधानसभा के पंचायत अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख, मंडल अध्यक्ष एवं इस विधानसभा के सभी पदाधिकारी को चुनाव हेतु होमवर्क देने का काम किया। उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल जी ने कहा कि बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुख तक के कार्यकर्ता को सशक्त एवं मजबूत बनाना होगा तथा हर घर जनसंपर्क करना ही होगा, क्योंकि अपना एक ही सिद्धांत हमारा बुथ सबसे मजबूत होनी चाहिए। महामंत्री शिवेश राम ने कहा कि हर घर जनसंपर्क अभियान में हर घर को संपर्क कर एनडीए गठबंधन सरकार की उपलब्धियां को जन जन तक पहुंचना है एवं सभी को अपनी केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं बताना है और उनका वोट अपने पक्ष में करना होगा। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मानना है एवं हर घर संपर्क अभियान करना है, जिसका उद्देश्य ही अपना बूथ सबसे मजबूत होना चाहिए। आज की बैठक में मुख्य रूप से छपरा विधायक डॉ सीएन गुप्ता, जिला प्रभारी अनुप श्रीवास्तव,पूर्व जिला अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय पालक अशोक कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष रमेश प्रसाद, बंशीधर तिवारी, पूर्व प्रत्याशी शिक्षक निर्वाचन डॉ धर्मेंद्र सिंह, विधानसभा प्रभारी श्याम सुंदर प्रसाद, विधानसभा, महामंत्री विवेक कुमार सिंह,धर्मेंद्र साह, विधानसभा संयोजक सत्यानंद सिंह,अभय सिंह,अर्द्धेन्दु शेखर बलवंत सिंह,जितु कुमार, प्रवक्ता राजेश फैशन,मदन कुमार सिंह,सुशील सिंह, अजीत सोनी,शांतनु सिंह, शुभम वर्मा, शत्रुघ्न चौधरी, कौशल सिंह,मंडल धर्मेंद्र चौहान,रिंकु सिंह, सत्येन्द्र शर्मा,चन्दु सिंह, संस्कार कुमार,अनुप यादव सहित छपरा विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख पंचायत अध्यक्ष एवं सभी मोर्चा अध्यक्ष तथा प्रमुख कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

# पर्युषण महापर्व के समापन पर क्षमावाणी महापर्व का किया गया भव्य आयोजन



**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा। महाजन टोली नंबर दो स्थित श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर प्रांगण में मुनि श्री 108 विशल्यसागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में क्षमावाणी महापर्व का भव्य आयोजन हुआ। परंपरागत रूप से समस्त प्रतिमा जी का जलाभिषेक, भव्य पंचामृत अभिषेक, मंगल आरती, पुष्पवृष्टि, वृहद शांतिधारा, जन्म समय की आरती, स्वयंभू स्त्रोत, देव शास्त्र गुरु की पूजा, पार्श्वनाथ पूजा, क्षमावाणी पूजा, जयमाला समर्पण भक्तों के द्वारा किया गया। जिसमें प्रथम जलाभिषेक अशोक कुमार जैन, शांतिधारा रत्न ा-कमलेश जैन एवं जयमाला का सौभाग्य मधु-विमलेश कुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ। उक्त अवसर पर मुनिश्री विशल्यसागर जी महाराज ने अपने संबोधन में बोले कि अन्तःकरण की उदारता का नाम ही क्षमा है। यह क्षमा जिसके भीतर अवतरित हो जाती है वह परमात्मा को शीघ्र पा लेता है हम अपने भीतर क्षमा गुण को जागृत करें और सारे विश्व को अपना बनाकर परमात्मा की विरासत को प्राप्त करें। परमात्मा की विरासत को प्राप्त करने के लिऐ मात्र इतना ही ध्यान रखें कि हमें क्षमा पश्चाताप पूर्वक मांगना है और विगत हुई गलतियों को न दोहराने का संकल्प ग्रहण करना है, क्योंकि क्षमा पर क्षमा मांगते हुए गलती पर गलती करते चले जाना अक्षम्य अपराध है। क्षमा उदारता का परिचायक है, क्षमा भले मन का द्योतक है, क्षमा महानता की परख है। क्षमा अहंकार का निरसन है, क्षमा निर्मल चारित्र का संस्थापक है, क्षमा विनाश की जड़ का विनाशक है, क्षमा दान, दया, परोपकार, सौहार्द, मैत्री, सत्य ब्रह्मचर्य, धन, विद्या, यश, बुद्धि सभी का विकासक है।

बलवान को देख क्षमा, कमजोर को देख-क्रोध। यह धर्म नहीं विकृत मानसिकता है। क्षमा तो अपने से कमजोर को भी करो। स्वयं शक्तिवान होकर भी दूसरों को क्षमा करना ही वास्तविक क्षमा है। वही क्षमा ह्यक्षमा वीरस्य भूषणम्ह्न सूत्र को सार्थक करती है। क्षमा को पत्रों के माध्यम से मत बांटो अपितु मैत्री के भावों को वृद्धिगत करो, भीतर की शत्रुता को समाप्त करने का नाम ही क्षमा है। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि संघस्थ ब्रह्मचारी अनिष भैया दशलक्षण के 11 दिन का उपवास, आरा समाज के विमलेश कुमार जैन एवं उनके पुत्रवधू अन्नू जैन के सोलहकारण व्रत के उपलक्ष्य में समाज द्वारा शोभायात्रा निकाला तथा उनका सम्मान मंदिर परिसर पर किया गया। क्षमावाणी महापर्व के समापन पर उपस्थित लोगों ने एक दूसरे से क्षमायाचना किया।कार्यक्रम के समाप्ति पर साधर्मी वात्सल्य की व्यवस्था स्वर्गीय शशिलता, ज्ञान चंद्र जैन जी की पुण्य स्मृति में शुचिता, श्रेयांश जैन के द्वारा किया गया था जिसे सभी भक्तों ने आनंदपूर्वक ग्रहण किए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायती मंदिर के संयोजक आकाश जैन, अजय जैन, अध्यक्ष कमलेश जैन, उपाध्यक्ष रीना जैन, सचिव डॉ आदित्य विजय जैन, बिभु जैन, कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र चंद्र जैन, संचालन डॉ शशांक जैन, रौशन चंद्र जैन, मनोज जैन, दीपू जैन, नीरज किशोर जैन, साहू जैन, डॉ श्वेता जैन के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तगण की भूमिका अहम रही।

# रक्सौल की बेटी कृति जालान ने रचा नया इतिहास नारी शक्ति का गौरव, समाज का सम्मान



**प्रातः किरण संवाददाता**

रक्सौल। स्थानीय बैंक रोड की होनहार बेटी कृति जालान ने अपने अदम्य साहस, परिश्रम और लगन से पूरे देश में रक्सौल का मान बढ़ाया है। प्रतिष्ठित व्यवसायी नंदकिशोर जालान एवं स्व. कांता देवी जालान की सुपौत्री तथा लायन बसंत जालान एवं लायन अनीता जालान की लाडली बिटिया रानी कृति ने देश की शीर्ष विधि संस्थान नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु से अपनी लॉ की डिग्री प्राप्त की। यह डिग्री उन्हें भारत के माननीय सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत जी के द्वारा मिली, जो आगामी 24 नवंबर 2025 से देश के मुख्य न्यायाधीश का पद संभालेंगे। कृति की प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं। वर्ष 2020 में आयोजित सीएलएटी के इंट्रेंस परीक्षा में उन्होंने ओबीसी वर्ग में पूरे भारत में चौथा स्थान और सामान्य श्रेणी में 66वां स्थान प्राप्त कर देशभर में रक्सौल और बिहार का परचम लहराया था। यही उपलब्धि उन्हें देश की प्रथम रैंक लॉ यूनिवर्सिटी तक ले गई। अपनी पढ़ाई के दौरान उन्होंने भारत की शीर्ष लॉ फर्म खेतान एंड एसोसिएट्स, मुंबई से ट्रेनिंग पूरी की और वर्तमान में वहीं लॉ एडवाइजर के रूप में कार्यरत हैं। कृति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार और समाज को देते हुए कहा कि यह उनकी प्रेरणा और आशीर्वाद ही है, जिसने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया। बड़ी बहन डॉ. अंजलि और बड़े भाई ऋषभ जालान ने भी अपनी बहन की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी लायन बिमल सर्राफ, सचिव लायन मोहम्मद निजामुद्दीन और कोषाध्यक्ष लायन अमित कुमार सहित सभी सदस्यों ने कृति के माता-पिता को बधाई दी और बिटिया रानी के उज्जवल भविष्य की कामना की। क्लब अध्यक्ष ने घोषणा की कि आगामी नवरात्र में डांडिया उत्सव के दौरान कृति को विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा।प्रमुख समाजसेवी महेश अग्रवाल, गणेश धानोठिया, हेमंत अग्रवाल, प्रशांत जालान,नारायण रुंगटा आदि थे।

# बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन चुनाव संपन्न, नरेंद्र कुमार धीरज पुनः बने प्रदेश अध्यक्ष, प्रखंडवासियों ने दिया बधाई



**प्रातः किरण संवाददाता**

सहार (भोजपुर)। बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश पदाधिकारियों का चुनाव रविवार को संपन्न हो गया। इस चुनाव में नरेंद्र कुमार ह्यधीरजह्न ने एक बार फिर प्रदेश अध्यक्ष का पद हासिल किया। देर शाम घोषित हुए चुनाव परिणाम में धीरज का पूरा पैनल विजयी रहा।नरेंद्र कुमार ह्यधीरजह्न सहार थाना क्षेत्र के मुदफरपुर गांव के मूल निवासी हैं। उनके दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर प्रखंड क्षेत्र में खुशी की लहर है और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई दी है।चुनाव बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-5 (बीएमपी-5) के प्रांगण में संपन्न हुआ, जहां सुबह से ही गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। इस बार कुल 964 डेलिगेट में से 799 ने मतदान किया। प्रदेश अध्यक्ष पद पर नरेंद्र कुमार धीरज को 538 वोट मिले, जबकि महामंत्री पद के लिए 463 वोट डाले गए। अन्य पदों पर भी धीरज पैनल को ही जीत मिली।चुनाव बीएमपी-5 के समादेष्टा जीतेंद्र कुमार की देखरेख में कराया गया। चुनाव परिणाम के अनुसार राजू कुमार सिंह महामंत्री, उमेश दुबे संगठन महामंत्री बीसैप, ब्रजेश कुमार कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं, प्रदीप कुमार सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष-1, प्रशांत कुमार प्रदेश उपाध्यक्ष-1 बीसैप, भारत प्रसाद यादव प्रदेश उपाध्यक्ष-2, कौशल किशोर सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष-2 बीसैप चुने गए। इसी प्रकार राजेश कुमार सिंह संयुक्त महामंत्री-1, अखिलेश कुमार संयुक्त महामंत्री-1 बीसैप, राहुल कुमार संयुक्त महामंत्री-2, संजीत पासवान संयुक्त महामंत्री-3, गोपाल कुमार यादव सहायक महामंत्री-1, तरुण कुमार शर्मा सहायक महामंत्री-1 बीसैप, सुजीत कुमार यादव सहायक महामंत्री-2 और वीरेंद्र कुमार सहायक महामंत्री-3 बनाए गए।

बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन मुख्य रूप से सिपाही और हवलदार रैंक के पुलिसकर्मियों का प्रतिनिधित्व करता है। राज्य में ऐसे पुलिसकर्मियों की संख्या 80 हजार से अधिक है और सभी इसकी सदस्यता में आते हैं।

# नारी को अपमान करने के विरुद्ध मे एनडीए नेताओं को पुतला दहन



## राजबलब और श्री भगवान दुसाशन के वंसज है :भाई दिनेश

**प्रातः किरण संवाददाता**

जगदीशपुर। राजद नेता पूर्व विधायक भाई दिनेश के नेतृत्व में जगदीशपुर नगर पंचायत के किला गेट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री सह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का पुतला दहन किया गया। इस दौरान राज बलाब यादव और शिवन कुशवाहा के पुतले पर लोगों ने थूका।

भाई दिनेश ने पुतला दहन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज बलभ यादव और श्री भगवान कुशवाहा ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, राजमाता राबड़ी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की धर्मपत्न ी पर अभद्र टिप्पणी की है, जिससे पूरा समाज और बिहार आहत हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग इस मुद्दे पर चुप हैं, जबकि कुछ दिन पहले ही नरेंद्र मोदी की मां को लेकर अभद्र टिप्पणी हुई थी, तब ये ही लोग रो रहे थे।

भाई दिनेश ने मांग की है कि राज बलाब यादव और श्री भगवा- कुशवाहा को काके मानसिक आरोग्य संस्थान में भर्ती कराया जाए और उन्हें पार्टी से तत्काल निष्कासित किया जाए। अगर ऐसा नहीं होता है, तो समझा जाएगा कि भाजपा और नीतीश कुमार ऐसे लोगों को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो पूरा बिहार बंद होगा और चक्का जाम होगा।

भाई दिनेश ने कहा की राजवंल्लव यादव और श्री भगवा- कुसवाहा दुशासन के वंश का है ! राजवंल्लव यादव, श्री भगवा- कुसवाहा ने मोदी - नितीश कुमार के नक़्शे कदम पर चलते हुए,तेजस्वी यादव जी पत्नी राजश्री यादव जी को ह्व जर्सी गाय ह्व कहा है, श्री भगवा- कुस्वाहा ने विदेशी कहा लगता है राजवंल्लव यादव दुशासन के वंश का है ! क्योंकि यादव श्री कृष्णा तो महिला के सम्मान के लिए महाभारत का युद्ध लड़ा था !कार्य क्रम मे उमाशंकर सिह, हिरदा नंद सिह, किरण सिह,नायक सिह, बिरेंद्र सिह, लाल बहादुर सिह, मंजय सिह,मंजि सिह, परमेश्वर सिह , बीर बहादुर सिह, राजू यादव, शैलेश कुमार, बिनोद सिह, अंजनि सिह, मो जमील, रुस्तम अंसारी, बीरबल पासवान, रंजीत यादव, महेश सिह, लक्षमण सिह, हनुमान सिह, मदन सिह, रबी नंद सिह, सुदर्शन राम, श्री राम सिह, हरेंद्र सिह लाल बाबू सिह,

# दिव्यांग बच्चों के लिए नामित नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित



पीरो। बिहार शिक्षा परियोजना अंतर्गत समावेशी शिक्षा प्रभाग के तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों के लिए नामित नोडल शिक्षकों के तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार को प्लस टू उच्च विद्यालय पीरो के सभागार में किया गया। इस प्रशिक्षण के पहले बैच में विभिन्न काम्प्लेक्स रिसोर्स सेन्टर अंतर्गत अलग-अलग विद्यालयों के 40 शिक्षक भाग ले रहे हैं। यहां आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्लस टू उच्च विद्यालय पीरो के प्रभारी प्रधानाध्यापक भीम राय, समावेशी शिक्षा प्रभाग के संसाधन शिक्षक धनंजय कुमार पान्डेय व उमाशंकर पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर प्रधानाध्यापक भीम राय ने कहा कि दिव्यांग बच्चे भी सामान्य बच्चों से किसी मामले में कम नहीं हैं। उन्हें बस विशेष सुविधा व संसाधन उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। इस बात को ध्यान में रखकर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए तमाम तरह की कल्याणकारी योजनाएं चला रही है । प्रत्येक विद्यालय में एक नोडल शिक्षक नामित कर दिव्यांग बच्चों की विशेष देखभाल की व्यवस्था की जा रही है। इस प्रशिक्षण के दौरान नोडल शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों की देखभाल के लिए विशेष टिप्स दिए जाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम समावेशी शिक्षा प्रभाग के संसाधन शिक्षक धनंजय कुमार पान्डेय की देखरेख में संचालित किया जा रहा है ।

## ट्रेन से गिरकर बुजुर्ग महिला जख्मी, अस्पताल में हुई भर्ती

आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उजख्मी महिला के पति द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी गोपाल के बथान गांव निवासी शिव शंकर की 75 वर्षीया पत्नी बुटानी देवी है। इधर, जख्मी महिला के पति शिव शंकर ने बताया कि वे दोनों बिहिया से ट्रेन द्वारा आरा आ रहे थे। इसी क्रम में जब वह आरा स्टेशन पर ट्रेन से उतर रही थी। उसी दौरान असंतुलित होकर वह गिर पड़ी और गंभीर रूप से जख्मी हो गई। हादसे में जख्मी महिला को सर में काफी गंभीर चोटे आई।

## विषैले जंतु के काटने से किशोरी की हालत बिगड़ी

आरा। कोईलवर थाना क्षेत्र के शिवनगर गांव में सोमवार की सुबह विषैले जंतु के काटने से एक किशोरी की हालत काफी गंभीर हो गई। जिसके बाद पर परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार उक्त किशोरी कोईलवर थाना क्षेत्र के शिवनगर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार के 17 वर्षीया पुत्री उर्मिला कुमारी है। इधर, उक्त किशोरी के परिजन ने बताया कि सोमवार की सुबह घर में काम कर रही थी। उसी दौरान विषैले जंतु ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। हालांकि उसे सांप या किसी और जंतु ने काटा है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

## बच्चों के बीच हुए झगड़े को लेकर किशोरी को पीटा

आरा। जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के घोड़पोखर गांव में सोमवार को दोपहर बच्चों के बीच में झगड़े को लेकर एक किशोरी की जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए उदवंतनगर पीएचसी से सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी किशोरी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के घोड़पोखर गांव निवासी भोला सिंह की 15 वर्षीया पुत्री रितु कुमारी है। इधर, जख्मी के परिजन ने बताया कि पड़ोसी 20 कुमार के पोते एवं रितु कुमारी के बीच झगड़ा हुआ था। जिसके बाद उन लोगों द्वारा घर ईट फेंका जाने लगा। जब उसके परिवार वालों ने कहा कि बच्चों के बीच झगड़ा हुआ, तो घर में ईट मत फेंको। तभी वे गाली-गलौज करते हुए उनके घर में घुस गया और उनकी बेटी की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## शादी की नियत से युवती का अपहरण

दरियापुर।प्रखंड क्षेत्र के सैदपुर गांव से एक छात्रा का कुछ लोगों द्वारा शादी की नीयत से अपहरण कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।इस संबंध में छात्रा की मां ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज प्राथमिकी में उसने कहा है कि उसकी पुत्री मस्ती चक स्थित रहमत बालिका उच्च विद्यालय में पढ़ने गई थी।शाम में जब वह पढ़ कर अपने घर पहुंची तो सभी अभियुक्त उसे अर्टिगा गाड़ी में बिठा लिए।फिर उसे कहीं लेकर चले गए।दर्ज प्राथमिकी में उसने सात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है।परिजनों ने बताया कि मुख्य अभियुक्त के घर वालों ने स्वीकार किया कि उसका लड़का उसकी पुत्री को भगा कर ले गया है।अभियुक्त के घर वालों ने धमकी भी दी कि तुम्हे जो करना होगा कर लेना।पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

## नहाने के दौरान भाई-बहन डूबे, भाई बचा, बहन की मौत

आरा/सहार। भोजपुर के सहार थाना क्षेत्र के बड़की खंडाव के समीप सोमवार को बकरी चराने गये भाई-बहन कोईलवर रजवाहा में नहाने लगे। इस दौरान दोनों भाई-बहन डूबने लगे। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा भाई को किसी तरह बचाया गया। वही बहन की मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव की खोजबीन में तेजी लाने को लेकर नासरीगंज-सकड्डी स्टेट हाईवे को खंडाव के समीप जाम कर दिया, जानकारी के अनुसार रोहतास के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के मंजी दुआरी गांव निवासी छोटे साव के 9 वर्षीया पुत्री लक्ष्मीणा कुमारी और 8 वर्षीय पुत्र अर्जुन कुमार विगत एक माह से अपने नाना के घर बड़की खंडाव चपरासी साव के यहां थी। सोमवार के दिन दोनों भाई-बहन बकरी चराने के लिए नहर के समीप गये थे। नहर में नहाने के दौरान डुबने लगे, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा भाई को किसी तरह बचाया गया। वही बहन तेज धारा के साथ लापता हो गई। ग्रामीणों के द्वारा घटना की सूचना प्रशासन को दिया गया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष दीपक कुमार, अंचलाधिकारी राकेश शर्मा, मुखिया घटनास्थल पर पहुंचे तथा गोताखोर की सहायता से खोजबीन शुरू किया

# कल एनडीए कार्यकर्ताओं का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन को लेकर जदयू हुई बैठक



**प्रातः किरण संवाददाता**

भागलपुर । सुल्तानगंज में जदयू महिला मोर्चा के अध्यक्षा प्रेम प्रभात सिन्हा के नेतृत्व में जदयू विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल के आवास पर दस सितम्बर को होने वाले एनडीए विधानसभा स्तरीय सम्मेलन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई/बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए हजारों हजारों की संख्या में दस सितम्बर को शाहकुण्ड प्रखंड के अम्बेडकर मैदान में एनडीए कार्यकताओं का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में भाग लेने पर विचार किया गया/इस दौरान जदयू महिला कार्यकर्ता पूनम देवी, मीना भारती, रानी झा, पुष्पा देवी प्रतिमा देवी सविता देवी बिना कुमारी ,जीरा देवी ,रानी देवी, कुमकुम देवी ,रीता देवी ,कंचन देवी, बिना भारती, सहित इत्यादि जदयू महिला कार्यकर्ता मौजूद थे

## डीडीयू मंडल एवं धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर डीडीयू मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर निम्नलिखित ट्रेनों का 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 13349 सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस दिनांक 10.09.2025 से 03.13/03.15 बजे अंकोरहा स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 2. गाड़ी सं. 13350 पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस दिनांक 10.09.2025 से 23.47/23.49 बजे अंकोरहा स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 3.गाड़ी सं. 12397 गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस दिनांक 10.09.2025 से 16.28/16.30 बजे चंदौली मझवार स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।4.गाड़ी सं. 12398 नई दिल्ली-गया महाबोधि एक्सप्रेस दिनांक 10.09.2025 से 23.43/23.45 बजे चंदौली मझवार स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

5. गाड़ी सं. 13347 बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस दिनांक 10.09.2025 से 00.36/00.38 बजे अंकोरहा स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

# विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के मौके पर मरीजो को दिया गया निःशुल्क परामर्श




**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा। शहर के विष्णु नगर जेड चौक के समीप फिजियोहिल एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में सोमवार को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर मरीजों का निःशुल्क जांच किया गया। इसके साथ ही दो दिवसीय निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच सह परामर्श शिविर का समापन हो गया।फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के मौके पर आयोजित शिविर में आज 35 पुराने मैरिज तथा 25 नये मरीज आए, जिनका जांच कर इलाज हेतु परामर्श दिया गया। 15 अन्य मरीजों ने शिविर रजिस्ट्रेशन कराया है। कैंप में रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों को ईलाज में विशेष लाभ दिया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि आज ज्यादातर कमर दर्द, कूल्हे में दर्द, गर्दन दर्द, कंधे का दर्द, एड़ी में सूजन व दर्द, शरीर में लकवा, घुटने का दर्द, मांसपेशियों में चोट, फ्रैक्चर व सर्जरी के बाद अकड़न आदि से संबंधित मरीज आए। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में लोगों की दिनचर्या में आए बदलाव से उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों के लिए फिजियोथेरेपी रामबाण है। दो दिवसीय कैंप को सफल बनाने में सत्या राय, आभा, रेशमा एवं संगीता का सक्रीय योगदान रहा है।

# गोरखपुर-डोमिनगढ़ तीसरी लाइन तथा गोरखपुर-नकहा जंगल दोहरीकरण की कमीशनिंग हेतु 22 सितम्बर को प्री-इण्टरलॉक एवं 23 से 26 सितम्बर, 2025 तक नान इण्टरलॉक कार्य को ले ट्रेनों के परिचालन में होगा बदलाव

**प्रातः किरण संवाददाता**



हाजीपुर। परिचालनिक सुगमता हेतु मूलभूत ढ़ाँचे में विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर जं.-डोमिनगढ़ (04 किमी.) तीसरी लाइन की कमीशनिंग तथा गोरखपुर-नकहा जंगल (05 किमी.) दोहरीकरण की कमीशनिंग हेतु 22 सितम्बर, 2025 को प्री-इण्टरलॉक एवं 23 से 26 सितम्बर, 2025 तक नान इण्टरलॉक कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन निम्नानुसार किया जायेगा। नान इण्टरलॉक कार्य के उपरान्त 26 सितम्बर, 2025 को रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया जायेगा।

इस कार्य के पूर्ण होने से डोमिनगढ़ में होने वाले ट्रेनों के विलम्बन में कमी आयेगी। दशहरा, दीपावली एवं छठ पूजा के पूर्व इस कार्य के पूर्ण होने से आगामी त्यौहारों में ज्यादा विशेष गाड़ियों का संचलन सम्भव होगा।

तीसरी लाइन के निर्माण एवं दोहरीकरण से लाइन क्षमता में वृद्धि होगी एवं मांग के अनुरूप गाड़ियाँ अधिक संख्या में तीव्र गति से चलाई जा सकेंगी। यात्री गाड़ियों का संचलन और अधिक सुचारू रूप से होगा, समय पालन में सुधार होगा। इसके साथ ही इस रेलखंड पर खुलने वाली मालगाड़ियों के संचलन समय में भी कमी आयेगी।

### परिचालन रद्द की गयी ट्रेनें –

1.गाड़ी सं. 04654 अमृतसर-न्यू जलपाईगुडी स्पेशल - 24.09.25 को 2.गाड़ी सं. 04653 न्यू जलपाईगुडी-अमृतसर स्पेशल - 26.09.25 को 3.गाड़ी सं. 12537 मुजफ्फरपुर-प्रयागराज जं. एक्सप्रेस - 22 एवं 24.09.25 को4.गाड़ी सं. 12538 प्रयागराज जं.-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस - 22 एवं 24.09.25 को5.गाड़ी सं. 15098 जम्मूतवी-भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस - 23.09.25 को 6. गाड़ी सं. 15097 भागलपुर-जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस - 25.09.25 को

7.गाड़ी सं. 14009 बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार एक्सप्रेस - 23 एवं 25.09.25 को8.गाड़ी सं. 14010 आनन्द विहार-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस -22 एवं 24.09.25 को9.गाड़ी सं. 15002 देहरादून-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस - 27.09.25 को 10.गाड़ी सं. 15001 मुजफ्फरपुर-देहरादून एक्सप्रेस - 29.09.25 को

11.गाड़ी सं. 15027 सम्भलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस - 25.09.25 से 29.09.25 तक12. गाड़ी सं. 15028 गोरखपुर-सम्भलपुर मौर्य एक्सप्रेस - 23.09.25 से 27.09.25 तक13. गाड़ी सं. 15033 पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस - 26 एवं 27.09.25 को

14. गाड़ी सं. 15034 गोरखपुर-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस - 26 एवं 27.09.25 को

15. गाड़ी सं. 15047 कोलकाता-गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस - 25 एवं 27.09.25 को

16. गाड़ी सं. 15048 गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस - 23 एवं 26.09.25 को

17. गाड़ी सं. 15049 कोलकाता-गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस - 24 एवं 28.09.25 को

18. गाड़ी सं. 15050 गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस - 24 एवं 27.09.25 को

19. गाड़ी सं. 15051 कोलकाता-गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस - 26.09.25 को

20. गाड़ी सं. 15052 गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस - 25.09.25 को

21. गाड़ी सं. 15077 कामाख्या-गोमती नगर एक्सप्रेस - 23.09.25 को

22. गाड़ी सं. 15078 गोमती नगर-कामाख्या एक्सप्रेस - 22.09.25 को

23. गाड़ी सं. 15079 पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस - 23.09.25 से 29.09.25 तक

24. गाड़ी सं. 15080 गोरखपुर-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस - 23.09.25 से 29.09.25 तक

25. गाड़ी सं. 15089 गोड्डा-गोमती नगर एक्सप्रेस - 27.09.25 को 26. गाड़ी सं. 15090 गोमती नगर-गोड्डा एक्सप्रेस - 26.09.25 को

27. गाड़ी सं. 15705 कटिहार-दिल्ली चम्पारण हमसफर एक्सप्रेस - 22 एवं 25.09.25 को

28. गाड़ी सं. 15706 दिल्ली-कटिहार चम्पारण हमसफर एक्सप्रेस - 23 एवं 26.09.25 को

29. गाड़ी सं. 18629 राँची-गोरखपुर एक्सप्रेस - 26.09.25 को

30. गाड़ी सं. 18630 गोरखपुर-राँची एक्सप्रेस - 27.09.25 को

31. गाड़ी सं. 26501 पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस - 23.09.25 से 26.09.25 तक

32.गाड़ी सं. 26502 गोरखपुर-पाटलिपुत्र वंदे भारत एक्सप्रेस - 23.09.25 से 26.09.25 तक

33.गाड़ी सं. 55040 बढ़नी-नरकटियागंज पैसेंजर - 20.09.25 से 28.09.25 तक

34.गाड़ी सं. 55095 नरकटियागंज-गोरखपुर कैण्ट पैसेंजर - 20.09.25 से 28.09.25 तक

35.गाड़ी सं. 55098 गोरखपुर कैण्ट-नरकटियागंज पैसेंजर - 21.09.25 से 29.09.25 तक

36.गाड़ी सं. 55097 नरकटियागंज-गोरखपुर कैण्ट पैसेंजर - 22.09.25 से 30.09.25 तक

37.गाड़ी सं. 55047 नरकटियागंज-गोरखपुर कैण्ट पैसेंजर - 22.09.25 से 30.09.25 तक

38.गाड़ी सं. 55048 गोरखपुर कैण्ट-नरकटियागंज पैसेंजर - 22.09.25 से 30.09.25 तक

39.गाड़ी सं. 55039 नरकटियागंज-बढ़नी पैसेंजर - 23.09.25 से 01.10.25 तक ।

# बिहार में डबल इंजन की सरकार कर रही है चहुंमुखी विकास : उप मुख्यमंत्री

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। बिहार में डबल इंजन की सरकार ने तेज गति से चहुंमुखी विकास कर रहा है। प्रत्येक जिले में इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक जैसे बड़े-बड़े शिक्षण संस्थान और हॉस्पिटल खोल रहे हैं। वहीं खेतों में पानी व मुफ्त बिजली पहुंच रही हैं। आज अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकासात्मक कार्यों का लाभ पहुंच रहा है। उक्त बातें बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अंबा में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार बिहार की महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए दस हजार रुपए दे रही है। रोजगार शुरू करने के बाद उन्हें दो लाख रुपए दिए जाएंगे। सरकार का यह कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में नया आयाम लिखेगा। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार में मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन, मंत्री जयंत राज, रालोमो प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव राम, संतोष कुमार निराला, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में संतोष कुमार सुमन ने कहा कि कुटुंबा विधानसभा में आपको वैसे प्रतिनिधि का चुनाव करना है जो आपकी सेवा कर सके। उन्होंने कहा कि मैंने अपने राजनैतिक जीवन की शुरूआत कुटुंबा से की थी। मेरी ख्वाहिश है कि जिसे मैं यहां चुनाव में नहीं हरा पाया, उसे मेरा कार्यकर्ता चुनाव में हराए। बिहार में विकास की रफ्तार रुकनी नहीं चाहिए। आपको अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए एनडीए सरकार चाहिए। विरोधी आरोप लगाते हैं कि एनडीए गठबंधन के नेता तो मिल जाते हैं लेकिन धरातल पर कार्यकर्ता का मेल नहीं हो पता है। परंतु एनडीए का साझा कार्यक्रम यह दिखाता है कि घटक दल के सभी पार्टी के कार्यकर्ता एक हो गए हैं। आने वाले दिनों में बिहार औद्योगिक क्रांति की नींव रखने जा रहा है। कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र विकास का इंतजार कर रहा है, उसके इंतजार को खत्म कीजिए। आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन 225 सीट जीतकर इतिहास लिखने जा रहा है। एनडीए का हर कार्यकर्ता पहरेदार के रूप में काम करेगा। वहीं औरंगाबाद भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए पांच पांडव का गठबंधन है। जिन लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को गाली दिया है, इसका बदला हम लोग वोट रुपी हथियार से लेंगे। अब यह लड़ाई धर्म और अधर्म के बीच की है। उन्होंने कहा कि इस बार कुटुंबा विधानसभा में आपके बीच का उम्मीदवार होगा। आप लोग एकजुट होकर एनडीए घटक दल के उम्मीदवार को चुनाव जीताने का कार्य करें। सम्मेलन में जदयू जिलाध्यक्ष व रफीगंज के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, हम सेक्युलर जिलाध्यक्ष रणधीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, भाजपा महामंत्री सतीश कुमार सिंह हम पार्टी सेक्युलर के कार्यकर्ता लालमोहन चौधरी, पार्टी के समर्पित एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता सह समाजसेवी मिथलेश कुमार, भाजपा कुटुंबा मंडल सह बीस अध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सह मुखिया गुलाम सरवर समेत एनडीए घटक दल के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

# मगध विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी ।मगध विश्वविद्यालय बोधगया के दर्शनशास्त्र विभाग में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य देश के महान दार्शनिक और शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचारों और उनके दार्शनिक योगदान से छात्रों को परिचित कराना तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में उनके योगदान , और विचारशीलता को प्रोत्साहित करना था।

इस समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण के साथ किया गया ।कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ प्रियंका तिवारी, सहायक प्राध्यापिका, दर्शनशास्त्र विभाग, मगध विश्वविद्यालय बोधगया के द्वारा किया गया है ।सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें कार्यक्रम की रूपरेखा समझाई। डॉ प्रियंका तिवारी ने कहा कि राधाकृष्णन का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं बल्कि एक सशक्त, नैतिक और जिम्मेदार नागरिक बनने के साथ मूल्यात्मक जीवन एवम समाज का निर्माण करना भी है। इसके बाद मुख्य वक्ता डॉ० अनूप पति तिवारी, ने राधाकृष्णन के दार्शनिक अवदान पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। उन्होंने उनकी कृतियों, व्याख्यानों, एवम पुस्तकों में व्यक्त किये गए विचारों पर प्रकाश डाला है। उन्होंने विशेष रूप से यह बताया कि कैसे राधाकृष्णन ने भारतीय संस्कृति एवम अध्यायात्म को पश्चिमी दर्शन के विज्ञान एवम भौतिक ता आधारित चिन्तन के समक्ष जीवन के लिए शान्तिप्रद एवम उत्कृष्ट सिद्ध किया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को विवेकानन्द, टैगोर ,एवम गांधी को समझना हो तो राधाकृष्णन को पढ़ें। डॉ राधाकृष्णन के शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा गया, कि राधाकृष्णन के शिक्षकों के प्रति आदर भाव और समाज में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया है। डॉ तिवारी ने कहा कि राधाकृष्णन ने शिक्षा को केवल ज्ञान का आदान-प्रदान नहीं बल्कि चरित्र निर्माण और नैतिक शिक्षा के माध्यम भी माना है। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर सामाजिक जिम्मेदारियों को समझना चाहिए।इस कार्यक्रम में अध्यक्षीय भाषण विभागाध्यक्ष प्रो0 जावेद अंजुम ने किया धन्यवाद ज्ञापन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ० रामनारायण मिश्र के द्वारा किया गया है ।समारोह के अंत में एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न पूछे और प्रो० अनूप पति तिवारी व विभागाध्यक्ष प्रो० जावेद अंजुम ने उन पर गहराई से विचार व्यक्त किए हैं। विद्यार्थियों ने इस सत्र को अत्यंत लाभकारी और प्रेरणादायक बताया है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पाली विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० संजय कुमार, प्रो० कृष्णदेव प्रसाद वर्मा,डॉ वागेश कुमार , संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ उमेश राय, डॉ० एकता वर्मा, दर्शनशास्त्र के अनेक शोधार्थी एवं विद्यार्थी के रूप में कुमार सौरभ, मो० तफसीर आलम, नंदनी कुमारी, आरती कुमारी, मधु कुमारी, सुबोध कुमार, नीतू कुमारी, रिंकी कुमारी, इत्यादि उपस्थित रहे। सभी ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया है।

# मतदाता सूची की गड़बड़ी को दूर कराने में मदद करेंगे पारा विधिक स्वंय सेवक : सचिव

प्रातः किरण संवाददात

औरंगाबाद। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा रिट याचिका (यों) (सिविल) संख्या 640/2025 एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स एवं अन्य याचिकाकर्ता (ओं) बनाम भारत के चुनाव आयोग प्रतिवादी (ओं) से सम्बन्धित आईए संख्या 213098/2025, 213175/2025 और 213214/2025 में 01 सितम्बर 2025 को पारित किये गये आदेश में निहित निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद द्वारा जिले के सभी 11 प्रखण्डों में प्रशिक्षित पारा विधिक स्वयं सेवकों को तैनात किया गया है। सभी तैनात पारा विधिक स्वयं सेवकों को आम मतदाताओं एवं राजनीतिक दलों को मतदाता सूची के सम्बन्ध में ऑनलाइन दावें एवं आपत्तियों को दाखिल करने में सहयोग प्रदान करेंगें। साथ ही प्रखण्ड स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को उनके अधिकार बताते हुए उन्हें जागरूक करेंगे, एवं जिन मतदाता का नाम मतदाता सूची में कट गया है अथवा कोई त्रुटि हुआ है, उनका त्रुटि को दूर कराने हेतु सम्बंधित बीएलओ से सम्पर्क स्थापित कर त्रुटि को दूर कराने में सहयोग करेंगे। उनका विवरण प्राप्त कर जिला विधिक सेवा प्राधिकार को समर्पित करेंगे। ताकि उक्त से सम्बंधित प्रतिवेदन को आवश्यक कार्रवाई हेतु माननीय बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार को प्रेषित किया जा सके।

प्रखण्डवार प्रतिनियुक्त पारा विधिक स्वयं सेवकों का नाम एवं दूरभाष नम्बर नीचे दिये जा रहे हैं, जिन मतदाताओं एवं राजनीतिक दलों को ओंनलाईन दावे एवं आपत्ति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करनी हो, वे उनसे सम्पर्क कर सकते हैं। बारूण प्रखण्ड के लिए बेबी देवी, फुलेन्द्र कुमार, मदनपुर प्रखण्ड के लिए रोहित कुमार, कविता कुमारी, औरंगाबाद प्रखण्ड के लिए विरेन्द्र राम, सुरेन्द्र कुमार, नवीनगर प्रखण्ड के लिए आलोक कुमार पाण्डेय, दिनेश कुमार साव, कुटुम्बा प्रखण्ड के लिए प्रकाश कुमार सिंह, माधुरी सिंह, देव प्रखण्ड के लिए इन्दू कुमारी, रोमा पाठक, रफीगंज प्रखण्ड के लिए अरूण कुमार, गोह प्रखण्ड के लिए चन्द्रशेखर आजाद, अनिल कुमार, हसपुरा प्रखण्ड के लिए उपेन्द्र कुमार, रिमझीम कुमारी, दाउदनगर प्रखण्ड के लिए ज्ञानदत्त कुमार, रूबी कुमारी, ओबरा प्रखण्ड के लिए अविनाश कुमार पाठक, सुधीर कुमार त्रिवेदी से सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय, व्यवहार न्यायालय परिसर, औरंगाबाद से भी दूरभाष संख्या 06186222223 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# शब्दाक्षर के राष्ट्रीय कार्यक्रम में औरंगाबाद के साहित्यकारों का रहा जलवा



प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर के बैनर तले राजस्थान के झुंझुनू स्थित बन्धे के बालाजी मंदिर के सभागार में एक राष्ट्रीय कवि-सम्मेलन आयोजित किया गया। त्रिदिवसीय इस आयोजन में भारतवर्ष के पच्चीस राज्यों से सैकड़ों कवि-साहित्यकारों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम प्रमुख राष्ट्रीय संरक्षक डा बुद्धिनाथ मिश्र, राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह एवं आयोजन प्रमुख डा दयाशंकर जांगिड़ की उपस्थिति में मां शारदे की स्तुति एवं स्वस्तिवाचन के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। आगत काव्यकारों का स्वागत मोतियों की माला, अंग-वस्त्र, उत्तरीय एवं स्मृति-चिह्न से किया गया। दस सत्रों में चले उक्त कवि-सम्मेलनों में से दो सत्रों का संचालन क्रमशः बिहार प्रदेश सचिव विनय मामूली बुद्धि एवं औरंगाबाद जिलाध्यक्ष नागेंद्र कुमार केशरी ने किया, यह खासकर बिहार एवं औरंगाबाद के लिए गौरव की बात है।

गीत ऋषि डा बुद्धिनाथ मिश्र ने कहा कि काव्यकारों को काव्यरचना से पूर्व विविध भाषा एवं छंद की पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए साथ ही परंपरा को आगे बढ़ाते हुए काव्य का प्रणयन करना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह एवं राष्ट्रीय प्रचार मंत्री धनंजय जयपुरी ने कहा कि साहित्य के उत्थान के लिए विभिन्न अवसरों पर साहित्यिक संगोष्ठी एवं कवि-सम्मेलनों का होना परमावश्यक है ।इस दौरान मनोज पद्मनाभ, मुकेश मारवाड़ी, जनार्दन मिश्र जलज, अनामिका सिंह, संतोष हिन्दवी, राजकुमार प्रतापगढ़िया, सविता बांगड़, अशोक व्यग्र, मधु गोयल, सावित्री सुमन, लखन डेहरिया, मुकेश गोयल, कुसुम अग्नि, अम्बिका मोदी इत्यादि कवि-कवयित्रियों ने अपनी काव्य-प्रतिभा से दर्शकों-श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## वार्ड पार्षद ने बिहार वर्णवाल मोदी महिला महासभा पिंडदानीयों सुविधा का किया उद्घघाटन



गया जी। बिहार वर्णवाल मोदी महिला महासभा के बहनो के द्वारा विष्णु पद अहिल्याबाई चोक के नजदीक तिर्थयात्रीयो एवं पिंड दानियों के लिए चाय, बिस्कुट,पानी आदी की सुविधा पिंडदानियो को उपलब्ध कराया जाएगा। इसकी अध्यक्षता ममता वर्णवाल द्वारा किया गया है। इस शिविर का उद्घाटन वार्ड पार्षद सारिका वर्मा ने फीता काट कर किया गया है ।इस मौके पर अध्यक्ष ममता वर्णवाल, महासचिव नूतन वर्णवाल, कोषाध्यक्ष रंजनी वर्णवाल ,अनु वर्णवाल,वंदना वर्णवाल, ममता वर्णवाल,काफी संख्या में महिलाएं वर्णवाल समाज की उपस्थिति थी।

# एनडीए घटक दल का कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुँचे हजारों लोग

■ बिहार के विकास में एनडीए की भागीदारी जरूरी है

प्रातः किरण संवाददाता



शेरघाटी। शहर के ऐतिहासिक रंगलाल हाई स्कूल के मैदान में सोमवार को एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में भावी प्रत्याशियों ने अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए टिकट की दावेदारी को लेकर जोर लगाया। हजारों की संख्या में जुटे समर्थकों ने मैदान को पूरी तरह खचाखच भर दिया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, जदयू कोटे से मंत्री श्रवण कुमार और हम पार्टी के मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए अश्विनी चौबे ने कहा, एनडीए सरकार ने देश और बिहार को विकास की नई दिशा दी है। आने वाले चुनाव में जनता एक बार फिर एनडीए के हाथों को मजबूत करेगी ।वहीं श्रवण कुमार ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा, बूथ जीतेगा तो चुनाव जीतेगा। हर कार्यकर्ता को घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं को बताना होगा। उन्होंने लोगों से एनडीए के प्रति भरोसा बनाए रखने की अपील की।

हम पार्टी के मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा, ह्लएनडीए का संकल्प गरीब, किसान और नौजवान की बेहतरी के लिए है। हम सब मिलकर बिहार को प्रगति की ओर ले जाएंगे।

सम्मेलन के दौरान भावी प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों की ताकत दिखाते हुए टिकट की दावेदारी को लेकर माहौल गरमा दिया। समर्थकों के नारों और तालियों से पूरा मैदान गूंज उठा।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह ने किया। उन्होंने कहा, शेरघाटी में एनडीए का हर कार्यकर्ता एकजुट है और हम सभी मिलकर इस बार ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे।

कार्यकर्ता सम्मेलन ने साफ संकेत दिया कि एनडीए की तैयारी बूथ स्तर तक मजबूत है और आने वाले चुनाव में शेरघाटी की राजनीति पर इसका सीधा असर देखने को मिलेगा।

# जीबीएम कॉलेज में विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में एनएसएस इकाई, सेहत केन्द्र एवं विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानाचार्या डॉ. सीमा पटेल की अध्यक्षता में 11 सितंबर को मनाये जाने वाले विश्व बंधुत्व दिवस के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। निर्दिष्ट विषय ह्लविश्व बंधुत्व में आज का भारतह्व पर प्रतिभागी के रूप में छात्रा रिमझिम कुमारी, गीतांजलि, सिमरन कुमारी, साधना, नैना कुमारी, शिवानी सिंह, लक्ष्मी कुमारी, कोमल कुमारी एवं प्रियंका कुमारी ने अपने विचार रखे हैं। निर्णायक मंडल के सदस्यों में विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी गया जी के विभाग संचालक एवं मिर्जा गालिब कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य प्रो. अरुण कुमार प्रसाद व नगर संचालक संजय किशोर, जीबीएम कॉलेज की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ प्यारे माँझी थे। इस कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस पदाधिकारी एवं सेहत केन्द्र की नोडल अधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी ने तथा संचालन विवेकानन्द केन्द्र के निरंजन बोरो ने किया है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो प्रसाद ने महर्षि पतंजलि, बाबा रामदेव, योग की महत्ता, स्वामी विवेकानन्द के सिद्धांतों एवं कृत्यों पर प्रकाश डाला।

## कांग्रेस सहकारिता विभाग के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष कुमार ओंकार शक्ति का कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत



गया जी। गया के स्थानीय कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में कांग्रेस सहकारिता विभाग के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष कुमार ओंकार शक्ति का कांग्रेस नेताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया जिसका अध्यक्षता जिला महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष पिंकी कुमारी के द्वारा किया गया है ।इस समारोह में जिला युवा के अध्यक्ष विशाल कुमार,पूर्व जिला अध्यक्ष गगन मिश्रा,शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विद्या शर्मा,अनुसूचित जाति जनजाति के पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार निराला,महिला कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मदीना खातून,युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मो शमीम आलम,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रजनीश कुमार उर्फ जुन्ना , वरिष्ठ नेता धर्मेन्द्र शर्मा , प्रखंड अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह , रेवती रमण प्रसाद,राजीव कुमार लबी, धीरेन्द्र सिंह ,कुंदन कुमार , राजकपूर गुप्ता, संजय चंद्रवंशी, नंदू चंद्रवंशी, मो अजहरुद्दीन जी, अशोक भारती , कमलेश चंद्रवंशी, बिपिन बिहारी सिन्हा, विक्रम शर्मा, सोनू शर्मा, ओम प्रकाश निराला आदि सैकड़ों कांग्रेस जन नव नियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई और शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में सहकारिता विभाग ओंकार जी के नेतृत्व में नई ऊंचाई हासिल करेगा।

# 19 करोड़ की लागत से औरंगाबाद में अटल कला भवन बनाने पर हर्ष

■ औरंगाबाद जिला मुख्यालय में अटल कला भवन निर्माण हेतु 1973.26 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान

प्रातः किरण संवाददात

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिला मुख्यालय में अटल कला भवन निर्माण हेतु 1973.26 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर लोगो ने खुशी जाहिर की है। अटल भवन से सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा, स्थानीय कलाकारों और युवाओं को मंच मिलेगा। इस संबंध में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा औरंगाबाद जिला मुख्यालय में अटल कला भवन निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना के कार्यान्वयन पर 1973.26 लाख यानि उन्नीस करोड़ तिहत्तर लाख छब्बीस हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। श्री चौधरी ने कहा कि अटल कला भवन का निर्माण होने से औरंगाबाद जिले में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय कलाकारों और युवाओं के लिए यह एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि औरंगाबाद में उच्चस्तरीय कला भवन की स्थापना से ना केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलेगा बल्कि बिहार की कला झ संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार जिले को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ कला संस्कति को भी बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में औरंगाबाद में अटल कला भवन का निर्माण कराया जा रहा है। यह परियोजना ना केवल जिले के स्थानीय कलाकारों और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देगी ।

# नगर निगम को चाहिए कि मेला क्षेत्र तक ही सफाई और छिड़काव को सीमित न रखकर पूरे शहर में समान व्यवस्था सुनिश्चित करें: डॉ मनीष पकंज मिश्रा

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी ।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा मेला क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद नगर निगम गया जी के कार्यों की समीक्षा की गई है। इस दौरान उन्होंने कहा कि गया जी नगर निगम द्वारा मेला क्षेत्र में व्यापक सफाई व्यवस्था एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा जो प्रशंसनीय है, लेकिन मेला क्षेत्र छोड़कर नाम मात्र का सफाई विशेषकर नौउआगढी मौलानगर, समीर तकिया चाँद चौराहा, तिलहा धर्मशाला के पूर्वी एवं पश्चिमी छोर पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। यहाँ से गुजरने वाले स्थानीय नागरिकों और पिंडदानियों को गंदगी और दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है ।डॉ. मिश्रा ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पितृपक्ष मेला 2025 में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु और अतिथि गया जी आते हैं। ऐसे में स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। नगर निगम एवं जिला प्रशासन को चाहिए कि मेला क्षेत्र तक ही सफाई और छिड़काव को सीमित न रखकर पूरे शहर में समान व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन से आग्रह किया कि समीर तकिया, कालीबाड़ी, गेवाल बिगहा बाईपास, स्टेशन रोड, गुरुद्वारा तेल बिगहा रंगबहादुर रोड पिपर पात्ती रोड सहित पूरे गया शहर में जहाँ पिंडदानियों और अतिथियों का ठहराव होता है।

वहाँ नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर एवं मच्छरनाशी दवाओं का छिड़काव कराया जाए। साथ ही गंदगी और जलजमाव वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि किसी भी प्रकार का संक्रामक रोग फैलने की संभावना न रहे ।डॉ. मिश्रा ने कहा कि पितृपक्ष मेला गया जी की पहचान है और यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि यहाँ आने वाले अतिथियों को स्वच्छ और सुरक्षितवातावरण मिले। प्रशासन को अभिलंब व्यापक सफाई अभियान चलाकर पूरे शहर को स्वच्छ और रोगमुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए।

## किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष द्वारा चिड़िया घर एवं पार्क का किया गया निरीक्षण



गया जी ।बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री,सह गयाजी शहर विधायक डॉक्टर प्रेम कुमार द्वारा, गयाजी क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 5 कंडी नवादा में डेढ़ सौ एकड़ में पार्क का निर्माण होना है एवंम कंडी नवादा नदी के किनारे चिड़िया घर निर्माण का किया जा रहा है ! इसका 20 करोड़ की लागत से पार्क के चारों ओर घेराबंदी का कार्य किया जा रहा हैजिसका आज भाजपा किसान मोर्चा गया जी पूर्वी के जिला अध्यक्ष शंभू यादव अपनी टीम पदाधिकारीयो और कायकर्ताओ के साथ पार्क का निरीक्षण किया है !जिसमे बिहार प्रदेश सदस्य ओबीसी मोर्चा के राजनंदन प्रसाद गांधी, महामंत्री शिवनारायण सिंह चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद जयप्रकाश सिंह यादव जी श्याम बिहारी जी जितेंद्र यादव मनोज यादव सोनू मालाकार उपस्थित थे !

# इस्कॉन मंदिर, गया द्वारा 2000 पितृपक्ष यात्रियों को प्रसाद वितरण

प्रातः किरण संवाददाता



गयाजी ।आज गया रेलवे स्टेशन पर ह्लराधारानी रसोईह्व का शुभारम्भ हुआ है। इस अवसर पर लगभग 2000 यात्रियों को श्रीकृष्ण प्रसाद वितरित किया गया है ।इसकाशुभारम्भ कार्यक्रम में जगदीश श्याम दास अध्यक्ष, इस्कान मंदिर गया, डॉ. पिन्टू सामाजिक कार्यकर्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही है। इस कार्यक्रम के दौरान भक्तों द्वारा हरिनाम संकीर्तन भी किया गया है ।इस अवसर पर जगदीश श्याम दास ने कहा कि यह सेवा इस्कान के संस्थापक आचार्य ए. सी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद की प्रेरणा से हो रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी इस्कान ने महाकुंभ मेले में प्रतिदिन 1 लाख लोगों को तथा पुरी श्रीजगन्नाथ रथयात्रा में भी प्रतिदिन 1 लाख लोगों को प्रसाद वितरित किया जाता है ।गया रेलवे स्टेशन पर शुरू हुई यह राधारानी रसोई प्रतिदिन यात्रियों को स्वच्छ, सात्विक एवं पौष्टिक प्रसाद दो बार झ प्रातः 9 बजे और दोपहर 2 बजे वितरित करेगी।अंत में जगदीश श्याम दास ने सभी सेवाव्रती स्वयंसेवकों, भक्तों और दानदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया है। विशेष रूप से उन्होंने धन्यवाद दिया रामकान्त मुरारी दास किचन प्रभारी।रामनारायण दास वितरण प्रभारी।दयालु गोविन्द दास भीड़ नियंत्रण प्रभारी।श्याम हरी दास कीर्तन प्रभारी

# पितृपक्ष मेला में वृद्धजनो के लिए व्हिलचेयर सुविधा उपलब्ध कराई गई




प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला मे आए वृद्ध जनो एवं बुढे दिव्याग तीर्थयात्रियों को विष्णु पद मंदिर एवं पिंड स्थलों तक पहुचाने एवं व्हील चेयर पर बैठकर पिंडदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है ।व्हीलचेयर की सुविधा जिला प्रशासन द्वारा लोगो को करवाई जा रही है।

## मगध क्षेत्र पुलिस महानिरीक्षक ने पिंडदान एरिया का किया निरीक्षण



गया जी ।आईजी मगध प्रक्षेत्र श्त्रनील सिंह एवं गया जिलाअधिकारी शंशाक शुभंकर एवं वरीय पुलिस अधीक्षक गया द्वारा विष्णुपद मंदिर एरिया, देवघाट, पुलिस कंट्रोल रूम, मेला एरिया सीसीटीवी कंट्रोल रूम इत्यादि का निरीक्षण किया गया है।

## अरवल के प्रतिनिधि मंडल ने मगध विश्वविद्यालय के कुल सचिव से मिले जिले के महाविद्यालयों में शैक्षणिक समस्याओं को ले कुल सचिव को ज्ञापन सौंपा

**प्रातः किरण संवाददाता**

अरवल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अरवल जिले का प्रतिनिधि मंडल मगध विश्वविद्यालय कुल सचिव से मिला, शैक्षणिक समस्याओं पर सौंपा मांग पत्र अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अइश्ढ) अरवल जिला इकाई के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को मगध विश्वविद्यालय के कुल सचिव से भेंट की और जिले के महाविद्यालयों में व्याप्त शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में छात्रों की पढ़ाई को सुचारु, गुणवत्तापूर्ण और व्यापक बनाने के लिए कई ठोस मांगें रखी गईं। प्रतिनिधि मंडल ने कुल सचिव से कहा कि अरवल जिला शैक्षणिक दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है। यहां के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अक्सर अन्य जिलों का रुख करना पड़ता है, जिससे उनकी आर्थिक व मानसिक परेशानियां बढ़ जाती हैं। यदि विश्वविद्यालय स्तर से ठोस कदम उठाए जाएं तो अरवल के हजारों छात्रों को अपने जिले में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सकता है। स्नातकोत्तर की पढ़ाई प्रारंभ हो अरवल जिले के एसडीएस कॉलेज कलेर एवं एसबीएएन कॉलेज लारी में सभी विषयों की स्नातकोत्तर शिक्षा तुरंत शुरू की जाए, ताकि छात्रों को स्नातक के बाद आगे की पढ़ाई के लिए बाहर न जाना पड़े।

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शुरूआतः दोनों महाविद्यालयों में इ.छक्र और ट.छक्र की पढ़ाई प्रारंभ की जाए। साथ ही, एसडीएस कॉलेज कलेर में इ.उङ्क और एसबीएएन कॉलेज लारी में इउअ की पढ़ाई शुरू करने की मांग की गई। स्नातक स्तर पर सभी विषय उपलब्ध होंः प्रतिनिधि मंडल ने मांग की कि अरवल के सभी महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर सभी विषयों की पढ़ाई उपलब्ध कराई जाए। विशेष रूप से एसडीएस कॉलेज कलेर में भूगोल एवं होम साइंस विषय की पढ़ाई तत्काल शुरू की जाए। सीटों में बढ़ोतरीः छात्रहित को ध्यान में रखते हुए अरवल के सभी कॉलेजों में स्नातक स्तर पर नामांकन की सीटें बढ़ाई जाएं, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को शिक्षा का अवसर मिल सके। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि इन मांगों के पूरा होने से अरवल जिले के छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी और यहां की शैक्षणिक स्थिति में व्यापक सुधार आएगा। परिषद का मानना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह जिले की शैक्षणिक जरूरतों को समझे और समय रहते ठोस कदम उठाए। उन्होंने यह भी कहा कि अरवल जैसे जिले में जहां संसाधनों की भारी कमी है, वहां शिक्षा ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन इन मांगों को गंभीरता से ले और इन्हें अमल में लाए तो आने वाले समय में अरवल जिला भी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना सकेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रतिनिधि मंडल में जिला संयोजक अमर कृति ,जिला सह संयोजक अमरकांत यादव, विभाग संयोजक गोपाल शर्मा, पूर्व कार्यकर्ता संजीव कुमार आदि थे।

## मद्य निषेध,उत्पाद एवं निबंधन विभाग के कार्यो को समीक्षा किया: डीएम



**प्रात: किरण संवाददाता**

अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के कार्यों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मद्य निषेध अभियान के अंतर्गत देशी एवं विदेशी शराब की बरामदगी तथा गिरफ्तारी की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने इस संबंध में पुलिस द्वारा की गई अपेक्षाकृत कम कार्रवाई पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उत्पाद अधीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) को संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाकर शराब की जप्ती एवं गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) सभी थानों से छापेमारी, गिरफ्तारी एवं बरामदगी से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त करेंगे। जिन थाना क्षेत्रों में लापरवाही पाई जाएगी, वहाँ के पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, जिला पदाधिकारी ने पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध चेक पोस्टों पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही, राज्यसात किए गए वाहनों से संबंधित नोटिस, विज्ञापन प्रकाशन तथा नीलामी प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से संपन्न कराने पर भी बल दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), जिला वन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, विशेष लोक अभियोजक (उत्पाद) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया पथ निर्माण से संबंधित समीक्षा,दिया निर्देश

अरवल। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव की अध्यक्षता में पथ निर्माण से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण को निदेशित किया गया कि पथ निर्माण की जो सड़के है, उसे सर्वे कराकर यदि मरम्मती की आवश्यकता है तो मरम्मती कराना सुनिश्चित करेंगे।

## प्राकृतिक खेती विषय पर कृषि सखियों के लिये पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**प्रात: किरण संवाददाता**

आरा। प्राकृतिक खेती की ओर कृषि सखियों के साथ साथ किसानों का रुझान बढ़ाने के लिए, कृषि विज्ञान केन्द्र, माँझी, सारण द्वारा प्राकृतिक खेती विषय पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दिनाँक 8 से 12 सितम्बर, 2025 को कृषि विज्ञान केंद्र, माँझी के प्रशिक्षण कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी श्री मधुरेंद्र कुमार सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र, माँझी के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. संजय कुमार राय, उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चंदोला, पौध संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. जीर विनायक, कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. सुषमा टम्टा, सहायक निदेशक (मृदा विज्ञान) श्री बाबू चंद सिंह, डॉ. विजय कुमार एवं जिला क्षेत्रीय समन्वयक कृषि श्री गौतम कुमार गोईत ने दीप प्रज्वलित कर के किया। डॉ. संजय कुमार राय ने प्राकृतिक खेती के महत्व को विस्तृत में बताया। जिला कृषि पदाधिकारी श्री मधुरेंद्र कुमार सिंह ने प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण के महत्व के बारे कृषि सखियों को बताया एवं अच्छे से सीखने के लिए प्रेरित किया। बात ही उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती में सारण जिले का लक्ष्य 1875 एकड़ का रखा गया है। कृषि विज्ञान केन्द्र, माँझी, सारण के उद्यान विशेषज्ञ डॉ0 जितेन्द्र चन्द्र चन्दोला ने कृषि सखियों से कहा कि इस समय प्राकृतिक खेती की बहुत आवश्यकता है क्योंकि वर्तमान समय में उर्वरकों व एग्रो- केमिकल्स के दामों (मूल्यों) में काफी बढ़ोतरी के साथ-साथ समय पर आपूर्ति की भी समस्या, ऐसे में हमें इनका विकल्प की ओर देखना अति आवश्यक है जो हमारे प्रकृति में मौजूद है" जिसे हम अपने खेतों में सूक्ष्मजीवों एवं केंचुआ इत्यादि को सक्रिय कर कृषि लागत को कम किया जा सकता है ये पोषक तत्वों को उपलब्ध कराने में बहुत ही मददगार होते हैं साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी बढ़ाया जा सकता है। लगातार भूमि पर रासायनिक कीटनाशकों, खादों का प्रयोग तथा भूमि को प्रतिवर्ष पलटने से भूमि की उर्वरा शक्ति पूरी तरह समाप्त हो चली है। हानिकारक कीटनाशकों के उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होने के साथ-साथ कृषि की लागत भी बढ़ रही है।

## दशहरा , दीवाली व छठ को लेकर पूजा विशेष ट्रेन 30 से



**प्रातः किरण संवाददाता**

छपरा कार्यालय। रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी दशहरा, दीवाली एवं छठ त्यौहारों पर यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुये 04450/04449 नई दिल्ली-दरभंगा-नई दिल्ली पूजा विशेष गाड़ी वाया देवरिया सदर,सीवान ,छपरा का संचलन नई दिल्ली से 29 सितम्बर से 30 नवम्बर, 2025 तक प्रतिदिन तथा दरभंगा से 30 सितम्बर से 01 दिसम्बर, 2025 तक प्रतिदिन 63 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

04450 नई दिल्ली-दरभंगा पूजा विशेष गाड़ी 29 सितम्बर से 30 नवम्बर, 2025 तक प्रतिदिन नई दिल्ली से 15.10 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 15.52 बजे, अलीगढ़ से 17.20 बजे, कानपुर सेंट्रल से 22.10 बजे, उन्नाव से 22.45 बजे, दूसरे दिन ऐशबाग से 00.08 बजे, बादशाहनगर से 00.45 बजे, गोंडा से 03.05 बजे, गोरखपुर से 06.10 बजे, देवरिया सदर से 07.10 बजे, सीवान से 08.20 बजे, छपरा से 09.35 बजे, सोनपुर से 11.30 बजे, हाजीपुर से 11.45 बजे, मुजफ्फरपुर से 13.15 बजे तथा समस्तीपुर से 14.40 बजे छूटकर दरभंगा 16.30 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 04449 दरभंगा-नई दिल्ली पूजा विशेष गाड़ी 30 सितम्बर से 01 दिसम्बर, 2025 तक प्रतिदिन दरभंगा से 18.15 बजे प्रस्थान कर समस्तीपुर से 20.05 बजे, मुजफ्फरपुर से 22.20 बजे, हाजीपुर से 23.55 बजे, दूसरे दिन सोनपुर से 00.07 बजे, छपरा से 02.00 बजे, सीवान से 03.10 बजे, देवरिया सदर से 04.15 बजे, गोरखपुर से 05.45 बजे, गोंडा से 08.30 बजे, बादशाहनगर से 11.00 बजे, ऐशबाग से 12.00 बजे, उन्नाव से 13.20 बजे, कानपुर सेंट्रल से 14.45 बजे, अलीगढ़ से 20.05 बजे तथा गाजियाबाद से 22.10 बजे छूटकर नई दिल्ली 23.00 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 10, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 06 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। इसकी जानकारी जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने दी।

## एनपीएस हरपुर में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

**प्रात : किरण संवाददाता**

आदापुर। प्रखंड क्षेत्र के नव प्राथमिक विद्यालय हरपुर नॉर्थ टोला में सोमवार को शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित की गयी। समारोह की अध्यक्षता प्रधान शिक्षक शिव शंकर गिरि ने किया।

बता दें कि उक्त समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच बाल सांसदों ने विद्यालय के शिक्षकों को अंगवस्त्र, लेखन सामग्री एवं हरे पौधा देकर सम्मानित किया।

बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षक विनोद कुमार ने बताया कि शिक्षक का महत्व केवल ज्ञान बांटने में ही नहीं है, बल्कि चरित्र, मूल्यों और आत्मविश्वास का निर्माण करने में भी है जो जीवन भर बना रहता है।

शिक्षक मो.शमशाद आलम ने शिक्षक सम्मान समारोह के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि




शिक्षकों का सम्मान करना, सीखने की यात्रा के हर कदम पर निरंतर प्रकाश देने के लिए उन्हें धन्यवाद देने का एक तरीका है। उक्त बाबत विद्यालय के बाल संसद के प्रधानमंत्री बब्ली कुमारी ने बताया कि प्रधान शिक्षक का आवासीय प्रशिक्षण एवं शिक्षक दिवस को विद्यालय बंद होने के कारण शिक्षक सम्मान समारोह सोमवार को आयोजित की गयी। मंच संचालन शिक्षक रंजीत कुमार पाठक ने किया। समारोह में शिक्षक राहुल कुमार सहित रीमा कुमारी, सबरु नेशा, अंजलि कुमारी, मुस्कान खातून, सुष्मिता कुमारी, अमृता कुमारी, प्रियंका कुमारी, रबीना खातून, अंकिता कुमारी, अंजू कुमारी, घनश्याम कुमार, उमेश कुमार, आशीष कुमार, चंदन कुमार आदि सैकड़ों बच्चे मौजूद थे।

## कुशल युवा कार्यक्रम में छात्रों को मिला कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और सरकारी योजनाओं का ज्ञान

छपरा। 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत छपरा शहर स्थित एससीडब्लूआईएस फाउंडेशन के कुशल युवा कार्यक्रम में सोमवार को छात्र-छात्राओं के लिए एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।इस अवसर पर जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन, सारण की जिला मिशन समन्वयक निभा कुमारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास एक सतत प्रक्रिया है, जो न केवल व्यक्ति को अपने लक्ष्य प्राप्ति में सहायक होती है बल्कि उसे रोजगार के नए अवसर सृजित करने की भी क्षमता प्रदान करती है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने कौशल को निखारकर व्यक्तिगत और पेशेवर विकास की ओर बढ़ें। साथ ही उन्होंने महिला हिंसा, साइबर सुरक्षा (181 हेल्पलाइन) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम में जेंडर विशेषज्ञ सुजाता श्री ने छात्रों को बाल विवाह की कुप्रथा और इसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ सत्येंद्र कुमार ने युवाओं को सरकार की विभिन्न वित्तीय योजनाओं जैसेइ्न स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और दिव्यांगता पेंशन इत्यादि की जानकारी दी।यह कार्यक्रम युवाओं को कौशल विकास, सामाजिक मुद्दों और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास साबित हुआ।

## मोरहर नदी में मिला कंकाल, पुलिस जांच में जुटी



शेरघाटी। आमस-शेरघाटी बॉर्डर स्थित मोरहर नदी में रविवार के देर रात एक कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, कुछ स्थानीय लोग नदी किनारे घूमने गए थे, तभी उन्होंने पानी में कंकाल फंसा देखा। इसकी सूचना तुरंत शेरघाटी थाना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और कंकाल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक स्तर पर कंकाल पूरी तरह हड्डियों में बदल चुका है, जिससे मृतक की पहचान करना मुश्किल हो रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और आसपास के थानों को भी सूचित किया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि ह्लकंकाल का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, तभी मौत की असली वजह और पहचान का पता चल सकेगा। घटना से स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

## सांसद प्रतिनिधि ने किया राहत सामग्री का वितरण

छपरा कार्यालय। सोनपुर विधानसभा के सबलपुर दियारा छेत्र के सबलपुर पश्चिमी टोला सबलपुर पंचायत मे बाढ़ पीड़ित परिवार के बीच मे बाढ़ राहत सामग्री चिवरा मीठा बिस्कुट सोनपुर विधानसभा भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश कुमार सिंह द्वारा लगभग तीन सौ लोगो के बीच मे राहत सामग्री वितरण किया गया इस अवसर पर उनके साथ पंचायत समिति राहुल सिंह मुखिया विकास राय शैलेश शर्मा विनोद सम्राट कापिंन्द्र राय राधे राय किशोर राय चंदन राय भौति राय बिरजू पासवान प्रिंस कुमार मोनू सिंह सुमंत कुमार अविनाश शर्मा अनिल सक्ससेना सहित अनेक लोग उपस्थित थे इस अवसर पर उन्होंने ने कहा की यह जनसेवा की प्रेणा हमें सांसद राजीव प्रताप रूडी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिली जो हमेशा जनहित के कार्य करते रहते है और उन्हो ने भरोसा दिलाया ।

## मशरक में अतिक्रमण के खिलाफ चला प्रशासन का बुलडोजर

**प्रात : किरण संवाददाता**

मशरक । मशरक बाजार मे एसएच 90 मुख्य मार्ग पर महाराणा प्रताप चौक से लेकर थाना चौक तक सड़क किनारे अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस प्रशासन को बल का प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से किए गए पक्का निर्माण को जेसीबी से तोड़ा गया। कार्यवाई के दौरान किसी तरह के विरोध से निपटने के लिए भारी संख्या मे पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। हलांकि दो रोज पहले ही प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर दुकानदारो सहित स्थानीय लोगो को अल्टीमेटम दे दिया



गया था। बावजूद इसके पुलिस बल को बुलडोजर चलाने को मजबूर होना पड़ा। अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व कर रहे मशरक सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि यह अभियान मशरक नगर पंचायत से लेकर ग्रामीण इलाको तक चलाया जाएगा। और सभी जगहो पर अवैध रूप से सरकारी जमीन को कब्जा करने वालो के खिलाफ बुलडोजर चलाया जाएगा। इस अभियान मे मशरक नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी मो शाहनवाज राजा, अपर थानाध्यक्ष श्रवण कुमार पाल, पुअनि सुदर्शन सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए।

अभियान के दौरान ठेला खोमचा और गुमटी वाले दुकानदार यह कहते सुने गए कि आज हटेगी और कल फिर से वही पर दुकान सजेगा। कहे भी क्यो नही, हर बार यही तो होता है। उधर इस अभियान से राहगीर जाम से मुक्ति मिलने को लेकर प्रसन्न दिखे, जबकि दुकानदार अपनी संम्पति के नुकसान को लेकर हुए मायूस। कार्यवाई के दौरान कही कही पुलिस प्रशासन द्वारा भेदभाव किए जाने की चर्चा रही। इस दौरान पूरे दिन बाजार मे अफरातफरी का माहौल रहा। मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण के खिलाफ हो रही कार्यवाई के कारण आवागमन मे परेशानी हुई।

## सारण में तीसरी बार बढ़ा गंगा का जलस्तर, निचले इलाकों में घुसा पानी; अलर्ट जारी

डोरीगंज। सारण जिला के सदर और आसपास के क्षेत्रों में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। कई निचले इलाके बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है।

: गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है और सोमवार के शाम तक यह खतरे के निशान से थोरी नीचे बह रही हैं ।

जल संसाधन विभाग के अनुसार, रविवार की देर शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 95सेंटी मीटर रिकॉर्ड किया गया, जो खतरे के निशान से थोड़ी नीचे है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, प्रयागराज, वाराणसी, बक्सर जैसे शहरों में गंगा का जलस्तर बढ रहा था जिससे बाढ़ की प्रबल संभावना दिख रही है।गंगा के जलस्तर में वृधि से सदर प्रखंड के कई पंचायत जलमग्न हो गए हैं।

## पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के तृतीय क्वार्टर फाइनल मैच में गया कॉलेज ने एएम कॉलेज, को 4-0 से पराजित किया

गया कॉलेज, गया की फुटबॉल टीम कल दाउदनगर कॉलेज, दाउदनगर में आयोजित अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना होगी। इस टीम में 17 खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें कप्तान राहुल कुमार के साथ पिंटू, रोहित, कुमार ठगात, अनिकेत, मोहम्मद शहिद आलम, जावेद आलम, विशाल, हिमांशु कुमार, एजाजा, रामू, सुजीत प्रसाद सिंह, योगेश कुमार, मोहम्मद औरंगजेब, अजमल एवं संजीत प्रमुख हैं।टीम का नेतृत्व पी.टी.आई. अंजनी कुमार कर रहे हैं।गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर गहरी उत्सुकता और जोश देखा जा रहा है। सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन करने के संकल्प के साथ रवाना हो रहे हैं।इसके साथ ही एथलेटिक्स सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. राशिद नईम सभी खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं। गया कॉलेज परिवार ने भी पूरी टीम को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं है।

## जेल भरो आंदोलन करेगा रेलवे संघर्ष समिति:मनोज

अरवल । डॉ बी आर अंबेडकर बचनालय में रेलवे संघर्ष समिति के बैठक को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए रेलवे संघर्ष समिति के मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव ने कहा कि मैं जेल से डरने वाला नहीं है अपने अरवल जिला को रेलवे से जोड़ने के लिए 10 सितंबर 2025 को डीआरएम मुख्यालय दानापुर पर जेल भरो आंदोलन कार्यक्रम करते हुए संविधान को सम्मान करते हुए अपने जिले अरवल में रेलवे लाइन लाने के लिए जेल भरो आंदोलन करूंगा बैठक एवं कॉन्फ्रेंस में मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव सहसंयोजक धनंजय कुमार मंटू कुमार रजनीश कुमार कामेश्वर सिंह तपसीराम उमेश राम एवं अन्य लोगों ने भाग लिया।

## पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने चलाया व्यापक जनसम्पर्क अभियान

मांझी।एकमा के पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने सोमवार को गोबरहीं पँचायत में चलाया ब्यापक जन सम्पर्क अभियान। पूर्व विधायक अपने समर्थकों के काफिले के साथ एकडेंगवा,सरयुपार,चंदउपुर,गोबरहीं,साधपुर तथा जमनपुरा में ग्रामीणों से मिलकर नीतीश कुमार के समर्थन का दिलाया संकल्प। लोगों ने कहा इस बार के चुनाव में निर्दलीयों की होगी जमानत जब्त। जनसम्पर्क अभियान में माँझी विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी जितेन्द्र सिंह,जदयू के जिला महासचिव सुनील सिंह,सत्येन्द्र सिंह भवानी,रौशन सिंह भवानी,जय प्रकाश सिंह राम नारायण सिंह,भरत सिंह रबीन्द्र सिंह,शिवनाथ यादव,अशोक सिंह,शैलेन्द्र सिंह तथा धर्मेन्द्र सिंह आदि दर्जनों समर्थक रहे साथ।

## चार माह से अपृहत नाबालिग नहीं हुई बरामद, मां ने वरीय पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

छपरा दाउदपुर थाना क्षेत्र की भीखमाही इनायतपुर निवासी अंजुमन बीवी पति रुस्तम अंसारी ने वरीय पुलिस अधीक्षक को अपनी नाबालिक लड़की तबस्सुम खातून के 29 अप्रैल 2025 से गांव के ही युवक द्वारा अपहरण कर लेने और पुलिस द्वारा अपहरणकर्ता को गिरफ्तार नहीं करने को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया है और गुहार लगाया है कि दाउदपुर थाना कांड संख्या 97/25 के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया जाए और उनकी नाबालिक पुत्री को बरामद कर उन्हें सुपर्द किया जाए। उन्हें आशंका है कि उनकी लड़की के साथ कुछ अनहोनी न हो जाए।

## लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत तीन नेताओं पर परिवाद पत्र दाखिल

छपरा मुख्य न्यायिक पदाधिकारी स्वाति सिंह के न्यायालय में नगर थाना क्षेत्र के निवासी भाजपा के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह द्वारा परिवाद पत्र संख्या 2223/ 25 उनके अधिवक्ता मनोज कुमार न 13 एवं ओम शरण द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 61 (1)( 2) 62 356 351 353 अंतर्गत दाखिल किया गया । परिवाद पत्र में भारतीय कांग्रेस पार्टी के लोकसभा के विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव विकाशील ईशान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश साहनी को अभियुक्त बनाया गया है। परिवाद पत्र में उन्होंने दशार्या है कि 28 अगस्त 2025 एवं 29 अगस्त 2025 को दरभंगा शहर में स्थित रैली एवं मंच पर से इन नेताओं द्वारा भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ असंसदीय भाषा का प्रयोग किया एवं अभद्र टिप्पणी किया गया है। जिससे भारत के प्रधान मंत्री की प्रतिष्ठा धूमिल हुई। भाजपा कार्यकताओं को भी गाली-गलौज किया गया है। जिसको लेकर उन्होंने परिवाद पत्र दाखिल किया गया है। सुनवाई के पश्चात मुख्य न्यायिक पदाधिकारी ने पुनः सुनवाई के लिए 26 सितंबर की तिथि मुकर्रर की है।

## एनएसएस विद्यार्थियों का चयन कार्यक्रम आज

छपरा कार्यालय। वर्ष 2026 के गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने वाले जयप्रकाश विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत, सम्बद्ध तथा बीएड महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र - छात्राओं का चयन मंगलवार को विश्वविद्यालय मुख्यालय में किया जायेगा।राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर हरिशचंद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेस्ट परमेंदर कुमार वाजपेई के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के इस कार्यक्रम में गीत, संगीत, नृत्य सहित दौड़, उच्ची कूद के साथ ही समाज सेवा से जुड़े छात्र - छात्राओं में से कुल 16 विद्यार्थियों का चयन इस कार्यक्रम में किया जायेगा।

यहां से चयनित छात्रों को आगामी 13 सितम्बर को पटना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेना होगा।

## राजकीय शिक्षक पुरस्कार मिलने पर डॉ. ममता मिश्रा को बधाइयों का तांता

**प्रात : किरण संवाददाता**

पीरो। पीरो की बेटी व माडल इंस्टीट्यूट आरा की विशिष्ट शिक्षिका डा. ममता मिश्रा को राजकीय शिक्षक पुरस्कार 2025 प्रदान किए जाने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उनके प्रशंसकों ने उन्हें बधाई दी है। राजद के पीरो नगर अध्यक्ष मो. मेराज खान, चंदन मल्होत्रा, मो इम्तियाज भारती,मो युनुस अख्तर, चंदन कुमार, वार्ड पार्षद



राहुल कुमार, अमित कुमार वर्मा, पीरो प्लस टू विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक भीम राय, व्यवसायी अशोक सुमन, विष्णु आर्या, राजेश गुप्ता आदि ने डा. मिश्रा को बधाई देते हुए कहा कि अपनी मेहनत, लगन और दृढ इच्छाशक्ति के बलबूते उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अलग पहचान कायम की है। डा. मिश्रा को राजकीय शिक्षक पुरस्कार मिलने से भोजपुर जिला गौरवान्वित हुआ है।

## प्लस टू विद्यालय पीरो में चोरी का प्रयास, प्राथमिकी दर्ज

पीरो। पीरो थानान्तर्गत नगर के नया बस पडाव स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी का प्रयास किए जाने के मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक भीम राय के आवेदन पर पीरो थाना में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि प्रायः हर दिन सुबह के समय काफी संख्या में लड़के-लडकियां चाहरदीवारी फ-ांद कर अनाधिकृत रुप से विद्यालय परिसर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसा करने से मना करने पर वे मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।

## रिविलगंज प्रखंड में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

**प्रातः किरण संवाददाता**

रिविलगंज । स्थानीय प्रखंड में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में कई प्रस्ताव पारित हुए.बैठक में कई विकास योजनाओं की समीक्षा हुई,बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने की। इस बैठक में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार सरकार द्वारा अधिसूचित 15 सदस्यीय समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे. बैठक के प्रारम्भ में प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी रितेश कु सिंह 20 सुत्री अध्यक्ष सहित सभी लोगो को स्वागत किया। एवं 20 के एजेंडा को बैठक में रखा। बैठक की शुरूआत सांसद प्रतिदिन ई सतेंद्र सिंह 20 सुत्री के एजेंडा सात निश्चय, बिजली,स्वास्थ्य कि रिपोर्ट विभागीय अधिकारियों से वृत लिया एवं उनके बिभाग द्वारा चलाया जा रहे कार्यक्रम को जनता के बीच रखा । मनरेगा से चलाय जा रहे पौधा रोपण ,जमीन घेराबन्दी जो पिछले वर्ष हुआ ही उसकी हर पंचायत में पांच -पांच स्थल की जांच का आदेश दिया गया। 20 सुत्री अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने पी एच ई डी बिभाग ,पोषाहार ,राजस्व पर विस्तार से चर्चा किया ।राजस्व विभाग के पर्ची वितरण ढंग से नही होने पर 20 सुत्री उपाध्यक्ष पवन सिंह ने आपत्ति जताया। बैठक में निर्णय हुआ कि पर्ची विरतण सही से कराया जाय। साथ ही प्रखंड स्तरीय तकनीकी और प्रशासनिक पदाधिकारी में थाना, कृषि,बीइओ, पशुपालन , आंगनवाड़ी पर विशेष चर्चा किया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। योजनाओं के प्रभावी एवं सुगम क्रियान्वयन के लिए कई अहम सुझाव सामने आए, जिन पर चर्चा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव भी पारित किए गए। 20 सुत्री समिति के अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने सभी सांसद प्रतिनिधिस सतेंद्र सिंह ,जिला परिषद गुड्डू साह, पत्रकार बन्धु को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और अपेक्षा जताई कि समिति भविष्य में भी विकास कार्यों को गति देने में सक्रिय भूमिका निभाएगी। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन 20 सुत्री उपाध्यक्ष पवन सिंह ने किया।के साथ किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में अधिकारियों की अनुपस्थिति को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए सभी अनुपस्थित अधिकारीयों से स्पष्टीकरण मांगने का निर्णय लिया गया। बैठक में सदस्य गामा सिंह,मनुलाल बैठा, संजय वारसी, राज कुमारी देवी,अंजली सिंह, जिला प्रवक्ता मदन सिंह,संजू देवी,अनिता सेवी सहित सभी सदस्य ,प्रखंड विकास पदाधिकारी रितेश कुमार,कृषि पदाधिकारी, मनरेगा पीओ सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भू राजस्व के शिविर में लग रही भीड़

दरियापुर ।स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में भी राजस्व विभाग के द्वारा लगने वाले शिविर में भू स्वामियों की भीड़ लग जा रही है ।जिससे कई जगहों पर अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो जा रहा है ।शिविर में पहुंचे भू स्वामियों की माने तो पूर्व से खुले जमाबंदी में भी भारी पैमाने पर अशुद्धि की गई है ।जिससे क्षेत्र में अचानक जमीनी विवाद में भी वृद्धि हो गई है ।भू माफिया भी सक्रिय होने लगे लगे है ।जिससे सुधार के लिए आवेदकों की लंबी कतार लग रही है ।इसी क्रम में सोमवार को ककरहट पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया था ।जिसमें हल्का कर्मचारी अभय कांत चौधरी समेत कई अन्य कर्मी मौजूद थे ।पूरे दिन आवेदकों की भीड़ लगी रही ।विदित हो कि इस शिविर में मुख्य रूप से जमाबंदी में सुधार,नया जमाबंदी खोलने तथा जमाबंदी में उतराधिकारी का नाम जोड़ने के लिए आवेदन ली जा रही है ।ऐसे में भू स्वामियों में जमाबंदी सही हो जाने की उम्मीद जगी हुई है ।इस प्रकार यदि इसमें सुधार हो जाए तो अधिकांश विवाद हो जाएगा ।अब देखना यह है कि

## हॉकी एशिया कप में सोनीपत के अभिषेक प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने

### ● सुमित की डिफेंस का बड़ा योगदान रहा

सोनीपत (एजेंसी)। हॉकी एशिया कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए साउथ कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम



किया। 8 साल बाद भारत ने यह उपलब्धि हासिल की है। इस जीत में हरियाणा के तीन खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा, जिनमें सोनीपत के अभिषेक नैन और सुमित कुराड़ ने बेहतरीन खेल दिखाया। अभिषेक नैन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 6 गोल किए, जिसमें कजाकिस्तान के खिलाफ 4 और चीन के खिलाफ 2 गोल शामिल हैं। वहीं सुमित कुराड़ ने डिफेंडर के रूप में मोर्चा संभालते हुए विरोधी टीम को ज्यादा मौके नहीं दिए और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। टीम के साथ तालमेल बनाते हुए सभी खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया।




# भारत ने हॉकी में चौथी बार खिताब जीतकर

## वर्ल्ड कप में भी जगह बनाई

## डिफेंडिंग चैंपियन साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल हराया

राजगीर (एजेंसी)। भारत ने मेंस हॉकी एशिया कप 2025 का खिताब जीत लिया है। बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रविवार को टीम इंडिया ने डिफेंडिंग चैंपियन साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल हराया। भारत ने चौथी बार यह खिताब जीता। इस जीत के साथ भारत ने 2026 के वर्ल्ड कप में भी जगह बना ली।

भारत से फाइनल मैच के पहले ही मिनट में सुखजीत सिंह ने गोल दाग दिया था। दूसरे क्वार्टर में फिर दिलप्रीत सिंह ने गोल दागा और भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में दिलप्रीत ने एक और गोल किया। चौथे क्वार्टर में अमित रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा और भारत को 4-0 से आगे कर दिया। साउथ कोरिया से सोन डायन ने इकलौता गोल किया।



### भारत ने पहले ही मिनट में गोल दागा

पहले क्वार्टर के पहले ही मिनट में भारत से सुखजीत सिंह ने फील्ड गोल दाग दिया। भारत को 9वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक भी मिला, लेकिन जुगराज सिंह गोल नहीं कर सके। पहला क्वार्टर खत्म होने के बाद भारत 1-0 से आगे रहा।

- **दूसरे क्वार्टर में भारत 2-0 से आगे हुआ** - दूसरे क्वार्टर के शुरुआती 10 मिनट में दोनों ही टीमें गोल नहीं कर सकीं। फिर 28वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने फील्ड गोल किया और भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। साउथ कोरिया ने दबाव बनाने की कोशिश जरूर की, लेकिन टीम को गोल करने का मौका नहीं मिला।
- **तीसरे क्वार्टर में दिलप्रीत का एक और गोल** - तीसरे क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारत से दिलप्रीत सिंह ने अपना दूसरा फील्ड गोल दाग दिया। राजकुमार पाल ने उन्हें गोलपोस्ट के करीब पास दिया था, दिलप्रीत ने मौके को भुनाया और आसान सा गोल दाग दिया। इसी के साथ भारत 3-0 से आगे हो गया।

### चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों ने 1-1 गोल किया

चौथे क्वार्टर के 5वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिल गया। अमित रोहिदास ने मौके को भुनाया और गोल कर दिया। अगले ही मिनट में साउथ कोरिया को भी पेनल्टी कॉर्नर मिल गया। यहां सोन डायन ने गोल किया और स्कोर 4-1 कर दिया। 4-1 के स्कोर के साथ ही मैच खत्म हुआ और भारत ने चौथी बार एशिया कप जीत लिया।

### भारत ने अजेय रहते हुए ट्रॉफी उठाई

भारत 2025 के हॉकी एशिया कप में अजेय रहा। टीम ने पूल स्टेज में चीन, जापान और कजाकिस्तान को हराया। चीन के खिलाफ मैच करीबी रहा, बाकी दोनों मैच भारत ने एकतरफा अंदाज में जीत लिए। सुपर-4 स्टेज में भारत का इकलौता ड्रॉ मैच साउथ कोरिया के खिलाफ आया, जहां दोनों टीमें 2-2 गोल ही कर सकीं। भारत ने यहां से मलेशिया को 4-1 और चीन को 7-0 के बड़े अंतर से हरा दिया।

### भारत टूर्नामेंट की दूसरी सबसे सफल टीम

हॉकी एशिया कप में भारत के नाम 4 खिताब हो गए। यह साउथ कोरिया के बाद सबसे ज्यादा टाइटल का रिकॉर्ड है। कोरिया ने 5 टाइटल जीते हैं। इन दोनों के अलावा पाकिस्तान ने भी 3 टाइटल जीते हैं, 3 में से 2 बार पाकिस्तान ने भारत को ही फाइनल हराया था। वहीं एक बार राउंड रॉबिन में टीम चैंपियन बनी थी।

## जोस बटलर मात्र 43 रन हैं दूर, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में हासिल करेंगे बड़ी उपलब्धि

साउथेम्प्टन (यूके) (एजेंसी)। इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर साउथेम्प्टन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने तीसरे वनडे से पहले अपने देश के लिए 12,000 अंतरराष्ट्रीय रन बनाने से 43 रन दूर हैं। अगर बटलर इस



मुकाम तक पहुंच जाते हैं, तो वह ऐसा करने वाले केवल सातवें अंग्रेजी बल्लेबाज होंगे। वर्तमान में 387 मैचों में बटलर ने 36.12 की औसत, 95.49 के स्ट्राइक रेट, 14 शतकों और 73 अर्द्धशतकों के साथ 11,957 रन बनाए हैं। वह इंग्लैंड के अब तक के सातवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में बटलर ने पिछले दो वनडे मैचों में 15 और 61 रन बनाए थे। इस साल 20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में बटलर ने 35.50 की औसत, 113 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट, 4 अर्धशतकों और 96 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 639 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के लिए 57 टेस्ट मैचों में बटलर ने 100 पारियों में 31.94 की औसत, 2 शतकों और 18 अर्द्धशतकों के साथ 2,907 रन बनाए हैं जिसमें 152* का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। इंग्लैंड के लिए उनका आखिरी टेस्ट 2022 में आया था, लेकिन वह हमेशा से ही सीमित ओवरों के क्रिकेट में थ्री लायंस के लिए लगातार रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं।

# पाकिस्तान ने ट्राई सीरीज जीता

### फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराया; नवाज ने लिए पांच विकेट



शारजाह (एजेंसी)। टी-20 एशिया कप से ठीक पहले पाकिस्तान ने ट्राई सीरीज जीत ली है। टीम ने रविवार को फाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को 75 रनों से हराया। शारजाह में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने 141 रन बनाए। फिर मोहम्मद नवाज के सटीक गेंदबाजी के दम पर अफगानी टीम को 66 रन पर ऑलआउट कर दिया। नवाज ने हैट्रिक सहित 5 विकेट झटके। नवाज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**कोई पाकिस्तानी बैटर 30 का आंकड़ा पार नहीं कर सका** - कप्तान सलमान आगा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। साहिबजादा फरहान पहले ही ओवर में बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। कोई भी बल्लेबाज 30 रन से ज्यादा नहीं बना सका।फखर जमान ने सर्वाधिक 27 रन बनाए, जबकि मोहम्मद नवाज ने 25 रनों की अहम पारी खेली और टीम को लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया। राशिद खान, फजल हक फारूखी और नूर अहमद की धारदार गेंदबाजी के सामने पाकिस्तान की टीम मुश्किल से 141 रन तक पहुंची।

**अफगानिस्तान की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप**-142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने मात्र 46 रन तक अपने 7 विकेट गंवा दिए। टॉप ऑर्डर के सात में से केवल सेदिकुल्लाह अटल ही दहाई अंक तक पहुंच सके। तीन बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल पाए। स्टार ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज 5 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कप्तान इब्राहिम जादरान केवल 9 रन बना सके।

**मोहम्मद नवाज ने 5 विकेट लिए** - मोहम्मद नवाज ने हैट्रिक सहित कुल 5 विकेट चटकाए। उन्होंने अपने चार ओवरों में मात्र 19 रन दिए। उनकी हैट्रिक शानदार रही। पहले 5.5 ओवर में दरवेश रसूली को आउट किया, अगली ही गेंद पर अजमतुल्लाह उमरजई को चलता किया और फिर अगले ओवर की पहली गेंद पर इब्राहिम जादरान को पवेलियन भेजकर हैट्रिक पूरी की। सूफियान मुकीम ने 2.5 ओवर में 9 रन देकर 2 विकेट लिए, वहीं अबरार अहमद ने भी दो बल्लेबाजों को आउट किया। शाहीन शाह अफरीदी को एक सफलता मिली।

### वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025

## लक्ष्य चाहर प्री-क्वार्टर फाइनल में, जैस्मिन क्वार्टर फाइनल में, निखत भिड़ेंगी जापान की युना निशिनाका से

नईदिल्ली (एजेंसी)। लिवरपूल में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में भारत के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। पुरुषों के 80 किग्रा भार वर्ग में लक्ष्य चाहर प्री-क्वार्टर फाइनल (राउंड ऑफ 16) में पहुंच गए हैं, जबकि महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में जैस्मिन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लक्ष्य चाहर ने पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए जॉर्डन के हुसैन इशैश को 5-0 से मात दी। उन्होंने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की



और पहले राउंड में बढ़त बना ली। दूसरे राउंड में हुसैन ने वापसी की कोशिश की, लेकिन तीसरे राउंड में लक्ष्य ने फिर से दबदबा बनाया और शानदार जीत दर्ज की। सभी पांचों जजों ने सर्वसम्मति से फैसला लक्ष्य के पक्ष में दिया। महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में जैस्मिन ने ब्राजील की जूसिएलन सेर्केरा रोमेउ को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

# अल्काराज ने सिनर को हराकर जीता यूएस ओपन

### छठा ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किया, वर्ल्ड नंबर-1 प्लेयर भी बने

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। स्पेन के टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज ने साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन जीत लिया है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में इटली के जैनिक सिनर को 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से हराया। 22 साल के अल्काराज ने करियर का छठा ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया। अल्काराज ने दूसरी बार रु ओपन जीता। पिछली बार वे 2022 में चैंपियन बने थे। न्यूयॉर्क में स्पेनिश स्टार अल्काराज ने शानदार शुरुआत की और पहला सेट 6-2 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में सिनर ने वापसी करते हुए 6-3 से जीत दर्ज की। तीसरे सेट में अल्काराज ने दबदबा बनाया और एक गेम गंवाते हुए 6-1 से सेट अपने नाम किया। चौथे सेट में सिनर ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन अल्काराज ने 6-4 से जीत दर्ज करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।

इस जीत के साथ ही अल्काराज सिनर से वर्ल्ड नंबर-1 का ताज भी छीन लिया। अल्काराज 2023 के बाद पहली बार वर्ल्ड नंबर-1 बने हैं। वे 5वीं बार वर्ल्ड नंबर 1 के रूप में अपनी पारी शुरू करेंगे।



इससे पहले वे कुल मिलाकर 37 हफ्ते नंबर-1 रह चुके हैं।

**2025 में तीसरी बार भिड़े ग्रैंड स्लैम फाइनल में** - यह इस साल का तीसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल था जिसमें अल्काराज और सिनर आमने-सामने हुए। जून में हुए फ्रेंच ओपन फाइनल में अल्काराज विजेता बने थे, जबकि जुलाई में विंबलडन के फाइनल में सिनर ने अल्काराज को हराया था।

- **सेमीफाइनल में अल्काराज ने जोकोविच और सिनर ने ऑगर-अलियासिमे को हराया** - अल्काराज ने सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को 6-4, 7-6(4), 6-2 से हराया। वहीं, सिनर ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई।
- **पिछले आठ ग्रैंड स्लैम पर अल्काराज-सिनर का कब्जा** - पिछली आठ ग्रैंड स्लैम ट्रॉफियां अल्काराज और सिनर ने आपस में बांटी हैं। पिछले 13 ग्रैंड स्लैम में से 10 खिताब इन दोनों खिलाड़ियों के नाम रहे हैं। अब तक अल्काराज 6 और सिनर 4 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं।
- **सिनर बने चौथे खिलाड़ी जिन्होंने एक साल में चारों ग्रैंड स्लैम फाइनल खेले** - सिनर लगातार पांचवें ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे हैं, जिसकी शुरुआत 2024 रु ओपन से हुई थी। वह एक साल में सभी चार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे खिलाड़ी बने।

# पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह अमृतसर आईएएस कमिश्नर साक्षी से मिलेंगे

### कहा-आप जैसी शख्सियतें हौसला देती हैं, हॉकी कप्तान बोले-लोगों के साथ खड़े रहना फर्ज

अमृतसर (एजेंसी)। पंजाब इस समय भीषण बाढ़ संकट से जूझ रहा है। खेतों से लेकर शहरों और गांवों तक पानी ने भारी नुकसान पहुंचाया है। हजारों परिवारों को सुरक्षित ठिकानों



युवराज सिंह पूर्व क्रिकेटर | साक्षी साहनी डीसी अमृतसर | हरमनप्रीत कैप्टन, हॉकी टीम

पर जाना पड़ा है, जबकि फसलें और लोगों का रोजगार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हालात से निपटने के लिए प्रशासन और स्थानीय लोग लगातार राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं।

इसी बीच अमृतसर की डिप्टी कमिश्नर आईएएस साक्षी सहनी की कार्यशैली पूरे राज्य में उम्मीद की किरण बनी है। क्रिकेटर युवराज सिंह ने भी सोशल मीडिया पर उनकी सराहना करते हुए लिखा कि पंजाब ने मुश्किल समय का सामना किया है और ऐसे हालात में आईएएस साक्षी सहनी जैसी शख्सियतें हमें हौसला देती हैं।

अमृतसर की पहली महिला डिप्टी कमिश्नर के रूप में उन्होंने बाढ़ के दौरान सबसे आगे रहकर नेतृत्व किया, सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में मौजूद रहीं, लोगों की समस्याएं सुनीं, कार्रवाई की और अपने लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहीं।

# पाकिस्तान करेगा त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला में मेंजबानी

### अफगानिस्तान-श्रीलंका के खिलाफ शेड्यूल जारी किया

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान नवंबर में अपनी पहली टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा जिसमें अफगानिस्तान और श्रीलंका भी हिस्सा लेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद सैयद ने बयान में कहा, 'हम पाकिस्तान की पहली टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में श्रीलंका और अफगानिस्तान की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं।

उन्होंने कहा, 'यह प्रतियोगिता ना केवल अगले साल के आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए बेहतरीन मौका देगी बल्कि प्रशंसकों को अलग-अलग जगहों पर रोमांचक क्रिकेट भी देखने को मिलेगा। तीनों टीम एक-दूसरे से दो बार खेलेंगी जिसके बाद शीर्ष दो टीम 29 नवंबर को लाहौर में फाइनल खेलेंगी।

त्रिकोणीय श्रृंखला की शुरुआत 17 नवंबर को रावलपिंडी में होगी जब पाकिस्तान का सामना



अफगानिस्तान से होगा। रावलपिंडी के लाहौर में भी श्रृंखला के मुकाबले होंगे। अफगानिस्तान पहली बार पाकिस्तान में टी20 मैच खेलेगा।

### कार्यक्रम

- **17 नवंबर** - पाकिस्तान बनाम अफगानिस्तान, रावलपिंडी
- **18 नवंबर**- श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान, रावलपिंडी
- **22 नवंबर**- पाकिस्तान बनाम श्रीलंका, लाहौर
- **23 नवंबर**- पाकिस्तान बनाम अफगानिस्तान, लाहौर
- **25 नवंबर**- श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान, लाहौर
- **27 नवंबर**- पाकिस्तान बनाम श्रीलंका, लाहौर
- **29 नवंबर**- फाइनल, लाहौर।

### इंग्लैंड ने तोड़ा भारत का विश्व रिकॉर्ड

# साउथ अफ्रीका के खिलाफ दर्ज की वनडे में सबसे बड़ी जीत

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका पर 342 रनों की जीत के साथ वनडे इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया। इस ऐतिहासिक जीत ने रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत के पिछले विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। जो भारत के नाम श्रीलंका पर 317 रनों की जीत का था।

इंग्लैंड ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में 5 विकेट पर 414 रन का विशाल स्कोर बनाया। इस पारी में अनुभवी जो रूट ने अपना 19वां वनडे शतक और उभरते हुए खिलाड़ी जैकब बेथेल ने वनडे क्रिकेट में अपना पहला शतक लगाया। दोनों के शतकों ने इस बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। रूट और बेथेल ने तीसरे विकेट के लिए 182 रनों की शानदार साझेदारी की। जिसके बाद जोस बटलर ने 32 गेंदों में 62 रनों की तेज पारी खेलकर स्कोर को और मजबूत



किया जिससे इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका के सामने 415 रनों का विशाल लक्ष्य रखा।

जवाब में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा गया और शुरुआती पावरप्ले में ही छह विकेट गंवा दिए। जोफ्रा आर्चर ने धमाकेदार शुरुआत की और लगातार मेडन ओवरों में एडेन मार्करम और रयान रिकेल्टन के विकेट चटकाए। उन्हें ब्रायडन कार्स का भी अच्छा साथ मिला। दक्षिण अफ्रीकी की स्थिति और भी खराब हो गई क्योंकि वे अपने कप्तान टेम्बा बावुमा के बिना खेल रहे थे जिन्हें पहली पारी के दौरान चोट लग गई थी। फिर लेग स्पिनर आदिल राशिद ने तीन विकेट लेकर निचले क्रम के बल्लेबाजो को आउट कर इंग्लैंड की शानदार जीत सुनिश्चित की।

गौर है कि हैरी ब्रूक की टीम पहले दो मैच हारकर तीन मैचों की सीरीज पहले ही गंवा चुकी थी। लेकिन इस जीत ने उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ाया होगा। यह नतीजा दक्षिण अफ्रीका की वनडे इतिहास की सबसे बड़ी हार के तौर पर भी देखा जाएगा।

# एम्स पटना आई बैंक के 40 वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े का हुआ समापन

## समारोह में नेत्रदाता परिवार को किया गया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। एम्स के आई बैंक द्वारा 25 अगस्त से चलने वाले 40 वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े का सोमवार को किया गया समापन। इस अवसर पर कई प्रभावशाली गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य नेत्रदान के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और उन लोगों को प्रेरित करना था जो दाता कॉर्निया की प्रतीक्षा में हैं, ताकि वे नेत्र ज्योति प्राप्त कर सकें। आईपीडी फोयर क्षेत्र में पोस्टर प्रदर्शनी समारोह की शुरूआत प्रो. (डॉ.) अमित राज, प्रभारी, आई बैंक एवं प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष, नेत्र रोग विभाग द्वारा स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने सभी गणमान्य अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कॉर्नियल अंधत्व समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जन-जागरूकता, शिक्षा और स्वैच्छिक नेत्रदान की महत्ता को रेखांकित किया और पूरे क्षेत्र को इस



मानवीय प्रयास में एकजुट होने का आह्वान किया।

### समापन समारोह की मुख्य झलकियां

नेत्रदान से जुड़े मिथकों को तोड़ने और दूसरों को प्रेरणा देने के लिए नेत्रदाता परिवारों को सम्मानित किया गया।जिन वाड्र्स/आईसीयू में कॉर्निया पुनर्प्राप्ति की गई, वहां के नर्सिंग ऑफिसर्स को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।आई बैंक के काउंसलरों को उनके समर्पित परामर्श और मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।रचनात्मक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पटना के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया और नेत्रदान के महत्व को अपनी कला के माध्यम से प्रस्तुत किया।इस अवसर पर, प्रो. (डॉ.) सौरभ वर्शनेय, कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ, एम्स पटना ने आई बैंक टीम और इस पुनीत कार्य से जुड़े सभी लोगों के योगदान की सराहना की। उन्होंने समाज में दान और करुणा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के जागरूकता अभियानों की महत्ता को रेखांकित किया।पोस्टर मेकिंग/स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के छात्रों के बीच किया गया, जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स हाई स्कूल और मानव भारती इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार, विभागाध्यक्ष, ट्रॉमा सर्जरी के नेतृत्व में नर्सिंग टीम द्वारा प्रस्तुत भावनात्मक नाटक में नेत्रदान की यात्रा और इसके प्राप्तकताओं के जीवन में आने वाले बदलाव को दशार्या गया। इसके पश्चात एक प्रेरणादायक वीडियो प्रदर्शित किया गया, जिसमें नेत्रदान की बढ़ती आवश्यकता को उजागर किया गया। विशेष अतिथि वक्ताओं में प्रो. (डॉ.) उमेश कुमार भदानी (विभागाध्यक्ष, एनेस्थीसिया), प्रो. (डॉ.) संजय पांडे (प्रभारी डीन, अकादमिक व अनुसंधान), प्रो. (डॉ.) त्रिभुवन कुमार (प्रभारी डीन, परीक्षा) तथा प्रो. (डॉ.) अमित पाटिल (प्रभारी डीन, छात्र कार्य) शामिल रहे। उन्होंने अपने भाषणों में छात्रों की सामाजिक बदलाव में भूमिका को रेखांकित किया और ऐसे सामाजिक रूप से उपयोगी कार्यक्रमों को शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने इस पहल को कॉर्नियल प्रत्यारोपण सेवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और जन-जागरूकता के निरंतर प्रयासों तथा सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया।इस अवसर पर श्री नीलोत्पल बल, डिप्टी डायरेक्टर (प्रशासन) ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई।समापन समारोह का संचालन और समन्वय डॉ. दिव्या केसारवानी, एसोसिएट प्रोफेसर, नेत्र रोग विभाग द्वारा सौम्यता और प्रेरणा के साथ किया गया, जिनके समर्पित नेतृत्व ने पूरे आयोजन को प्रभावशाली रूप से सफल बनाया।समारोह का समापन सभी उपस्थित लोगों द्वारा नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाने और इस पुनीत कार्य में सहयोग करने की सामूहिक शपथ के साथ हुआ।

# विधानसभा एनडीए संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे घटक दलों के वरिष्ठ नेता, कहा - हमारी जीत तय

## राष्ट्रहित और जनसेवा एनडीए की पहचानः दिलीप

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार एनडीए द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में सोमवार को आयोजित संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी पांचों घटक दलों के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सभी नेताओं ने कार्यकताओं में जोश और जुनून को देखते हुए एक स्वर में कहा कि हमारी जीत तय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का विधानसभा संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन आज सहरसा, लालगंज, मखदुमपुर, पीरपैंती, बेनीपट्टी सहित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित किया गया। एनडीए विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने सहरसा में कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाया, तो लालगंज में कृष्ण कुमार मन्टू और प्रेम रंजन पटेल, मखदुमपुर में उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा और अमरेंद्र प्रताप सिंह, पीरपैंती में इंजीनियर शैलेन्द्र और श्रेयसी सिंह, बेनीपट्टी में मंत्री मंगल पांडेय और रामकृपाल यादव तथा बायसी में मंत्री रेणु देवी और शाहनवाज हुसैन ने कार्यकताओं में जोश भरा। इसके अलावा तारकिशोर प्रसाद और मंत्री जनक राम बेलसंड में, पूर्व मंत्री अश्विनी चौबे और हरिभूषण ठाकुर शेरघाटी में, मिथिलेश तिवारी और प्रमोद चंद्रवंशी मनिहारी में तथा केदार गुप्ता और बलराम मंडल हसनपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिया।

सहरसा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की एकजुटता और अटूट विश्वास स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि आने वाले चुनाव में एनडीए सरकार भारी बहुमत के साथ पुनः सत्ता में आने वाली है। उन्होंने कहा कि एनडीए का लक्ष्य सभी युवकों को रोजगार और नौकरी देना है। इसके लिए न केवल बिहार में विभागों के रिक्त पदों को भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तो समारोह आयोजित कर नियुक्ति पत्र बांटे जा रहे हैं। लगातार स्वरोजगार के लिए योजनाएं लाई जा रही हैं।

हाल ही में महिलाओं को 10 हजार रुपये देने की घोषणा की गई है, जिस पर काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित और जनसेवा हमारी पहचान है। इधर, मखदुमपुर में उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि बिहार को अब लालटेन नहीं, बिजली और उद्योग चाहिए। न्याय के साथ विकास की गाड़ी तेजी से आगे बढ़ रही है।

# आयुक्त की अध्यक्षता में पटना हवाई अड्डा पर्यावरण प्रबंधन समिति की हुई बैठक



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। आयुक्त ने विमानपत्तन पर्यावरण प्रबंधन समिति, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने जयप्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर सर्वोत्तम नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता तथा उच्चतम सुरक्षात्मक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया है। वे आज पटना एयरपोर्ट के सभाकक्ष में विमानपत्तन पर्यावरण प्रबंधन समिति (एइएमसी) की बैठक में अध्यक्षीय संबोधन कर रहे थे। आयुक्त ने कहा कि सुरक्षित एयर ट्रैफिक सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने इसके लिए संबंधित विभागों सहित सभी भागीदारों (स्टेकहोल्डर्स) के बीच सार्थक समन्वय एवं सुदृढ़ संवाद की आवश्यकता पर बल दिया।

एयरपोर्ट सार्वजनिक सुविधा का अत्यंत महत्वपूर्ण केन्द्र है तथा प्रशासन के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके लिए पर्यावरणीय प्रबंधन एवं सतत विकास के मूलभूत सिद्धांतों को ध्यान में रखना पड़ेगा। पर्यावरण प्रबंधन के वैश्विक मानकों के अनुसार एयरपोर्ट का संचालन आवश्यक है। विमानन सुरक्षा नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा सभी हवाई अड्डों के सुरक्षित संचालन के लिए मानक निर्धारित किया गया है। इसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

1. आयुक्त ने नगर कार्यपालक पदाधिकारियों को एयरपोर्ट इलाके में सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से कूड़े का समुचित निस्तारण करने का निदेश दिया। उन्होंने नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 के नियम 91 के प्रावधान के अनुसार हवाई अड्डा के निर्धारित त्रिज्या 10 किलोमीटर क्षेत्र में एसओपी के अनुसार दुकानों का संचालन कराने तथा कूड़े का समुचित निस्तारण करने एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया ताकि बर्ड-हीट की घटना पर नियंत्रण पाया जा सके। कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् फुलवारीशरीफ द्वारा आयुक्त के संज्ञान में लाया गया कि फुलवारीशरीफ से माँस-मछली की दुकानों को हटा दिया गया है। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाकर खुले में पाए गए मछली बिक्रेताओं को वहाँ से दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया गया है। साथ ही हटाए गए स्थल पर वायर फेंसिंग भी कर दी गई है एवं इसे नो वेंडिंग जोन के तौर पर घोषित किया जा चुका है। आयुक्त डॉ. सिंह द्वारा फुलवारीशरीफ अंचल के नगर कार्यपालक पदाधिकारी को इस व्यवस्था को स्थायी रूप देने का निदेश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी, नूतन राजधानी अंचल द्वारा आयुक्त के संज्ञान में लाया गया कि गर्दनीबाग गार्बेज ट्रांस्फर स्टेशन में कूड़ा जमा करना बंद कर दिया जाएगा। यारपुर में गार्बेज ट्रांस्फर स्टेशन का निर्माण हो रहा है। आयुक्त द्वारा यारपुर में गार्बेज ट्रांस्फर स्टेशन के निर्माण कार्य में विलंब पर खेद व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि 16 जून की बैठक में ही नगर निगम द्वारा 15 अगस्त से पहले यारपुर गार्बेज ट्रांस्फर स्टेशन को क्रियाशील करने की बात कही गई थी परन्तु यह पूरा नहीं किया गया। आयुक्त द्वारा इस पर अप्रसन्नता जताते हुए यारपुर में गार्बेज ट्रांस्फर स्टेशन को 31 अक्टूबर तक तैयार कर क्रियाशील करने का निदेश दिया गया। आयुक्त ने कहा कि खुले में मांस-मछली की दुकानों पर लगातार नजर रखें। प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत दंडात्मक एवं कानूनी कार्रवाई करें। पशु क्रूरता अधिनियम, प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम तथा अन्य प्रासंगिक अधिनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खुले में मांस एवं मछली की गतिविधि न केवल सुरक्षित एयरक्राफ्ट ऑपरेशन के लिए खतरा है बल्कि यह लोक-स्वास्थ्य के प्रति भी प्रत्यक्ष चुनौती है। उन्होंने कहा कि विमानों एवं यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि पटना एयरपोर्ट के आस-पास के क्षेत्रों में पक्षियों के आकर्षण के स्रोत को कम किया जाए। उन्होंने कहा कि पक्षियों के अधिकतम जमावड़े वाले स्थान को हटाना जीवन-सुरक्षा के लिए आवश्यक है। निदेशक, नागर विमानन विभाग, पटना हवाई अड्डा द्वारा आयुक्त के संज्ञान में लाया गया कि जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से अनेक दुकानों को हटाया गया है। कई स्थानों पर से अतिक्रमण हटाया गया है। नूतन राजधानी अंचल, दानापुर एवं फुलवारीशरीफ नगर परिषद द्वारा नियमित तौर पर अभियान चलाया जा रहा है, खुले में मांस एवं मछली की दुकानों को नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई की जाती है तथा कूड़ा निस्तारण किया जा रहा है। आयुक्त ने नगर कार्यपालक पदाधिकारियों के टीम को सक्रिय एवं तत्पर रहने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। इसके लिए पदाधिकारीगण हर संभव प्रयास करें। पक्षियों के आकर्षण स्त्रोतों यथा दुकानों एवं कूड़ों का मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार क्रमशः संचालन एवं निस्तारण सुनिश्चित करें।

2. निदेशक, नागर विमानन विभाग, पटना हवाई अड्डा ने बताया कि फ्लाईट सुरक्षा हेतु नियमित अंतरालों पर पेड़ों की छंटाई किया जाना आवश्यक है।इसके लिए संजय गाँधी जैविक उद्यान के निदेशक के साथ नियमित तौर पर समन्वय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाती है। एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा 105 पेड़ों को छँटाई हेतु चिन्हित किया गया था जिसमें से वन विभाग द्वारा 31 पेड़ों की छँटाई की जा चुकी है। आयुक्त डॉ. सिंह द्वारा अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर समयबद्ध ढंग से नियमानुसार पेड़ों की छँटाई करने का निदेश दिया गया। आयुक्त ने वन विभाग के पदाधिकारी को एयरक्राफ्ट एक्ट, 1934 के प्रावधानों के तहत अब्सटैकल लिमिटेशन सर्वे के अनुसार बाधाओं को हटाने एवं पेड़ों की छंटाई करने का निर्देश दिया।

3. आयुक्त ने सक्षम प्राधिकार से विधिवत अनुमोदन प्राप्त कर कैट-। लाईट के अधिष्ठापन, डॉप्लर वेरी हाई फ्रिक्वेंसी ओम्नि डायरेक्शनल रेंज (डीवीओआर) के कमिशनिंग कार्य में सुगमता एवं ऑप्टिकल लैंडिंग सिस्टम (ओएलएस) सर्वे के अनुसार पेड़ों की छंटाई हेतु कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।4. आयुक्त द्वारा अपर नगर आयुक्त को फुलवारीशरीफ के पास रेलवे लाईन के दक्षिण तरफ नाला निर्माण हेतु विभाग को प्रस्ताव भेजने का निदेश दिया गया। रेलवे के अधिकारियों से भी समन्वय रखने का निदेश दिया गया। नाला निर्माण हेतु रेलवे द्वारा भी सहमति व्यक्त की गई है। नगर कार्यपालक पदाधिकारी को इस क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने का निदेश दिया गया। 6. आयुक्त डॉ. सिंह ने कहा कि पथ निर्माण विभाग, पटना नगर निगम, वन एवं पर्यावरण विभाग, नगर विकास विभाग, पटना पुलिस, यातायात, जैविक उद्यान, विद्युत विभाग सहित सभी विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए पटना हवाई अड्डा पर सुरक्षित एयर ट्रैफिक हेतु अपेक्षित कार्यों का ससमय सम्पादन करें।

# बिहटा में सक्रिय अवैध खनन और रंगदारी गिरोह पर कसा पुलिस का शिकंजा

## छह अपराधी गिरफ्तार, हथियारों का जखीरा भी बरामद

प्रातः किरण संवाददाता



बिहटा। पटना पुलिस ने बिहटा थाना क्षेत्र के अमनाबाद सोन तटीय इलाके में अवैध बालू खनन और रंगदारी वसूली में सक्रिय गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. रविवार देर शाम की गई छापेमारी में पुलिस ने छह अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया. पकड़े गए अपराधियों के पास से एक सेमी ऑटोमैटिक राइफल, एक देशी पिस्टल, 49 जिंदा कारतूस और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं. गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान छोटू कुमार, बिटेश्वर कुमार, सत्याम कुमार, आकाश कुमार, रोहित कुमार और विकास कुमार के रूप में हुई है. सभी आरोपी भोजपुर जिले के कृष्णगढ़ सरैया और कोइलवर थाना क्षेत्र के रूप में की गई है. पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि अमनाबाद इलाके में अवैध खनन और रंगदारी की सूचना लगातार मिल रही थी. वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई. सादे लिबास में पुलिसकर्मी नाव से सोन नदी पार पहुंचे तो अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग का प्रयास किया. जवाब में पुलिस ने हवाई फायरिंग की और सरेंडर करने की चेतावनी दी. इसके बाद अपराधियों ने हथियार डाल दिए और उन्हें दबोच लिया गया. जानकारी के मुताबिक यह गिरोह कुख्यात अनीश कुमार गैंग से जुड़ा हुआ है. अनीश फिलहाल फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है. यह गैंग लंबे समय से सोन नदी के घाटों पर अवैध खनन और नाव से रंगदारी वसूली करता रहा है.

गौरतलब है कि बीते 24 अगस्त को भी अमनाबाद इलाके में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में एके-47 सहित भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद हुआ था और चार अपराधी पकड़े गए थे. लगातार हो रही इन कार्रवाइयों को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है. अधिकारियों का कहना है कि सोन तटीय इलाके में सक्रिय अवैध खनन और अपराध के नेटवर्क का पूरी तरह सफाया किया जाएगा.

# जिलाधिकारी ने की लोक शिकायत निवारण एवं आरटीपीएस की समीक्षा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम द्वारा लोक शिकायत निवारण एवं आरटीपीएस से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी। सभी लोक प्राधिकारों एवं अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त परिवादों का निर्धारित समयावधि में निष्पादन तथा पारित आदेशों का अक्षरशः क्रियान्वयन अनिवार्य है। साथ ही बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम (आरटीपीएस) के अंतर्गत तय समय-सीमा के अंदर नागरिकों को सेवा प्रदान करना आवश्यक है। इन मानकों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित पदाधिकारी इसका हर हाल में पालन सुनिश्चित करेंगे।




बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त परिवादों के सिर्फ निष्पादन से काम नहीं चलेगा। शिकायतों का निवारण अपरिहार्य है तथा जनता की संतुष्टि अनिवार्य है। पदाधिकारीगण इसे विशेष रुचि लेकर सुनिश्चित करें।

आरटीपीएस के मामलों में जिन-जिन अंचलों/प्रखंडों में शिथिलता बरती जा रही है वहाँ संबंधित अपीलीय प्राधिकार अनुमंडल पदाधिकारी समीक्षा करते हुए मामलों की स्वतः सुनवाई करेंगे तथा लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार दंड अध्यारोपित करेंगे। यही नियम लोक शिकायत निवारण के मामलों में भी लागू होगा।

समीक्षा में पाया गया कि जिला में लोक शिकायत निवारण में विगत एक सप्ताह में 314 मामलों को निष्पादित किया गया है जबकि 184 परिवाद प्राप्त हुआ था। कोई भी आवेदन एक्सपायर्ड नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा इस पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि प्राप्त परिवादों की तुलना में आवेदनों का निष्पादन तेजी से किया जा रहा है। सभी आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय अवधि के अंदर किया जा रहा है। 60 (साठ) कार्य दिवस से अधिक एक भी मामले लंबित नहीं है। इसके लिए पदाधिकारीगण प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि हमेशा यह सुनिश्चित करें कि एक भी आवेदन एक्सपायर्ड न हो। सभी आवेदनों का निष्पादन समय-सीमा के अंदर करें। समीक्षा में पाया गया कि विगत 30 कार्य दिवस से अधिक निष्पादन हेतु प्रक्रियाधीन मामलों की संख्या 479 है तथा विगत 45 कार्य दिवस से अधिक निष्पादन हेतु प्रक्रियाधीन मामलों की संख्या 405 है। 60 (साठ) कार्य दिवस से अधिक एक भी मामले लंबित नहीं है। समय-सीमा के अंदर निष्पादन हेतु प्रक्रियाधीन परिवादों की कुल संख्या 2,774 है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को इन सभी मामलों को निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादन करने का निदेश दिया।

लोक शिकायत निवारण के अपीलीय मामलों की समीक्षा में पाया गया कि प्रथम अपील के लिए दायर 11,295 मामलों में 11,005 मामलों को निष्पादित कर दिया गया है। शेष का निष्पादन भी निर्धारित समय-सीमा के अंदर किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को इसे सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। 60 कार्य दिवस से कम 290 मामले निष्पादन हेतु प्रक्रियाधीन है।




मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9334542496